सूर्योदय : 6:57
सूर्यास्त : 5:31
अधिकतम तापमान : 18
न्यूनतम : 6.5

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-202 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 11 जनवरी 2026
21 रजब 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



# सोमनाथ आकर धन्य हो गया : मोदी

■ पीएम का सीएम पटेल ने किया स्वागत, मंदिर के उत्सव समेत कई कार्यक्रमों में लेंगे भाग





**वेरावल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को अपने तीन-दिवसीय गुजरात दौरे के तहत सोमनाथ पहुंचे और इस दौरान वह यहां सोमनाथ स्वाभिमान पर्व एवं राजकोट में 'वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन' सहित कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे। राज्य सरकार द्वारा जारी बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी का गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने गिर सोमनाथ जिले के वेरावल कस्बे के निकट स्थित प्रसिद्ध सोमनाथ महादेव मंदिर के पास हेलीपैड पर गर्मजोशी से स्वागत किया।

पीएम मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सोमनाथ में आकर धन्य महसूस कर रहा हूं, जो हमारी सभ्यतागत साहस का गौरवशाली प्रतीक है। यह यात्रा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के दौरान हो रही है।'' उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर पर 1026 में आक्रमणकारियों ने हमला किया था और इस साल हमले के एक हजार वर्ष पूरे हुए हैं।

हेलीपैड से मोदी अपने काफिले के साथ मंदिर के पास स्थित वीवीआईपी सर्किट हाउस पहुंचे। सड़क के दोनों तरफ बड़ी संख्या में स्थानीय और बाहरी श्रद्धालु मोदी का स्वागत करने के लिए एकत्र हुए थे। मोदी सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत सोमनाथ मंदिर में 'कार मंत्र' के जाप में भाग लेंगे। ये 'स्वाभिमान पर्व' आठ जनवरी को शुरू हुए थे। बयान में कहा गया है, ''बाद में वह मंदिर परिसर में ड्रोन शो देखेंगे। मंदिर से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं को दर्शाने के लिए 3,000 ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी श्री सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में उसकी बैठक की अध्यक्षता करेंगे।'' पीआईबी द्वारा जारी बयान के अनुसार, रविवार को सुबह प्रधानमंत्री शौर्य यात्रा में भाग लेंगे, जो सोमनाथ मंदिर की रक्षा करते हुए प्राणों की आहुति देने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आयोजित एक औपचारिक जुलूस है। शौर्य यात्रा में 108 घोड़ों का प्रतीकात्मक जुलूस निकाला जाएगा, जो वीरता और बलिदान का प्रतीक होगा। इसके बाद, मोदी सुबह 10:15 बजे सोमनाथ मंदिर में पूजा करेंगे और फिर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे। बयान के अनुसार सदियों से इसे नष्ट करने के कई बार प्रयास किए जाने के बावजूद सोमनाथ मंदिर आज आस्था और राष्ट्रीय गौरव के एक शक्तिशाली प्रतीक के रूप में खड़ा है।

### बलिदानियों की याद में मनाया जाता है पर्व

बयान में कहा गया है कि 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' भारत के उन अनगिनत नागरिकों को याद करने के लिए मनाया जा रहा है, जिन्होंने मंदिर की रक्षा के लिए बलिदान दिया है, जो आने वाली पीढ़ियों की सांस्कृतिक चेतना को प्रेरित करता रहेगा। महमूद गजनी ने 1026 ईस्वी में सोमनाथ मंदिर पर हमला किया था, जिसके एक हजार वर्ष पूरे होने की पृष्ठभूमि में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

# समुदाय देश को बांटते नहीं बल्कि मजबूत करते हैं : अमित शाह




**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि बड़े पैमाने पर सामुदायिक समारोह देश को बांटने के बजाय मजबूत करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक आत्मनिर्भर समाज एक आत्मनिर्भर भारत की ओर ले जाता है। जोधपुर में माहेश्वरी ग्लोबल कन्वेंशन एंड एक्सपो को संबोधित करते हुए, शाह ने इस बात पर जोर दिया कि भारत का सामाजिक ताना-बाना और मजबूत सामुदायिक संरचनाएं राष्ट्रीय एकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि अगर हर समुदाय अपने सबसे कमजोर सदस्यों की भलाई व सुरक्षा की जिम्मेदारी लेता है, तो देश समग्र रूप से बेहतर स्थिति में होगा।

उन्होंने कहा, जब भी सामाजिक समारोह या सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, कुछ तथाकथित प्रगतिशील लोग उनमें भाग लेने वालों की आलोचना करते हैं। मैंने व्यक्तिगत रूप से ऐसी कई आलोचनाओं का सामना किया है। मेरा मानना है कि हमारे समुदायों की संरचना और ऐसे बड़े सामुदायिक जमावड़े वास्तव में भारत को मजबूत करते हैं; वे कभी भी देश को विभाजित नहीं करते। यदि प्रत्येक समुदाय अपने सबसे गरीब सदस्यों की सुरक्षा और कल्याण की जिम्मेदारी लेता है, तो पूरे राष्ट्र की देखभाल अपने आप हो जाएगी और यदि प्रत्येक समुदाय आत्मनिर्भर बन जाता है, तो पूरा भारत आत्मनिर्भर बन जाएगा।

माहेशेश्वरी समुदाय की प्रशंसा करते हुए, शाह ने कहा कि इस समुदाय ने ऐसे व्यक्तियों को जन्म दिया है जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्र में योगदान दिया है, जिससे भारत ऐसे व्यक्ति की तरह चमकता है जो रत्नों से सुशोभित हो। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में प्रमुखता के बावजूद, समुदाय अपनी जड़ों से गहराई से जुड़ा हुआ है। गृह मंत्री ने आगे कहा कि स्वतंत्रता के बाद, जब भारत ने औद्योगिक विकास और आत्मनिर्भरता की ओर अपनी यात्रा शुरू की, तो महेश्वरी समुदाय ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि विनिर्माण और उत्पादन से लेकर धन सृजन और प्रौद्योगिकी तक, समुदाय ने लगातार प्रगतिशील सोच का प्रदर्शन किया है।

## अमेरिका ने एक साल बाद भारत में तैनात किया नया एंबेसेडर

**नई दिल्ली।** एक साल से खाली पड़े भारत में अमेरिकी एंबेसेडर के पद को उसका चेहरा मिल गया है। पूर्व राजदूत एरिक गार्सेटी के बाद ट्रंप के करीबी माने जाने वाले सर्जिओ गोर अपनी जिम्मेदारी संभालने के लिए दिल्ली आ गए हैं, वो अगले हफ्ते अपना काम काज संभाल लेंगे। गोर ऐसे वक्त पर ये अहम जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, जब भारत और अमेरिका के संबंध शायद सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप के अप्रत्याशित बयानों और अधर में लटकी ट्रेड डील की वजह से दोनों देशों के संबंध फिलहाल असहजता के दौर से गुजर रहे हैं। एंबेसेडर गोर का ये दूसरा भारत दौरा है, इससे पहले वो अक्टूबर में तब भी भारत आए थे, जब उनकी नियुक्ति को सीनेट से मंजूरी नहीं मिली थी।

## राम मंदिर में नमाज पढ़ने की कोशिश

■ पुलिस ने कश्मीरी अबू अहमद को पकड़ा

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या स्थित राम मंदिर परिसर से एक कश्मीरी को हिरासत में लिया गया है। उसे राम मंदिर के निकास द्वार पर परकोटा के पास नमाज पढ़ने के प्रयास में पकड़ा गया है। विभिन्न सुरक्षा एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही हैं। उसकी कुंडली खंगालने के लिए कश्मीर पुलिस से भी संपर्क साधा गया है।

शनिवार की दोपहर 55 साल के श्रीनगर के सोपिया निवासी अबू अहमद शेख (55) ने राम मंदिर के गेट डी-वन से राम मंदिर में प्रवेश किया। उसने रामलला के दर्शन किए और दर्शन करने के बाद निकास द्वार से बाहर निकलते समय दक्षिणी परकोटे के पास रुक गया। वहां मौजूद श्रद्धालुओं को उसकी गतिविधि संदिग्ध लगी। वह फर्श पर बैठ गया और नमाज पढ़ने की कोशिश करने लगा तो श्रद्धालुओं ने उसे पकड़ लिया। इसी बीच सुरक्षाकर्मी भी सक्रिय हो गए। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पकड़े गए कश्मीरी व्यक्ति की पिटाई करने की कोशिश करने लगे। हंगामे की सूचना पर एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे मौके पर पहुंचे और श्रद्धालुओं को समझा-बुझाकर शांत कराया। पकड़े गए व्यक्ति को पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचाया गया।

### शॉल बेचने वाले दो को पकड़ा

राम मंदिर परिसर में नमाज पढ़ने की कोशिश में कश्मीरी व्यक्ति के पकड़े जाने के बाद पूरी अयोध्या में अलर्ट घोषित कर दिया गया और चेकिंग अभियान शुरू किया गया। इसी दौरान पुलिस ने दो युवकों को पकड़ा, जो कश्मीरी शॉल बेच रहे थे। इनमें से एक जम्मू कश्मीर के पहलगाम का रहने वाला है।

## रेल अधिकारी अब नहीं पहनेंगे अंग्रेजों के जमाने का काला कोट

**नई दिल्ली।** रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे कर्मचारियों और अधिकारियों से औपनिवेशिक सोच को पूरी तरह पीछे छोड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि अंग्रेजों के जमाने का बंद गले का काला सूट अब रेलवे का औपचारिक पोशाक नहीं रहेगा। यह पहनावा अंग्रेजों ने शुरू किया था और अब इसे समाप्त किया जा रहा है।

यह ड्रेस अब तक निरीक्षण, परेड, विशेष अवसरों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में पहनी जाती थी। हालांकि ग्रुप-डी, ट्रैकमैन एवं तकनीकी स्टाफ पर यह लागू नहीं थी। रेलमंत्री 70वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान विशिष्ट कार्यों के लिए रेलवे के सौ अधिकारियों को पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा, औपनिवेशिक मानसिकता को खोज-खोजकर पूरी तरह हटाना होगा।

# बांग्लादेश पर सब चुप, हिंदुओं को बांटना सर्वनाश

■ रामानंदाचार्य के प्रकटोत्सव पर सीएम योगी का बड़ा हमला



**प्रयागराज।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा को लेकर विपक्षी दलों पर इशारों में बड़ा हमला बोला है। प्रयागराज में जगद्गुरु रामानंदाचार्य की 726वीं जयंती (प्रकट उत्सव) समारोह को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि आज हिंदू समाज को जाति, मत और संप्रदाय के नाम पर बांटने की कोशिश हो रही है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यह विभाजन उसी तरह सर्वनाश का कारण बनेगा, जैसा आज बांग्लादेश में देखने को मिल रहा है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बांग्लादेश के अंदर हिंदुओं के साथ जो कुछ हो रहा है, उस पर तथाकथित सेक्युलरिज्म का ठेका लेकर चलने वाले लोग पूरी तरह चुप हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ऐसा लगता है जैसे किसी ने इनके मुंह पर फेविकोल लगा दिया हो या टेप चिपका दिया हो। बांग्लादेश की घटनाओं को लेकर न तो कोई कैंडल मार्च निकाला जा रहा है। न ही कोई आवाज उठाई जा रही है। यह स्थिति हम सभी के लिए एक चेतावनी है।

सीएम योगी ने कहा कि हिंदुओं को तोड़ने और बांटने वाले लोगों को किसी भी हाल में पनपने नहीं देना चाहिए। अगर हम सब एकजुट होकर संकल्प के साथ आगे बढ़ेंगे, तो आने वाला समय सनातन धर्म का होगा। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब पूरी दुनिया में सनातन धर्म का झंडा लहराएगा और तब कोई बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार करने का दुस्साहस नहीं कर पाएगा। मुख्यमंत्री ने संत समाज की एकता की सराहना करते हुए कहा कि जब संत समाज एक मंच पर आकर उद्घोष करता है, तो उसके परिणाम भी सामने आते हैं। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण संतों की साधना और तपस्या का ही परिणाम है।

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने श्रीराम मंदिर जाकर दर्शन किए। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी भाग लिया। मंदिर निर्माण पूर्ण होने के बाद सनातन धर्म की ध्वजा पताका को विश्व पटल पर फहराया गया।

सीएम ने इस अवसर पर प्रयागराज में जगद्गुरु रामानंदाचार्य का स्मारक और मंदिर बनाए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रयागराज वही पावन धरा है, जहां भक्ति शिरोमणि जगद्गुरु रामानंदाचार्य का प्राकट्य हुआ। यह वही भूमि है जहां मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी बहती है और जहां धर्म, न्याय और ज्ञान का संगम है। सीएम योगी ने कहा कि त्रिवेणी में स्नान करने से दैहिक, दैविक और भौतिक तीनों प्रकार के पापों का नाश होता है। रामानंदाचार्य ने दिव्य गुणों को आत्मसात कर महानता प्राप्त की। आज के समय में समाज को उनकी जैसी दिव्य दृष्टि की आवश्यकता है। सामान्य व्यक्ति अपने लिए जीता है, जबकि महामानव संपूर्ण जगत की जागरूकता के लिए कार्य करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रामानंदाचार्य का जन्म उस कालखंड में हुआ था, जब समाज को जाति, धर्म और संप्रदाय के नाम पर बांटा जा रहा था। उन्होंने भक्ति आंदोलन के माध्यम से समाज को एकजुट करने का कार्य किया। कार्यक्रम में रामानंदाचार्य के द्वादश शिष्यों की परंपरा से जुड़े सभी संत एक मंच पर उपस्थित रहे।

सीएम योगी ने कार्यक्रम के मुख्य आयोजक संत जगद्गुरु सतुआ बाबा और उनकी पूरी टीम का अभिनंदन करते हुए सभी संतों और श्रद्धालुओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज की यह पावन भूमि सनातन संस्कृति की आत्मा है।

### विपक्ष पर दंगों को लेकर निशाना

सीएम योगी ने कहा कि जो लोग आज हिंदू समाज को बांटने का काम कर रहे हैं, वे कभी भी समाज के हितैषी नहीं हो सकते। उन्होंने आरोप लगाया कि जब ऐसे लोग सत्ता में थे, तब उन्होंने केवल अपने परिवार का हित देखा। वे सनातन धर्म पर प्रहार और दंगों की आड़ में समाज को झुलसाने का काम करते रहे हैं।

## संगम में लगाई डुबकी, माघ मेले की तैयारियों का लिया जायजा



**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। वहां उन्होंने माघ मेला क्षेत्र का व्यापक भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। करीब सात घंटे के प्रवास की शुरुआत उन्होंने संगम नोज पहुंचकर स्नान और पूजा-अर्चना से की। सीएम योगी धार्मिक, प्रशासनिक और विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शिरकत करने वाले। उनका यह दौरा माघ मेला को मिनी कुंभ की तर्ज पर सुव्यवस्थित और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने की तैयारियों के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

सीएम इसके बाद सुबह 10:35 बजे बड़े हनुमान मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधिवत दर्शन-पूजन किया। मंदिर दर्शन के बाद सीएम संगम नोज पहुंचे। इसके बाद मुख्यमंत्री माघ मेला क्षेत्र स्थित जगद्गुरु संतोष दास सतुआ बाबा के शिविर पहुंचे, जहां उन्होंने साधु-संतों से मुलाकात की।

# एसआईआर में कितने घुसपैठी निकले, सरकार बताए

■ मतदाता सूची में गड़बड़ी हुई तो कराएंगे एफआईआर : अखिलेश



**लखनऊ।** भाजपा सरकार साजिश के तहत पीडीए समाज का वोट काटने और अपना वोट बढ़ाने का निर्देश दे रही है। सरकार ने हर बूथ पर 200 वोट बढ़ाने का निर्देश दिया है। यह चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल है। इसलिए सपा ने अपने सभी बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) को एक एफआईआर का प्रारूप उपलब्ध कराया है। इसमें सिर्फ नाम व पता भरने की जरूरत होगी। जो भी फर्जी और डुप्लीकेट मतदाता बनवाता दिखाई देगा, उसके खिलाफ एफआईआर करायेंगे।

अखिलेश यादव ने शनिवार को प्रदेश सपा मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि अलग-अलग जिलों में भाजपा की विचारधारा वाले अधिकारी भेजे जा रहे हैं। राज्य निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची और केंद्रीय चुनाव आयोग की मतदाता सूची में करोड़ों वोटों का अंतर आ रहा है। जबकि, दोनों मतदाता सूची तैयार करने वाले बीएलओ और अधिकारी एक ही हैं। चुनाव आयोग को बताना चाहिए कि सही सूची कौन सी है। क्या गड़बड़ करने के लिए ही पंचायत की मतदाता सूची फाइनल करने में देरी की जा रही है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि मतदाता सूची को आधार कार्ड से जोड़ा जाना चाहिए और आधार कार्ड मेटल का बनाया जाए, जिसमें फर्जीवाड़ा न हो सके।अखिलेश से पूछा गया कि गलत ढंग से वोट बढ़ाने पर अगर एफआईआर नहीं हुई तो क्या करेंगे, तो उन्होंने जवाब दिया कि एक ट्वीट में उनकी जान निकल जाती है। इसके अलावा कोर्ट का रास्ता भी है। उन्होंने कहा कि फिर सवाल उठ रहा है कि यह मैपिंग एप किसका है। आयोग को कौन तकनीकी मदद दे रहा है। अगर एप उस कंपनी का है, जिसने भाजपा को इलेक्टोरल बांड से चंदा दिया है तो यह बड़ा सवाल खड़ा होता है।

### तीन करोड़ मतदाताओं को नोटिस भाजपा की साजिश

अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में 1.93 करोड़ मतदाताओं की मैपिंग (मिलान) हो जाने के बाद अब उन्हें अब अनमैप कर दिया गया है। यह त्रुटि नहीं है, बल्कि भाजपा के लिए त्रुटि की गई है। भाजपा जानबूझकर गलती कराती है जिससे लोग उलझ जाएं। अब इनको बीएलओ के माध्यम से नोटिस भेजकर जांच की जाएगी। इस तरह से कुल तीन करोड़ मतदाताओं को नोटिस भेजा जा रहा है। पहले बताया गया था कि मैपिंग वाले मतदाताओं को कोई नोटिस नहीं जायेगी।

**समझौता** — राफेल डील के करीब पहुंचे भारत और फ्रांस

# वायुसेना को मिल सकते हैं 114 लड़ाकू विमान



**नई दिल्ली।** भारत और फ्रांस के बीच लड़ाकू विमानों को लेकर एक बड़ी डिफेंस डील होने वाली है। भारतीय वायुसेना में लड़ाकू विमानों की कमी को पूरा करने के लिए जल्द ही राफेल फाइटर जेट खरीदे जा सकते हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के अगले महीने भारत दौरे से पहले इस डिफेंस डील को मजबूती मिलने के आसार हैं।

भारतीय वायुसेना ने पहले ही सरकार-से-सरकार (जी2जी) समझौते के तहत बड़ी संख्या में राफेल लड़ाकू विमान खरीदने का प्रस्ताव आगे बढ़ाया है। इस डील में खास बात यह है कि इन विमानों का निर्माण भारत में किया जाएगा। हालांकि, खरीदे जाने वाले विमानों की अंतिम संख्या पर अभी बातचीत चल रही है, लेकिन भारतीय वायु सेना को कम से कम 114 आधुनिक लड़ाकू विमानों की जरूरत है।

सूत्रों के मुताबिक, राफेल विमानों की इस खरीद के लिए रक्षा अधिग्रहण परिषद से औपचारिक मंजूरी लेनी होगी। इसके बाद कीमतों पर बातचीत होगी और कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी से अंतिम मंजूरी मिलेगी। इसके साथ ही साथ ही, वार्षिक बजट में पर्याप्त प्रावधान भी करना होगा।

राफेल विमानों का भारत में निर्माण होने से देश के औद्योगिक क्षेत्र को महत्वपूर्ण तकनीकें मिलेंगी। पिछले साल जून में, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने फ्रांस की डसॉल्ट एविएशन के साथ भारत में राफेल लड़ाकू विमानों के फ्यूजलेज (विमान का मुख्य ढांचा) बनाने के लिए समझौते किए थे। वहीं टीएएसएल हैदराबाद में एक विशेष निर्माण सुविधा स्थापित कर रही है। यहां भारतीय जरूरतों के साथ-साथ डसॉल्ट को मिलने वाले वैश्विक ऑर्डरों के लिए फ्यूजलेज के चार मुख्य हिस्से बनाए जाएंगे। इस सुविधा से वित्तीय वर्ष 2028 तक पहले विमानों का निर्माण शुरू होने की उम्मीद है और यह सालाना 24 फ्यूजलेज बनाने की क्षमता रखेगी।

### अरबों यूरो में हो सकती है डील

पिछले साल, भारत ने विमानों के नौसेना के लिए 24 विमानों के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। जिससे अब वायुसेना के लिए होने वाली इस बड़ी डील के लिए एक तय कीमत पहले से मौजूद है, जो 10 अरब यूरो में हो सकती है।

## केसी त्यागी की जेडीयू से छुट्टी, नीतीश कुमार के लिए मांगा था भारत रत्न

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी को सीएम नीतीश कुमार के लिए भारत रत्न की मांग करना भारी पड़ गया है। केसी त्यागी के बयान से जेडीयू ने किनारा कर लिया है। जेडीयू नेता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि केसी त्यागी का पार्टी की गतिविधियों से बिल्कुल कोई संबंध नहीं है। उनका बयान व्यक्तिगत रूप से दिया गया है। पार्टी का उससे कोई संबंध नहीं है। वो पार्टी में हैं या नहीं, ये भी आम कार्यकर्ताओं को पता नहीं है।

केसी त्यागी ने बीते दिन नीतीश कुमार के लिए भारत रत्न की मांग करते हुए पीएम मोदी को चिट्ठी लिखी थी। इस पत्र में त्यागी ने मुख्यमंत्री नीतीश को उनके लंबे राजनैतिक करियर और समाज सेवा के लिए देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजने की सिफारिश की थी। हालांकि, पार्टी ने केसी त्यागी के बयान से पूरी तरह किनारा करते हुए इसे त्यागी का मनमाना कदम बताया है।

# जहां चुनाव होते हैं, वहीं पहुंच जाती है ईडी

■ विपक्ष को डराने का हथियार बनी एजेंसी : सिब्बल



**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने सरकार पर आरोप लगाया है कि वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का इस्तेमाल चुनावी लाभ के लिए करती है और जिन राज्यों में चुनाव तय होते हैं ईडी की टीम वहीं पहुंचकर विपक्षी दलों को परेशान करने लगती है। कपिल सिब्बल ने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में सरकार के इस रवैये को संघीय ढांचे पर हमला बताया और कहा कि गुरूवार को भी ईडी ने इसी तरह का काम किया है।

उन्होंने ईडी टीम की ओर से पश्चिम बंगाल तृणमूल कांग्रेस के लिए परामर्शदाता के रूप में काम करने वाली कंपनी आई-पैक के ठिकानों पर पड़े छापों का जिक्र किया और कहा कि ईडी के छापे उसी राज्य में पड़ने शुरु होते हैं जहां निकट भविष्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। उनका कहना था कि पिछले 11 साल से वह यही देख रहे हैं कि ईडी उस राज्य में पहले पहुंच जाती है जहां चुनाव होने हैं। ईडी ने पिछले दिनों इसी तरह का काम झारखंड और बिहार में भी किया और अब पश्चिम बंगाल में भी कर रही है।

उन्होंने कहा सुबह जब मैं अखबार पढ़ रहा था तो मुझे 2004 से 2014 तक संप्रग सरकार के कार्यकाल की याद आ गई। जिस तरह की खबरें शनिवार के अखबारों में चल रही हैं, हमने उन 10 वर्षों के दौरान ऐसा नहीं देखा। इसकी वजह थी कि संप्रग सरकार ने ईडी को विपक्षी दलों के नेताओं को परेशान करने की इतनी खुली छूट नहीं दी थी। संप्रग सरकार में हमने झूठी सूचना के आधार पर किसी भी राजनीतिक दल या नेता पर मुकदमा नहीं चलाया लेकिन अब हो यह रहा है कि जहां प्राथमिकी दर्ज होती तो वहां ईडी पहुंच जाती है और ईडी उसी राज्य में पहुंचती है जहां चुनाव होने हैं।

### केंद्र सरकार ने डलवाए छापे

कपिल सिब्बल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में चुनाव होने हैं और चुनाव के दौरान भाजपा सरकार को अचानक याद आया कि दस्तावेज़ चाहिए। अब तक दस्तावेजों को हासिल करने की जरूरत नहीं समझी थी, लेकिन अब चुनाव हैं तो इसकी जरूरत महसूस होने लगी है इसीलिए ईडी के छापे डलवा दिए। इससे जाहिर है कि उनका रवैया, सोच और उनके इरादे स्पष्ट हैं।

अवधनामा



# लखीमपुर-खीरी में योजनाएं सिर्फ कागज़ों में नहीं

अवधनामा संवाददाता

**■ डीएम बोलीं योगी सरकार की प्राथमिकता ही लखीमपुर खीरी जिला प्रशासन का विजन**

**लखीमपुर खीरी।** जिले ने फिर साबित कर दिया कि काम करने का अंदाज़ अलग हो तो परिणाम भी शानदार आते हैं। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की दिसंबर माह की रैंकिंग में उत्तर प्रदेश में दूसरा स्थान और आईजीआरएस में सितंबर से लगातार चार महीने लखनऊ मंडल में पहला स्थान हासिल कर जिला प्रशासन ने अपने कामकाज की धार दिखा दी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में यह साफ हो गया है कि यहां योजनाएं सिर्फ कागज़ों में नहीं, जमीनी हकीकत में बदलती हैं और शिकायतें भी फाइलों में नहीं, बल्कि तुरंत समाधान बनकर जनता तक पहुंचती हैं। यानि, काम का असर दिखता है और सेवा समय पर हाथ लगती है सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग के आंकड़ों के अनुसार जिले ने आधारभूत विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकारी परियोजनाओं के क्रियान्वयन में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजस्व विभाग ने भी बेहतर प्रदर्शन कर राज्यभर में दूसरा स्थान प्राप्त कर मिसाल कायम की है वही आईजीआरएस रैंकिंग में चार महीने की लगातार हैट्रिक ने दिखा दिया कि खीरी प्रशासनिक कार्यकुशलता का परचम फहराने वाला जिला है। आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का समयबद्ध और संतोषजनक निस्तारण, जनसुनवाई और ऑनलाइन फीडबैक की कड़ी निगरानी ने खीरी को लखनऊ मंडल में अव्वल बना दिया डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि वर्ष 2025 के अंत में दिसंबर माह में सीएम डैशबोर्ड और आईजीआरएस की रैंकिंग में जनपद लखीमपुर खीरी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। मा.मुख्यमंत्री जी के विजन के अनुरूप योजनाओं और विकास कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाया, वर्ष 2026 में भी यह क्रम अनवरत जारी रहेगा डीएम ने कहा कि जनता की शिकायतों का प्रभावी और संवेदनशील निस्तारण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह उपलब्धि जिले की पूरी प्रशासनिक टीम की सामूहिक मेहनत और जनता के भरोसे का परिणाम है। हमने यह साबित किया है कि जब टीमवर्क और ईमानदारी साथ हो, तो हर लक्ष्य संभव है। कहा कि सीडीओ, दोनों एडीएम, सभी एसडीएम और जिला स्तरीय अधिकारियों के बीच निरंतर समन्वय बैठकों, विभागवार समीक्षा और डैशबोर्ड मॉनीटरिंग ने सफलता की मजबूत नींव रखी है। प्रत्येक विभाग को शून्य लंबित शिकायत का लक्ष्य सौंपा गया था, जिस पर लगातार फॉलोअप ने अद्भुत परिणाम दिए हैं।

# बेला कलां क्षेत्र में बाघ का आतंक लगातार जारी

अवधनामा संवाददाता

**■ 60 वर्षीय मजदूर पर बाघ ने किया हमला**



**लखीमपुर खीरी।** दुधवा टाइगर रिजर्व के मझगई वन रेंज के अंतर्गत आने वाले बेला कलां क्षेत्र में बाघ का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को गन्ना छीलने गए 60 वर्षीय मजदूर पर बाघ ने हमला कर दिया। किसानों के साहस और शोर-शराबे के कारण बाघ मजदूर को छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला। घायल मजदूर को गंभीर अवस्था में पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है बेलाकलां निवासी वाजिद अली (60 वर्ष) गांव के ही अरुण सिंह के खेत में मजदूरी पर गन्ना छीलने गए थे। दोपहर के समय जब वह काम कर रहे थे कि तभी झाड़ियों से निकलकर आए बाघ ने अचानक उन पर हमला बोल दिया। बाघ ने वाजिद की पीठ और हाथ पर अपने पंजों से गहरे घाव कर दिए। चीख-पुकार सुनकर पास के खेतों में काम कर रहे अन्य मजदूर और किसान हाथों में गन्ना लेकर बाघ की ओर दौड़े और शोर मचाया। इस पर बाघ वाजिद को छोड़कर गन्ने के खेत में ओझल हो गया किसानों ने घायल के परिजनों को सूचना दी। ग्रामीणों की मदद से घायल वाजिद अली को पलिया सीएचसी ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत फैली हुई है। किसान खेतों पर जाने से कतरा रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि बाघ को जल्द से जल्द पकड़ कर आबादी वाले क्षेत्र से दूर भेजा जाए ताकि लोग सुरक्षित होकर खेतीबाड़ी कर सकें।

# प्रधानमंत्री मोदी को लिखे एक पत्र से झलकी नए भारत की तस्वीर

अवधनामा संवाददाता


प्रधानमंत्री
Prime Minister

**लखीमपुर-खीरी।** रसोई में गैस सिलेंडर खत्म हो जाना कभी पूरे दिन की परेशानी बन जाया करता था, लेकिन आज वही स्थिति कुछ ही मिनटों में सुलझ जाती है। ऐसा ही एक भावनात्मक अनुभव एक उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी की साधारण गृहिणी अरुणा श्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे अपने पत्र में साझा किया है, जो बदलते भारत की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत करता है लगभग 42 वर्षीय अरुणा श्री, जिनका विवाह वर्ष 2004 में हुआ, एक सामान्य परिवार से आती हैं। अपने पत्र में उन्होंने 2014 से पहले के समय को याद करते हुए लिखा कि उस दौर में एलपीजी गैस कनेक्शन मिलना आसान नहीं था। वर्षों इंतजार, सिफारिशें, गैस बुकिंग के लिए लंबी कतारें और भरा सिलेंडर पाने के लिए एजेंसी के चक्कर आम बात थी। कई बार मजबूरी में ब्लैक में गैस खरीदनी पड़ती थी, जिससे आर्थिक बोझ और मानसिक तनाव दोनों बढ़ जाते थे उन्होंने हाल की एक छोटी-सी लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण घटना का उल्लेख किया। एक दिन भोजन बनाते समय अचानक गैस खत्म हो गई। पहले ऐसे हालात में पूरा काम ठप हो जाता, लेकिन अब उनके पति के एक फोन पर मात्र 15 मिनट के भीतर भरा हुआ सिलेंडर घर पहुँच गया और भोजन समय पर तैयार हो सका। अरुणा जी के अनुसार, यह भले ही छोटी घटना लगे, लेकिन इसमें आज और 2004 के भारत के बीच का बड़ा अंतर साफ दिखाई देता है।अपने पत्र में उन्होंने उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन, मोबाइल से बुकिंग, घर पर सिलेंडर डिलीवरी और सब्सिडी के सीधे बैंक खाते में आने जैसी व्यवस्थाओं के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने लिखा कि इन छोटे-छोटे सुधारों ने आम महिलाओं के जीवन को कहीं अधिक सुरक्षित, सहज और सम्मानजनक बना दिया है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने उत्तर में कहा कि ऐसे आत्मीय पत्र उन्हें राष्ट्रसेवा के लिए नई ऊर्जा देते हैं। उन्होंने बिजली, पानी, शौचालय, पक्का मकान, उज्ज्वला योजना, बैंकिंग सुविधा और मुद्रा योजना जैसे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पहलों से देश की महिलाएँ सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। उन्होंने महिलाओं के नेतृत्व में आगे बढ़ते भारत पर गर्व व्यक्त किया और कहा कि देश की करोड़ों माताओं, बहनों और बेटियों का आशीर्वाद उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा है।

# पुलिस ने 11 नफर वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**लखीमपुर-खीरी।** थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा 11 नफर वारंटी अभियुक्तों 1.रमेश पुत्र छेद्दू निवासी ग्राम रमही कालोनी थाना कोतवाली सदर 2.राकेश पुत्र छेद्दू निवासी ग्राम रमही कालोनी थाना कोतवाली सदर 3.रमाकान्त पुत्र चन्द्रिका निवासी ग्राम पनगीखुर्द थाना कोतवाली सदर 4. प्रमोद पुत्र रमाकान्त निवासी ग्राम पनगीखुर्द थाना कोतवाली सदर 5. तीरथ पुत्र चन्द्रिका निवासी ग्राम पनगीखुर्द थाना कोतवाली 6. मनीष कुमार पुत्र हरेराम निवासी मिदनिया गढी कुए के पास थाना कोतवाली सदर 7. शिवनन्दन पुत्र छेद्दू निवासी सलेमपुर कोन चाँदमारी रोड निकट पुराने मन्दिर के पास थाना कोतवाली उम्र 54 वर्ष 8.सुनील कुमार पुत्र लक्ष्मीकान्त गौड निवासी मो0 सुभाषनगर देवकली रोड निकट बीजेपी कार्यालय थाना कोतवाली सदर खीरी उम्र 40 वर्ष 9. फेरी लाल पुत्र सत्तू लाल निवासी मो0 शिवकालोनी कालोनी पी.के.इण्टक कालेज थाना कोतवाली सदर उम्र 75 वर्ष 10. राजेश पुत्र मेडई लाल मिश्रा निवासी मो0 अर्जुनपुरवा थाना कोतवाली सदर खीरी उम्र 45 वर्ष 11. सुशील कुमार कश्यप पुत्र मुन्नू लाल कश्यप निवासी मो0 शास्त्रीनगर सरस्वती विद्या मन्दिर थाना कोतवाली सदर को गिरफ्तार किया गया एवं विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा गया।

# एसआईआर: छूटे मतदाताओं को फार्म 6 भरवाएं

अवधनामा संवाददाता



**■ सपाकी मासिक बैठक में कार्यकर्ताओं से की अपील**

**लखीमपुर खीरी।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में एस आई आर के दूसरे चरण में छूटे मतदाताओं को फार्म 6 भरवाकर मतदाता बनाने में तेजी लाने की अपील कार्यकर्ताओं से की गई समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक लोहिया भवन में हुई। बैठक का संचालन जिला महासचिव अंसार महलूद ने किया।बैठक में 28 खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों के फॉर्म 6 भरवाए तथा एस आई आर में जिनकी मैपिंग 2003 की मतदाता सूची से नहीं हो पाई हैं उनके आवश्यक अभिलेख बूथ लेबल ऑफिसर को उपलब्ध कराने में मतदाताओं की मदद करें। उन्होंने कहा कि जनता, भारतीय जनता पार्टी की जन विरोधी नीतियों से ऊब चुकी है और वह उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार को बदलना चाहती है इसलिए 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनना तो तय है लेकिन सरकार तभी बनेगी जब वोट ज्यादा बनेंगे, लिहाजा आप सभी कार्यकर्ता बूथ बूथ जाकर जहां वोट रह गए हैं वह वोटो को बढ़ाएं और जिन वोटरों के सत्यापन कागजात से होना है उन कागजात को बूथ लेबल ऑफिसर के पास जमा कराए।बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि बूथ लेबल कमेटी के साथी बूथ पर छुटा हर वोट बनवाए, उन्होंने कहा कि स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की सूची का प्रकाशन हो गया, कार्यकर्ता अपना अपना वोट चेक कर ले और अभी जो स्नातक मतदाता बनना चाहते हैं वह अपने आवेदन कर सकते हैं।बैठक को आरए उस्मानी, रामसरन, शमशेर बहादुर सिंह अनुराग पटेल, मो0 कयूम खां, प्रीतेन्द्र सिंह वरूण चैधरी, श्रीकृष्ण राज, गुरूप्रीत सिंह , अशोक वर्मा, नरेश यादव, मिर्जा शेखू, तृप्ति अवस्थी, , भूपेन्द्र वर्मा, आदि ने भी सम्बोधित किया बैठक में प्रमुख रूप से आनन्द पटेल, अब्दुल मन्नान उस्मानी, सरदूल सिंह, अशोक कश्यप, अशोक वर्मा, जेडए उस्मानी, रियाजुल्ला खां उर्फ बन्ने, आकाश गुप्ता, जिला सचिव सरदार मंजीत सिंह, उदयभान सिंह यादव, सत्यराम वर्मा, शिवराज वाल्मीकि, ध्रुव मौर्या, शानुलहक, बालगोविन्द प्रजापति, रामेश्वर दयाल, राहुल सिंह, संजीव वर्मा, सुभाष कश्यप, मजिस्टर यादव, अंजली सिंह विधानसभा अध्यक्ष जावेद अख्तर, सुरेन्द्र सिंह यादव भण्डारी, त्रिलोक सिंह, विकास यादव, वीरेन्द्र वर्मा वीरू, सुरेश पाल यादव, प्रकोष्ठ अध्यक्ष उमेश गिरि, यशमोहन पटेल, प्रख्याति खरे, दीपक चैरसिया, राघवेन्द्र गौतम, अमित वर्मा, जहंगीर गाजी, नगर अध्यक्ष जगदीश प्रसाद, नेत्रप्रकाश, सोहराब गौरी, जीशान खां, ब्लाक अध्यक्ष भरत लाल कश्यप, ओमप्रकाश यादव, क्रान्ति कुमार सिंह, रियाजुल्ला खां, मो0 शुऐब अंसारी, एतिशाम खां, आफताब खां, उत्तम वर्मा, आसिफ अली, राधेश्याम पाल, दीपू तिवारी, अबरार मंसूरी, मंजू, नन्दलाल, कमलेश मिश्रा, अभय प्रताप सिंह बन्टी, बिक्रम वर्मा, आफताब आलम खां, राजनरायन तिवारी, धर्मदत्त तिवारी, कृष्ण कुमार, जेबी सिंह, फैसल सहित सैकडों लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 13 वें दिन भी किसानों का धरना और संघर्ष जारी



**नजीबाबाद (अवधनामा संवाददाता)।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत का का 13वा दिन शनिवार को डी फ़ ओ कार्यालय नजीबाबाद पर धरना प्रदर्शन जारी है। वन विभाग के द्वारा किसानों पर किए गए अत्याचार , भ्रष्टाचार के खिलाफ वन विभाग से जंग जारी है, किसानों की फसलों को नष्ट किया,80, 80 वर्ष के किसानों पर मुकदमे किए, किसानों को राजस्व विभाग की भूमि दी जाए, किसानों को मिलजुबले खाते में अलग खाता दिया जाए, वन विभाग भ्रष्टाचार में लिप्त है न 74 पर नाला निर्माण कर दिया मंडावली में, उत्तरांचल के लोगों को वनों में बसा रखा, और किसानों पर मुकदमे दर्ज करता है,। भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग जारी है। वन अधिकारियों को कार्यालय में नहीं बैठने दिया जाएगा। लड़ाई आर पार की होगी। इस कड़कड़ाती ठंड के बावजूद धरने में दिन-रात शामिल रहे। धरने पर, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार, ब्लॉक उपाध्यक्ष रामेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष वीरेश राणा, युवा मंडल उपाध्यक्ष मुकुल कुमार, ब्लॉक सचिव ज्ञान सिंह, पप्पू, सोमवीर, सोनू गिरिराज, सूरज सिंह, एहसान, नीतू, शांति, नितिन आदि किसान मौजूद रहे।

### पुलिस के हत्थे चढ़े गैंगस्टर एक्ट के दो वांछित आरोपी



**सहारनपुर (अवधनामा संवाददाता)।** थाना चिलकाना पुलिस ने गैंगस्टर अधिनियम के मामले में वांछित दो आरोपियों को मात्र 12 घण्टे में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना चिलकाना प्रभारी विनोद कुमार ने विगत् 9 जनवरी को अनुमोदित शुदा गैंग चार्ट के आधार पर थाना चिलकाना पर धारा 2/3(1) गैंगस्टर अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया था। उन्होंने बताया कि आज उनके व वरिष्ठ उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह तथा उपनिरीक्षक विकास तोमर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अब्दुल्लापुर अहाड़ी जाने वाले रास्ते से वांछित आरोपी नासिर पुत्र गफूर उर्फगफूरा व आदिल पुत्र नासिर निवासीगण ग्राम पटनी थाना चिलकाना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोंनो आरोपियो का चालान काटकर जेल भेज दिया।

### स्टंट करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार, बाईक सीज



**सहारनपुर (अवधनामा संवाददाता)।** थाना मिर्जापुर पुलिस ने सड़क पर स्टंट करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी बाईक को सीज कर दिया। थाना मिर्जापुर प्रभारी सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक सचिन त्यागी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बाईक से स्टंट करने वाले एक आरोपी बाबर पुत्र इमरान निवासी ग्राम मगनपुरा थाना मिर्जापुर को धारा 170 बीएनएसएस के अन्तर्गत गिरफ्तार कर लिया। श्री सिंह ने बताया कि बाईक को धारा 207 एमवीएक्ट में सीज किया गया।

### टोल प्लाजा मालिक समेत चार गिरफ्तार

**सहारनपुर (अवधनामा संवाददाता)।** जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा गठित नायाब तहसीलदार व राजस्व विभाग की टीम ने जांच के दौरान ट्रैक्टर ट्रालियों से टोल फ्री होने के बावजूद नकद अवैध वसूली, फर्जी रसीद एवं बिना रसीद धन संग्रह किए जाने की पुष्टि होने पर टोल प्लाजा मालिक समेत चार लोगों के खिलाफविभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया। मुकदमा दर्ज होते ही पुलिस ने सभी नामजद आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**अफजलगढ़।** थाना अफजलगढ़ पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के गंभीर मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 64 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 के तहत मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, छह जनवरी 2026 को एक व्यक्ति ने थाना अफजलगढ़ में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़ित तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना के दौरान पीड़िता के बयान और साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में पहले लगी धारा 69 बीएनएस को हटाते हुए धारा 64 बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 की वृद्धि की गई। पुलिस ने नौ जनवरी 2026 को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपक कुमार पुत्र शिवकुमार, निवासी ग्राम इनायतपुर, थाना बढ़ापुर को गिरफ्तार कर लिया।

# संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** थाना नानौता क्षेत्रान्तर्गत गांव चमनमाजरा में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने पति, जेठ और सास-ससुर पर विवाहिता की दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

जानकारी के अनुसार हरियाणा के पानीपत के थाना सदर बाजार क्षेत्र निवासी शिवकुमार पुत्र सुखबीर ने नानौता थाने में दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री रश्मि की शादी लगभग साढे तीन वर्ष पूर्व चमनमाजरा थाना नानौता निवासी अर्जुन पुत्र ओमप्रकाश के साथ हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही कम दहेज लाने के नाम पर रश्मि को परेशान किया जाता था और पांच लाख रुपये और कार लाने के लिए प्रताड़ित किया जाता था। जिस पर उन्होंने तीन लाख रुपये रश्मि के ससुराल वालों को दिए भी थे। उन्होंने बताया कि आज सुबह करीब सात बजे रश्मि के ससुराल वालों ने मुझे फोन कर बताया कि रश्मि की तबियत खराब हो रही है। करीब दस बजे गांव चमनमाजरा पहुंचने पर रश्मि की मौत की जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि रश्मि को एक ढाई वर्ष की पुत्री है। हाल में रश्मि चार माह की गर्भवती थी, जिसका ससुराल वालों ने जबरन कहीं ले जाकर जांच कराकर गर्भ में पल रहे बच्चे का लिंग परीक्षण कराया और गर्भ में लड़की का पता चलने पर ससुरालियों ने रश्मि के मना करने के बावजूद उसका गर्भपात करा दिया।

# मिशनरी सभा में धर्मांतरण की कोशिश का आरोप

**लखीमपुर खीरी।** सुंदरवल चौकी क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामनगर खुर्द के मजरा सुरजीपुरवा गांव में मिशनरी सभा में धर्मांतरण की कोशिश का आरोप लगाकर हिंदू संगठनों ने शनिवार को हंगामा किया। प्रार्थना सभा कराने वाले लोग सामान छोड़ कर भाग निकले। जानकारी मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सुरजीपुरवा गांव में शुक्रवार को एक घर के बाहर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया था, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए थे। इस बीच किसी तरह हिंदू संगठनों को भनक लग गई। संगठन के लोग मौके पर पहुंचे और हंगामा कर दिया। संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि करीब 70 लोगों के धर्मांतरण की तैयारी चल रही थी। आरोप है कि एक वैन से आए पादरी और उनके लोग कंडवा नदी किनारे बीमार लोगों को इलाज के बहाने ईसाई धर्म अपनाने पर जोर दे रहे थे। हंगामा बढ़ता देख आयोजक सामान छोड़ कर भाग निकले। संगठन के लोगों ने सुंदरवल चौकी पुलिस पर देरी से पहुंचने और कार्रवाई में हीलाहवाली का आरोप लगाया।

# 14 नफर वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**लखीमपुर-खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा ,14 नफर वारंटी अभियुक्तों 1.रामरतन पुत्र श्रीपाल उम्र 46 वर्ष ग्राम टेढी मजरा खइयां थाना फूलबेहड 2.राकेश पुत्र श्रीपाल ,वर्ष 42 वर्ष निवासी ग्राम टेढी मजरा खइयां थाना फूलबेहड 3.विक्रम उर्फ बिहम पुत्र जगदीश, उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम अंजनापुर थाना फूलबेहड 4.प्रताप गिरि पुत्र रामगिरि निवासी ग्राम भीमापुरवा मजरा बसहा थाना फूलबेहड , उम्र 52 वर्ष 5.कमलेश गिरि पुत्र अशर्फी गिरि निवासी ग्राम मन्ठौआपुरवा थाना फूलबेहड़ , उम्र करीब 40 वर्ष 6.भागल पुत्र रामऔतार उम्र 50 निवासी ग्राम रघुनाथपुरवा थाना फूलबेहड़ 7.प्रमोद पुत्र भागल ,उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम रघुनाथपुरवा थाना फूलबेहड़ 8.अशोक कुमार पुत्र रमाशंकर निवासी ग्राम सिसौरा थाना फूलबेहड 9.परसराम उर्फ छोटे पुत्र चन्द्रभाल निवासी झखरा मजरा सिसौरा थाना फूलबेहड 10.त्रिमोहन पुत्र सोहन निवासी खमरिया थाना फूलबेहड 11.गुलशन कुमार पुत्र लखीचन्द निवासी ग्राम बाबापुरवा मजरा करदहिया मानपुर थाना फूलबेहड 12.सुरेन्द्र कुमार पुत्र गयाप्रासद निवासी भीखमपुर थाना फूलबेहड 13.लालेबाबू पुत्र महाबीर निवासी ग्राम सुन्दरवल थाना फूलबेहड 14.सूरज पुत्र श्रीराम निवासी ग्राम मीलपुरवा थाना फूलबेहड़ ,उम्र 21 वर्ष, को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा गया।

# थानाध्यक्ष ने समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना



अवधनामा संवाददाता

**■ पांच शिकायतों का मौके पर ही किया निस्तारण**

**अफजलगढ़।** थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस के दौरान आठ शिकायतें दर्ज करायी गयी जिनमें से पांच शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया अन्य शिकायतों का निस्तारण कराने को लेकर लेखपाल व विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है।

शनिवार को कोतवाली प्रांगण में आयोजित समाधान दिवस में थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने कहा कि पीड़ित को न्याय दिलाना प्रत्येक अधिकारी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यदि किसी विवाद से कोई शांति व्यवस्था भंग होने का अंदेशा है, तो उसकी तत्काल सूचना पुलिस को दें। समाधान दिवस में फरियादियों द्वारा आठ शिकायतें आयी पांच शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि अन्य शिकायतों का निस्तारण कराने को लेकर लेखपाल व विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। वही कानूनगो अफजलगढ़ योगेन्द्र कुमार ने कहा कि समाधान दिवस की शिकायतों का निस्तारण शीघ्र ही कराया जायेगा और पीड़ित की हर समस्या को निस्तारण कर समाधान कराया जायेगा।

# फ्रेंड्स मोर्निंग क्लब ने धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व

**सहारनपुर।** शहर की प्रतिष्ठित संस्था फ्रेंड्स मोर्निंग क्लब द्वारा धूमधाम से लोहड़ी पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने लोहड़ी के परंपरागत गीतों पर जमकर नृत्य किया। स्थानीय नवाबगंज चौक पर आयोजित लोहड़ी पर्व की शुरुआत सर्वप्रथम फ्रेंड्स मोर्निंग क्लब के अध्यक्ष एमपी सिंह चावला ने अरदास करके की। उसके बाद सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने विधि-विधान के साथ क्लब के कोषाध्यक्ष सतीश कुक्कड़ के साथ संयुक्त रुप से लोहड़ी का प्रज्जवलन किया। उसके बाद मुरली खन्ना और गोपाल आदि सभी ने मिल कर लोहड़ी के पारंपरिक गीत 'सुन्दर मुंदरीये' आदि गीत गाये और ढोल की थाप पर भांगड़ा किया। पूर्व अध्यक्ष राकेश सचदेवा, राजेश गाँधी एवं पूर्व कोषाध्यक्ष हरीश ईश पुजानी, गुरजीत मल्होत्रा ने लोहड़ी का पारम्परिक प्रसाद मूंगफली, रेवड़ी, गज्जक और पॉपकॉर्न के पैकेट सभी को वितरित किये।

# दुआ फाउंडेशन टीम ने किया सरहानीय कार्य : भोलू

अवधनामा संवाददाता



**■ क्षेत्र के पत्रकारों को किया गया सम्मानित**

**नजीबाबाद।** नगर पंचायत जलालाबाद में समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला महासचिव व एक प्राइवेट मेडीकोज कंपनी के डायरेक्टर डॉक्टर महमूद अहमद उर्फ भोलू के निवास स्थान पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिस में सामाजिक संस्था दुआ फाऊंडेशन के पदाधिकारियो और क्षेत्र के पत्रकारो को सम्मानित किया । गुरूवार की रात्रि में नगर पंचायत जलालाबाद में आयोजित कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ महमूद अहमद उर्फ भोलू, महबूब अहमद पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद जलालाबाद, डॉ मकसूद अहमद पूर्व प्रत्याशी ब्लाक प्रमुख पद नजीबाबाद की ओर से नगर सामाजिक संस्था दुआ फाउंडेशन की टीम के हाजी शमीम कुरैशी, इरफ़ान कुरैशी, अब्दुल्ला गुलजार, हाजी जब्बार, मास्टर मोहम्मद असलम, मास्टर अब्दुल सत्तार, गुलजार अहमद पत्रकार, हाजी इमरान कुरेशी, मुफ़्ती मोहम्मद सलमान, अनीस अहमद, हाजी नसीम कुरैशी, मोहम्मद युसूफ को शॉल प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार पत्रकार इरफान अंसारी, मरगूब हुसैन नासिर, अवधेश शर्मा, डॉक्टर आफताब नोमानी, शादाब जफर, हाशिम अहमद, अशरफ अली, नौशाद सैफी, सरफ़राज़ अहमद, मो0 इकराम, नईम सिद्दीकी, अल्ताफ रज़ा, आफताब अहमद, चेतना गुप्ता, रिहान अंसारी, शहज़ाद नोमानी, आकिफ हुसैन अक्की, शाकिर कुरैशी, नासिर कुरैशी, शेर खान, सपना वर्मा, नसीम उस्मानी, मयंक कश्यप, खिज़र अहमद, संजय अग्रवाल, अमन जूनियर रिपोर्टर आदि को प्रतीक चिंह देकर सम्मानित किया गया। डॉक्टर मोहम्मद उर्फ भोलू कुरैशी ने कहा कि वाकई दुआ फाउंडेशन ने जो काम किया है इसकी जितनी तारीफ की जाए कम है, दुआ फाउंडेशन ने सभी वर्गों को साथ लेकर एकता प्यार मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम दिया है इस प्रकार के कार्यों के लिए अगर कभी भी मेरी जरूरत या मेरे नगर पंचायत के किसी शख्स की जरूरत पड़ेगी तो वह 24 घंटे दुआ फाउंडेशन के साथ में कांधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

# पुलिस ने कांग्रेस नेता को किया घर पर नजरबंद, कार्यकर्ताओं में रोष



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** मेरठ जनपद के कपसाड़ गांव में हुई दलित महिला की हत्या के पश्चात आज शोक संवेदना देने के लिए मेरठ कूच करने से पूर्व ही पुलिस ने उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के महासचिव व मेरठ मंडल प्रभारी अरविंद पालीवाल को उनके घर पर ही नजरबंद कर दिया।

गौरतलब है कि कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम व उत्तर प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष तनुज पुनिया का आज मेरठ पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें संवेदना देने के कार्यक्रम तय था। इसी कड़ी में आज उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के महासचिव व मेरठ मंडल प्रभारी अरविंद पालीवाल ने भी मेरठ जाने की घोषणा की थी, जिसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने अरविंद पालीवाल को बीती देर रात ही उनके जनता रोड स्थित आवास पर नजरबंद कर लिया और उन्हें मेरठ नहीं जाने दिया। अरविंद पालीवाल ने इसे भाजपा सरकार की असंवेदनशीलता बताते हुए हिटलरशाही नीति भी करार दिया। अरविंद पालीवाल ने इसे भाजपा के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की असफलता से जोड़ते हुए सरकार की तानाशाही की पराकाष्ठा बताया और कहा कि सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए विपक्ष और पीड़ितों की आवाज को दबाना चाहती है।

# काशी में 3 करोड़ की चोरी और 48 घण्टे में हुआ खुलासा, सर्राफा व्यापारी ने पुलिस टीम को दी बधाई

- आईपीएस सरवणन टी ने घटना को लिया चुनौती के रूप में और 48 घण्टे में कर दिया खुलासा, पूरा 3 करोड़ का माल बरामद

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** शत-प्रतिशत सोना बरामद कर वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस ने लोगों का भरोसा जीत लिया।बता दे की,पिछले दिनों चौक थाना अंतर्गत एक ऐसी चोरी की घटनाको चोरों ने अंजाम दिया कि पुलिस का सर दर्द बना हुआ था।पुलिस खुलासा के अनुसार केयरटेकर की डबल गेम ने साबित कर दिया कि घर का सबसे करीबी भी कभी-कभी सबसे बड़ा खतरा बन सकता है। पिछले दिनों चौक थाना क्षेत्र के कर्णघंटा स्थित दयाशंकर कटरा के ऊपरी तल पर मुंबई निवासी दिवाकर राणा के फ्लैट से चुराए गए 2 किलो 20 ग्राम सोने की जेवर की शत प्रतिशत बरामदगी होने से शनिवार को वाराणसी सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष संतोष अग्रवाल तथा महामंत्री रवि सर्राफ के नेतृत्व में पूरी पुलिस टीम का अंग वस्त्र, माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया।

बताते चले कि यह घटना साधारण नहीं था चोरी हुए सामानों के मूल्य करीब 3 करोड़ रुपये था, वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट के इतिहास में यह अब तक की सबसे बड़ी स्वर्ण चोरी थी।सब कुछ इतना साफ-सुथरा था कि बाहर से कोई शक नहीं होता। ताले ज्यों के त्यों, दीवार में सेंध नहीं, कोई जबरन घुसपैठ के निशान नहीं। जैसे कोई घर का ही सदस्य रातों-रात सब कुछ उठाकर ले गया हो। कारोबारी को जब 6 जनवरी को चोरी का पता लगा तो दिल बैठ गया। शिकायत दर्ज हुई, और पुलिस तुरंत एक्शन मोड में आ गई। वही मात्र 48 घंटे के अंदर इस चोरी की घटना के ऐतिहासिक पर्दाफाश करने पर पूरा सर्राफा व्यवसायी गदगद है। व्यवसाईयों का कहना था कि निश्चित तौर पर योगी जी के नेतृत्व में पूरा शासन और प्रशासन द्वारा तत्परता से की गई कार्यवाही से यह समय में आ गया कि व्यापारियों की सुरक्षा के लिए प्रशासन सदैव तत्पर हैं।इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्राफा व्यापारियों ने पुरी पुलिस टीम सहित सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध अतुल अंजान त्रिपाठी का भी सम्मान किया।

एसोसिएशन द्वारा सम्मानित होने वालों में मुख्य रूप से एसओजी प्रभारी गौरव सिंह,थाना प्रभारी चौक दिलीप कुमार मिश्रा, उप निरीक्षक प्रकाश चौहान,उप निरीक्षक पुष्कर दुबे,उप निरीक्षक आलोक कुमार यादव,एस आई भरत पांडेय,हेड कांस्टेबल चंद्रभान यादव, पवन तिवारी, मयंक त्रिपाठी,ननं दिनेश कुमार, मनीष बघेल,अंकित मिश्रा, आलोक वर्मा, एसओजी टीम हेड कांस्टेबल संतोष पासवान, कांस्टेबल अश्विनी कुमार सिंह सर्विलांस टीम रहे।इस दौरान संगठन की ओर से मुख्य रूप से संतोष अग्रवाल, रवि सर्राफ,प्रदुमन अग्रवाल, शैलेन्द्र वर्मा,विजय तिवारी, संजय अग्रवाल बाबू भइया,पंकज सर्राफ, गणेश लाल कसेरा, राजा सेठ, कमल कुमार सिंह,विष्णु सेठ, किशोर सेठ, उपेश उपाध्याय,पीयूष गुप्ता, सुनील सेठ,छोटे लाल वर्मा,श्याम जी सेठ,अनिल कुमार सेठ आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण पत्रकार एसो. के तहसील अध्यक्ष विनायक के पिता का निधन, पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

**महोबा।** चरखारी ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष विनायक लक्षकार के पूज्य पिता स्वर्गीय परमानंद लक्षकार का बीते दिवस असमय निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

इस दुःखद अवसर पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष मोहम्मद यूनुस खान, जिला अध्यक्ष देवेंद्र अरजरिया, महामंत्री दीपक गुरुदेव, अनिल बाबू, जुगल किशोर द्विवेदी, अरविंद अनुरागी, राजू पटेरिया, शिवनारायण गुप्ता, अनिल तिवारी सहित अन्य पत्रकारों ने विनायक लक्षकार के निवास पर पहुंचकर शोक संतृप्त परिवार से भेंट की तथा गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

इसके उपरांत सभी पत्रकारों ने नगर के प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर श्री बटुक भैरव नाथ जू के परिसर में बैठक आयोजित कर दो मिनट का मौन धारण किया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की सद्गति तथा शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा के जन्मदिवस पर कंबल वितरण



**बृजेश गुप्ता, अवधनामा संवाददाता**

**वाराणसी।** तिब्बत के 14व धर्मगुरु दलाई लामा के 90वां जन्मदिवस को करुणा वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। पांडेपुर स्थित केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान के शिक्षक शिक्षण केंद्र (सीटीई) के छात्रों-छात्राओं ने काशी कुष्ठ आश्रम आशापुर में कंबल एवं अन्य राहत सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्थान की कुल सचिव डॉ.सुनीता चंद्रा ने कहा कि,इस कार्यक्रम के द्वारा जनमानस में यह संदेश देना है कि हमें अपने बुजुर्गो के प्रति सम्मान और आदर भाव रखना चाहिए।

आज जो भी संदेश हम समाज को देते हैं,वही आगे आने वाली पीढ़ी सीखती है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गो के अनुभव, ज्ञान और समाज में योगदान को दर्शाते हैं। बुजुर्गो की सेवा, सच्चा धर्म और अपनों का साथ और बुजुर्गो का आशीर्वाद,यही जीवन की असली दौलत है,जो उनके महत्व, संस्कार और जीवन के मार्गदर्शन के रूप में उनकी भूमिका पर जोर देते हैं। ये कथन बताते हैं कि बुजुर्ग हमारे समाज के मार्गदर्शक हैं और उनका सम्मान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, जिससे अगली पीढ़ी को भी अच्छे संस्कार मिलते हैं। केन्द्र की प्रसाशनिक समन्वयक डॉ भावना बहल ने कहा कि बुजुर्ग सिर्फ उम्रदराज लोग नहीं,बल्कि ज्ञान,अनुभव और संस्कारों के जीवंत स्रोत हैं,जिनका सम्मान करना समाज को मजबूत और सुसंस्कृत बनाता है। बताते चले कि,दलाई लामा (14वें, तेनज़िन ग्यात्सो) भारत के धर्मशाला में निर्वासन में रह रहे हैं,जो तिब्बती बौद्ध धर्म के आध्यात्मिक नेता हैं और अपनी लंबी उम्र तथा स्वस्थ जीवनशैली के लिए जाने जाते हैं, हाल ही में उन्होंने अपने 90वें जन्मदिन के अवसर पर 30-40 साल और जीवित रहने की इच्छा व्यक्त की है। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से डॉ.जम्पा थुपतेन, डॉ. लोबसांग ग्यात्सो,डॉ नामगांग, डॉ.अनिल गुप्ता, डॉ.किशन, डॉ.अभिजीत गुप्ता सहित छात्र -छात्रा उपस्थित रहे।

# एसपी ने थाना समाधान दिवस में की जनसुनवाई, शिकायतों का निस्तारण

**महोबा।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह द्वारा शनिवार को थाना खरेला पहुँचकर फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई की। प्रभारी निरीक्षक थाना खरेला नन्हेलाल सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा सभी को उनकी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने मौके पर ही राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों का गठन कर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा थाना समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनते हुए पारदर्शी एवं न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करना है।

# चाय से होगा श्रद्धालुओं का स्वागत, ठंड से राहत और बचाव के लिए अलाव का भी इंतजाम

- मकर संक्रांति पर सभी घाटों पर विशेष सफाई और बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत और सेवा के लिए इस बार नगर निगम ने अनूठी मिसाल पेश की है। राजघाट, दशाश्वमेध और अस्सी घाट पर कड़ाके की ठंड के बीच श्रद्धालुओं को गर्मागर्म चाय पिलाई जाएगी। विशेष बात यह है कि इस सेवा कार्य का बोझ सरकारी खजाने पर नहीं पड़ेगा, बल्कि महापौर और नगर निगम के अधिकारी अपने व्यक्तिगत कोष से इसका खर्च वहन करेंगे। सिगरा स्थित स्मार्ट सिटी सभागार में शनिवार को तैयारियों की समीक्षा के दौरान महापौर अशोक कुमार तिवारी ने इस मुहिम की नींव रखी। उन्होंने अपने निजी कोष से 5000 रुपये की सहयोग राशि प्रदान करते हुए अधिकारियों को इस पुनीत कार्य से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। महापौर की इस पहल का अधिकारियों ने भी उत्साहपूर्वक समर्थन किया और अपने वेतन व निजी बचत से इस पुनीत कार्य में योगदान देने का संकल्प लिया।

बैठक में महापौर ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए निर्देश दिया कि प्रमुख घाटों के साथ-साथ उन रास्तों पर भी भारी संख्या में अलाव जलाए जाएं जहां से श्रद्धालुओं का आवागमन अधिक होता है। उन्होंने कहा कि गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं को ठंड से बचाने के लिए घाटों पर अलाव की निरंतरता बनी रहनी चाहिए। वहीं महिला श्रद्धालुओं की गरिमा और सुविधा के लिए घाटों पर पर्याप्त अस्थाई चेंजिंग रूम बनाए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि काशी आने वाले किसी भी श्रद्धालु को असुविधा नहीं होनी चाहिए। इस क्रम में सभी घाटों पर विशेष सफाई और बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को तैनात किया गया है। इस दौरान महापौर अशोक कुमार तिवारी ने कहा कि मकर संक्रांति पर पूरी दुनिया से लोग काशी आते हैं।

हमारा उद्देश्य है कि उन्हें यहां न केवल स्वच्छता मिले, बल्कि काशी की पारंपरिक मेहमाननवाजी और सेवा भाव का भी अनुभव हो। बैठक में नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी और स्मार्ट सिटी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी और स्मार्ट सिटी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ ने थाना कुलपहाड़ में विवेचकों के साथ की समीक्षा बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड की अध्यक्षता में थाना कुलपहाड़ में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्राधिकारी ने नियुक्त विवेचकों के साथ लंबित विवेचनाओं के त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कानून व्यवस्था एवं प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रत्येक विवेचक से उनकी लंबित विवेचनाओं की प्रगति के संबन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई और सभी मामलों का समयबद्ध एवं विधिसम्मत निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक दौरान क्षेत्राधिकारी ने आईजीआरएस, सीवीआर एवं डीवीआर से संबंधित प्रविष्टियों का समय से निस्तारण सुनिश्चित के अलावा शस्त्र लाइसेंस के सत्यापन, नवीनीकरण एवं निरस्तीकरण से संबंधित कार्यवाहियों में शीघ्रता लाने के निर्देश। उन्होंने गुमशुदगी एवं बरामदगी से संबंधित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए प्रभावी एवं त्वरित कार्रवाई के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि निरोधात्मक कार्रवाई को सक्रियता बनाए रखने के लिए क्षेत्र के शातिर, गुंडा किस्म के अपराधियों पर सतर्क निगरानी रखे, जिससे उनकी हर हरकत पर पता चल सके। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में पुलिस टीम नियमित पैदल गश्त करे और वाहन चेकिंग को निरंतर जारी रखते हुए अपराध नियंत्रण एवं आमजन की सुरक्षा के अभियान चलाया जाए। क्षेत्राधिकारी ने सभी विवेचकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि प्रत्येक विवेचना को विवेकपूर्ण, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरत के साथ सुने और मौके पर जाकर जांच करते हुए समस्या का निस्तारण करे।

# डीएम के निर्देश पर गरजा बुलडोजर, ग्राम समाज और मंदिर की जमीन को कराया कब्जामुक्त

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** बरदा गांव में ग्राम समाज और मंदिर की जमीन पर किए गए कब्जे को हटवाए जाने का प्रशासन ने कब्जाधारी को नोटिस दिय था, बावजूद इसके कब्जा न हटाए जाने पर जिलाधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए राजस्व विभाग की एक टीम का गठन कर पुलिस के साथ मौके पर भेजते हुए जमीन को कब्जामुक्त कराया। इस कार्रवाई के चलते जहां एक ओर ग्रामीणों में खुशी है वहीं कब्जाधारी अफसोस कर रहा है।

थाना खरेला के मौजा बरदा में 101/2.642 हेक्टयर भूमि दर्ज है, जिसमें 2.601 हेक्टयर नवीन परती श्रेणी 5(1) के नाम तथा 0.041 हेक्टेयर मंदिर के नाम पर दर्ज है। बताया जाता है कि इस भूमि पर बृजगोपाल ने अवैध रुप से कब्जा कर लिया था, जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने अधिकारियों से की थी। अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कब्जाधारक को भूमि से कब्जा हटाए जाने का नोटिस के साथ समय निर्धारित कर भूमि पर तारबाड़ी और बनाए गए पिलर को हटाकर खाली कराए जाने के निर्देश दिए गए थे।

बताया जाता है कि कब्जाधारक ने नोटिस में दिए गए समय के बाद भी कब्जा नहीं हटाया, जिस पर जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने उपजिलाधिकारी को कार्रवाई प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए थे। उपजिलाधिकारी धीरेंद्र सिंह और तहसीलदार रामनंद मिश्रा के आदेश पर नायब तहसीलदार हेमकांत त्रिपाठी की अध्यक्षता में राजस्व निरीक्षक अजय तिवारी, लेखपाल राजेश यादव खरेला पुलिस टीम के साथ जेसीबी सहित मौके पर पहुंचे। टीम के पहुंचे ही ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई और उसके सामने ही जेसीबी चलाते हुए तारबाड़ी और बनाए गए खंभों को तोड़कर भूमि को कब्जामुक्त कराया गया।

# दहेज़ के लिए गर्भवती विवाहिता को घर से निकाला

- पीड़िता ने ससुरालीजनों पर मारपीट किए जाने का आरोप लगाते हुए एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की उठाई मांग

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** जिले में दहेज उत्पीड़न के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे, आएदिन किसी न किसी विवाहिता को उनके ससुरालीजन पैसो की मांग को लेकर मारपीट कर घर भगाया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला शहर के भटीपुरा मोहल्ला की रहने साढ़े आठ वर्षीय गर्भवती विवाहिता के घटी। जिसको लेकर पीड़िता ने ससुरालीजनों पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

शहर के मोहल्ला भटीपुरा निवासी बबली ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका एक साल पूर्व थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर के रहने वाले एक युवक से मुख्यमंत्री विवाह सम्मेलन में विवाह सम्पन्न हुआ था। बताया कि शादी के शुरूआती दिनों में सब कुछ ठीक चलता रहा, लेकिन अचानक उसके पति और ससुरालीजनों का उसके प्रति व्यवहार बदलने लगा और घरेलू कार्यो में जरा सी गलती पर डांप डपट कर ताने मारे जाने लगे। बताया कि उसने इस बावत में अपने माता पिता से बताई, जिस पर उन्होंने वक्त के साथ सब कुछ ठीक होने की बात कहकर हंसी खुशी रहने की बात कही, जिससे मानकर वह सब का दिल जीतने की कोशिश में जुट गई। बताया कि बावजूद इसके ससुरालीजनों में कोई तब्दील नहीं आया।

पीड़िता ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसके पति, ससुर, जेठ और सास सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने उसे पहले से ज्यादा परेशान करना शुरू कर दिया और माता पिता से पैसों की मांग करने लगे। जब उसने अपने मायके से पैसे लाने में असमर्थता जताई, तो उसके साथ मारपीट कर साढे आठ माह की गर्भवती होने के बावजूद घर से बाहर निकाल दिया गया। पीड़िता ने बताया कि उसने इस संबन्ध में हमीरपुर के मुस्करा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन वहां कोई सुनवाई नहीं हुई। बबली का आरोप है कि ससुराल वाले पुलिस के साथ मिलकर उस पर समझौते का दबाव बना रहे हैं।

# लोक चेतना के विधिक सलाहकार राजीव सिंह का निधन



**अवधनामा ब्यूरो, वाराणसी।** सामाजिक संस्था लोक चेतना के विधिक सलाहकार पांडेयपुर खजूरी निवासी वाराणसी कचहरी के वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव कुमार सिंह एडवोकेट के निधन पर लोक चेतना के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष के के उपाध्याय की अध्यक्षता में शनिवार को मकबूल आलम रोड स्थित कार्यालय पर शोक सभा का आयोजन कर गत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। वक्ताओं ने कहा कि, स्वर्गीय राजीव सिंह ने वाराणसी कचहरी में अपने सरल स्वभाव से अधिवक्ताओं समेत वादकारियों में लोकप्रिय रहे। सामाजिक कार्यों में संस्था के माध्यम से बढ़ छोड़ कर अपना योगदान देते थे,उनके निधन से समाज के साथ साथ संस्था की भारी छती हुई हैं ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दे शोक सभा में कैलाश सिंह अजय सिंह शिव जी निशांत बरनवाल राजू चौहान मुन्ना खत्री अभय सिंह पिंटू विनय गुप्ता अरविंद विश्वकर्मा राजेश सिंह राकेश सिंह एडवोकेट आदि शामिल रहे।

# सूर्य कुंड परिसर में लगभग अस्सी लाख की लागत से बनेगा आकर्षक पार्क, हुआ भूमि पूजन



**अवधनामा संवाददाता, महोबा।** जिले के ऐतिहासिक स्थलों की सुंतरता बढ़ाए जाने को लेकर उनके आसपास की भूमि का प्रयोग करते हुए वहां पर पार्क व अन्य सुंदरीकरण का कार्य करते हुए खूबसूरत बनाए जाने की कवायद तेज हो गई है। इसी क्रम में शनिवार को ऐतिहासिक चन्देलकालीन सूर्य मन्दिर रहेलिया के समीप स्थित सूर्यकुंड में लगभग अस्सी लाख की लागत से बनने वाले पार्क बनाया जा रहा है। पार्क का विधान परिषद सदस्य जीतेंद्र सिंह सेंगर और सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने शिलान्यास करते हुए भूमि पूजन किया।

नगर पालिका परिषद के पन्द्रहवां वित्त आयोग निधि के अन्तर्गत रहिलिया सूर्य मन्दिर के पास बने हुए सूर्य कुंड परिसर में लगभग अस्सी लाख की लागत से आकर्षक पार्क निर्मित कराया जाना है,। इस मौके पर सदरश्र विधायक राकेश कुमार गोस्वामी ने कहा कि भारतवर्ष में मात्र दो सूर्य मन्दिर निर्मित हैं, जिसके एक कोणार्क का सूर्य मन्दिर है और दूसरा रहिलिया का सूर्य मन्दिर, जिसे देखने पर्यटक आते हैं। सूर्य कुंड पार्क का निर्माण होने से आने वाले पर्यटकों में निश्चित रूप से वृद्धि होगी। कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुन्देलखंड क्षेत्र के जिला पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किये जाने के लिए अनेकों निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं, जिसके प्रत्यक्ष प्रमाण पर्यटन विभाग गोरखगिरि पर्वत में अनवरत् चल रहे निर्माण कार्य हैं। सदस्य विधान परिषद ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार बुन्देलखंड क्षेत्र के विकास में पूरा ध्यान दे रही है जिसके परिणाम स्वरूप कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे, जिले में रिंग रोड, रेलवे लाइन का दोहरीकरण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सन्तोष चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आम जनमानस एवं आने वाले पर्यटकों की सुविधा एवं प्राकृतिक सुंदरता के दृष्टिगत सूर्य कुंड पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। पार्क में आकर्षक फूल पौधे, बच्चों के लिए झूले तथा व्यापक प्रकाश व्यवस्था की जायेगी, जिससे पार्क मनमोहक और सुन्दर लगेगा। शिलांयास के अवसर पर अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष पुष्पेन्द्र गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि रोहित शर्मा, सम्मानित सभासदगण सुरेंद्र तिवारी, मोहम्मद रईस, राहुल सेन आदि उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह द्वारा मेला रामनगरिया प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया गया



**फर्रूखाबाद।** मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उ0प्र0 सरकार एवं प्रभारी मंत्री जनपद फर्रुखाबाद जयवीर सिंह द्वारा मेला श्री रामनगरिया में स्थापित विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया।

इसके पश्चात मंत्री जी द्वारा प्रदर्शनी में 30 विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के लगाये गये 40 स्टालों का निरीक्षण किया गया, तत्पश्चात मा0मंत्री जी सांस्कृतिक पंडाल में चल रही कथा में शामिल हुये,इसके बादमंत्री जी द्वारा सूचना विभाग द्वारा स्थापित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह ने की विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा

**समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ**



**फर्रूखाबाद।** मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उ0प्र0 शासन/ प्रभारी मंत्री जनपद फर्रूखाबाद जयवीर सिंह के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की गई।

सर्वप्रथम मंत्री जी द्वारा कृषि विभाग के दो लाभर्थियों को सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन योजना के अंतर्गत रोटावेटर व एक लाभर्थी को टैक्टर की चावी प्रदान की गयी, इसके बाद 05 दिव्यागों को व्हीलचेयर और 05 दिव्यागों को हीयरिंग किट प्रदान की गयी, इसके बाद माननीय मंत्री जी द्वारा 20 लोगों को कंबल वितरण किया गया, इसके बाद राष्ट्रीय ग्रामीण आजविका मिशन के अंतर्गत समूहो को धनराशि 70950000 रूपये की चेक प्रदान की गयी, इसेक पश्चात उद्यान विभाग की एकीकृत बागवानी विकास मिशन/ एस.सी. पी. राज्य सेक्टर योजनान्तर्गत 10 लाभर्थियों संकर शाकभाजी बीज वितरण किया गया, इसके पश्चात कृषि विभाग की सोलर पम्प योजना में चयनित 05 लोगो को प्रमाण पत्र वितरित किये गये, तत्पश्चात पी0एम0 आवास योजना के लाभर्थियों को चावी वितरित की गई तत्पश्चात उद्योग विभाग के मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत 02 लाभर्थियों को चेक, एक जनपद एक उत्पाद लाभर्थी को चेक, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 01 लाभर्थी को चेक वितरित किया गया, इसके बाद मंत्री जी द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की शादी अनुदान योजना के 05 लाभर्थी को प्रमाण पत्र, समाज कल्याण विभाग की राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत 05 लाभर्थियों को प्रमाण पत्र व श्रम विभाग की मातृत्व शिशु बालिका मदद योजना के 05 लाभर्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

इसके पश्चात मंत्री जी द्वारा पिछली बैठक दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गयी एन.एच. ए.आई के जेई ने बताया बेबर फर्रूखाबाद रोड के गढडे भर दिये गये है पुलियो के ज्वांइट सही कर दिये गये है,लगायी गई रेलिंग ड्राइंग के अनुरूप है।

इसके पश्चात मंत्री जी द्वारा विकास कार्यो की समीक्षा बैठक की गई, विधायक अमृतपुर द्वारा खराब ट्रासफार्मरों को समय से न बदलने की शिकयत की गयी, मंत्री जी द्वारा इसपर नाराजगी जताई गयी व ट्रासफार्मरों को समय से बदलने के निर्देश दिये, मंत्री जी द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग व समाज कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति योजना की खराब रैंकिग पर नाराजगी जताई व जिलाधिकारी को इन योजना की विशेष समीक्षा के लिए निर्देशित किया, एन0आ0एल0एम0 योजना के समूहो की महिलाओं को उत्तर प्रदेश महोत्स्व में भागदारी के लिए निर्दशित किया, मंत्री जी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना व मुख्यमंत्री योजना, किसान सम्मान निधि, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, 102 एम्बुलेंस सेवा, स्वच्छ भारत मिशन की रैंकिग खराब नाराजगी जताई गई व रैंकिंग सुधार हेतु निर्देश दिये गये, जल जीवन मिशन के कार्यो की गुणवत्ता सुधार हेतु स्थलीय निरीक्षण के लिये निर्देशित किया गया।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, विधायक भोजपुर नागेन्द्र सिहं राठौर, विद्यायक सदर मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, जिलाधिकारी अशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

अवधनामा

लखनऊ, रविवार 11 जनवरी 2026



# अयोध्या विकास प्राधिकरण की परियोजनाओं की समीक्षा, कार्य में तेजी लाने के निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुराज जैन की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राधिकरण के सचिव, विशेष कार्याधिकारी, अधिशासी अभियंता, वित्त एवं लेखाधिकारी, सहायक व अवर अभियंता, राइट्स लिमिटेड तथा विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में अयोध्या शहर के विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा ऋतु के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या के समाधान हेतु निर्माणाधीन पांच नालों की समीक्षा की गई। फतेहगंज सब्जी मंडी से चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग के पठान टोला तक जाने वाले नाले के निर्माण कार्य फतेहगंज सब्जी मंडी से साहबगंज तक कच्चे नाले के विकास प्रथम एवं द्वितीय चरण की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर उपाध्यक्ष ने कार्यदायी संस्था एक्मे को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मैनपावर बढ़ाकर निर्माण कार्य को तेज गति से एवं गुणवत्तापूर्वक करते हुए हर हाल में 31 मार्च 2026 तक कार्य पूर्ण कराया जाए, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

इसी क्रम में कौशलपुरी फेज-1 एवं फेज-2, अवध विहार, ट्रांसपोर्ट नगर, जालपा नाला तथा तेलाई नाले के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को भी निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।इसके अतिरिक्त बैठक में अयोध्या शहर की कौशलपुरी एवं साकेतपुरी आवासीय योजनाओं के सामुदायिक पार्कों के सौंदर्यीकरण, तहसील सोहावल स्थित सुरवारी झील के संरक्षण व जीर्णोद्धार, शहर की 15 सड़कों व नालियों के निर्माण, फैजाबाद चौक क्षेत्र में मच्छरहट्टा पार्किंग निर्माण, पारंपरिक शवदाह स्थलों पर जनसुविधाओं का विकास, रामपथ के दोनों ओर रिक्त भूमि के सौंदर्यीकरण, सरयू नदी में फ्लोटिंग पब्लिक बाथिंग कुंड निर्माण, अयोध्या विकास प्राधिकरण व नगर निगम कार्यालय भवन निर्माण, स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत यात्री निवास निर्माण तथा फिरोजपुर उपरहार स्थित वशिष्ठ कुंज आवासीय योजना के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।उपाध्यक्ष अनुराज जैन ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि परियोजनाओं को समयबद्ध एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

## एकाक्ष फाउंडेशन ने ठंड से राहत की पहल, अंबेडकर नगर व फैजाबाद में कंबल वितरण से गरीबों के चेहरे खिले



**अयोध्या।** कड़ाके की ठंड से जूझ रहे जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से एकाक्ष फाउंडेशन के प्रबंधक हिमांशु शेखर तिवारी के नेतृत्व में अंबेडकर नगर और फैजाबाद जनपद में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ठंड से तड़पते हुए लोगों को कंबल वितरित किए गए, जिससे उन्हें सर्दी से काफी राहत मिली।

कंबल पाकर जरूरतमंद लोग काफी खुश नजर आए और उन्होंने एकाथ फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन की ओर से यह संदेश दिया गया कि समाज के कमजोर वर्गों की मदद करना ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है। स्थानीय लोगों ने इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।फाउंडेशन के प्रबंधक हिमांशु शेखर तिवारी ने रुस्तमपुर में कंबल वितरित करते हुए कहा समाज के कमजोर व आर्थिक दृष्टि से कमजोर लोगो के लिए उनका फाउंडेशन मदद के लिए हमेशा तत्पर है। इस अवसर लगभग डेढ़ सौ लोगो को कंबल वितरित किया गया। इस अवसर पर उमाकांत मिश्र, उपाध्यक्ष राज शेखर तिवारी, शोभा पांडेय,शिक्षक सपना मिश्रा, शिल्पी तिवारी, अध्यक्ष ऋषभ पांडेय, अंकित श्रीवास्तव, शिवेश पांडेय, देवमन यादव और अनन्या तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा में सेंध की कोशिश

## नमाज़ पढ़ने का प्रयास करते तीन संदिग्ध हिरासत में

*अवधनामा संवाददाता*

फोटो 1- पकड़ा गया संदिग्ध

अयोध्या।राम जन्मभूमि परिसर की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब तीन संदिग्ध व्यक्ति परिसर के भीतर घुस आए और नमाज़ पढ़ने का प्रयास करने लगे। सतर्क सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो युवकों और एक युवती को हिरासत में ले लिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीनों राम मंदिर के गेट छ-1 से परिसर में दाखिल हुए। इसके बाद सीता रसोई के समीप एक व्यक्ति नमाज़ पढ़ने के लिए बैठ गया। ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने जैसे ही यह देखा, तुरंत उन्हें रोककर हिरासत में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि तीनों की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हो रही थीं। रोके जाने पर युवकों ने नारेबाजी भी शुरू कर दी, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। सुरक्षाकर्मियों की तत्परता से किसी भी अप्रिय स्थिति को टाल दिया गया।हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान अबू अहमद शेख, निवासी शोपियां (कश्मीर) के रूप में बताई जा रही है। पकड़ी गई युवती का नाम सोफिया बताया गया है, जबकि तीसरे युवक की पहचान अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। तीनों ने खुद को कश्मीर का रहने वाला बताया है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, खुफिया एजेंसियां और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौके पर सक्रिय हो गए। संदिग्धों से गहन पूछताछ की जा रही है कि वे अयोध्या क्यों आए और उनका उद्देश्य क्या था। फिलहाल, इस पूरे मामले पर जिला प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, वहीं राम मंदिर ट्रस्ट ने भी चुप्पी साध रखी है। जांच एजेंसियां सुरक्षा में चूक के पहलुओं और संदिग्धों के संभावित इरादों की बारीकी से पड़ताल कर रही हैं।

## भाकियू कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी का किया घेराव

**अयोध्या।** बीकापुर तहसील परिसर में मंशाराम वर्मा के आमरण अनशन के समर्थन में आयोजित भारतीय किसान यूनियन की किसान महापंचायत में अधिकारियों के समय से न पहुंचने पर भाकियू कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए उप जिलाधिकारी का घेराव किया और कार्यालय के सामने पंचायत शुरू कर दी। पंचायत में उप जिलाधिकारी श्रेया, तहसीलदार दिनेश कुमार, नायब तहसीलदार घनश्याम शुक्ला व रामखेलावन, नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार राणा व अधिशासी अधिकारी अंजू यादव ने पहुंचकर किसानों की समस्याएं सुनीं। नसीरपुर मूसी वार्ड में वर्षों से बंद रास्ता खुलवाया गया तथा पिच रोड, नाली निर्माण, सब्जी मंडी स्थापना, तालाबों से अवैध कब्जा हटाने, छुट्टा पशुओं की समस्या, सड़क अवरोध व बिजली आपूर्ति सुधार का आश्वासन दिया गया।

# थाना समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

## भूमि विवादों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** थाना समाधान दिवस के अंतर्गत डीएम शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने थाना सफदरगंज पहुंचकर आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत लंबित एवं प्रमुख भूमि विवादों को चिन्हित करते हुए आपसी समन्वय के साथ मौके पर जाकर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े।थाना समाधान दिवस के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों मे गयाप्रसाद पुत्र रामेश्वर निवासी सैफपुर, रघुनाथ पुत्र बालगोविंद निवासी ग्राम मुस्काबाद, गुरुदयाल पुत्र जगन्नाथ निवासी जकरिया तथा गोल्ही पत्नी सत्यनाम निवासी महमूदाबाद के संबंध में अधिकारी द्वय द्वारा राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम का गठन कर आज ही मौके पर जाकर प्रकरणों का निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही निस्तारण आख्या निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रस्तुत करने तथा यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि भविष्य में इस प्रकार के विवादों की पुनरावृत्ति न हो। इस दौरान तहसीलदार नवाबगंज भूपेंद्र विक्रम सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना सफदरगंज सहित अन्य संबंधित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पूर्व समाधान दिवसों के प्रकरणों की समीक्षा एवं फीडबैक

इस अवसर पर पूर्व के थाना समाधान दिवसों में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की भी समीक्षा की गई। अधिकारी द्वय द्वारा निस्तारण आख्या का अवलोकन करते हुए दूरभाष के माध्यम से आवेदकों से संवाद कर फीडबैक प्राप्त किया गया। इस क्रम में श्री गणेश प्रसाद पुत्र राम सागर निवासी पंडरी सहित अन्य आवेदकों ने प्रकरणों में की गई कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया।

### फार्मर रजिस्ट्री एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रगति की समीक्षा

थाना समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित राजस्व निरीक्षक एवं लेखपालों से फार्मर रजिस्ट्री तथा डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही कार्यों के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे से संबंधित सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं।

# डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने बरेली में बीबीजी योजना का किया शुभारंभ, सपा-कांग्रेस पर साधा निशाना

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को बरेली दौरे के दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार की योजनाओं और विपक्ष की राजनीति पर खुलकर विचार रखे। इस दौरान उन्होंने बरेली में बीबीजी योजना का औपचारिक शुभारंभ किया और बताया कि 100 दिन को बढ़ाकर अब मनरेगा के तहत 125 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा इसका बजट अब एक लाख इक्यावन करोड़ का है । प्रेस वार्ता में केशव मौर्य ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें विकसित भारत और बीबीजी-रामजी योजनाओं की "ABCD तक की जानकारी नहीं है। उन्होंने दावा किया कि बिहार चुनाव के बाद सपा नेतृत्व परेशान है और उसका तथाकथित पीडीए मॉडल उत्तर प्रदेश में विफल होने जा रहा है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से भ्रष्टाचार की जननी रही है, जबकि भाजपा सरकार में योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। मौर्य ने कहा कि बीबीजी अधिनियम से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा और पारदर्शिता आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन का उल्लेख करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि शहरों के साथ-साथ गांवों का विकास सरकार की प्राथमिकता है। ग्राम्य उत्थान के बिना विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश का सपना अधूरा है।

### हज़रत सूफी मुनीर मियां र.अ. का 6 वा सलाना एक रोजा विसाली कुल मनाया गया

**बरेली।** खानकाहे आलिया मोहम्मदिया क़दीरिया मस्जिद रफीकुल औलिया में आज 10 जनवरी बारोज़ हफ्ता को बमुताबिक चांद 20 रजब को सूफी बसाफा हजरत मुनीर मियां रज़अ्ज़ के 6 वे विसाली कुल शरीफ की रस्म अदा की गई कुल शरीफ में मस्जिद रफीकुल औलिया के इमाम हजरत मौलाना मोहम्मद सलीम साहब ने खुसुसी तकरीर की और सूफी मुनीर मियां की हयाते जिंदगी पेश की नातख्वान हज़रात जनाब रिजवान रफीकी ने शाहजी रफीकुल औलिया रज़अ्ज़्की शान में शानदार क़लाम पेश किये जनाब सरताज मुनीरी ने भी शानदार मनक़बत पेश की खानकाह के सज्जादा नशीन हजरत मोहिब मियां साहब मोहम्मदी क़दीरी रफीकी साहब किबला ने खुसूसी दुआ की कुल शरीफ में नायब सज्जादा जनाब फ़य्युख साहब शामिल रहे तमाम अकीदतमंद हजरत कुल शरीफ में शामिल हुये जिनमे जनाब फ़ौज़ी मुमताज जनाब जहीर अहमद, जनाब नबीहसन रफीकी, जनाब नन्हे भाई अखलाक रफीकी, आमिर हुसैन शामिल रहे ।

## थाना समाधान दिवस मे उमड़ा फरियादीओ का जन सैलाब



**मसौली बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** शनिवार को नवागत प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता मे आयोजित थाना समाधान दिवस मे 4 शिकायते राजस्व से संबंधित आयी जिसके निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस टीम का गठन किया गया है। नवागत प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी के समक्ष कस्बा शहाबपुर निवासी अकील, ठकुरिया निवासी जगदम्बा, अमदहा निवासी उमेशचंद, व रोशन चक निवासी राम प्रसाद ने खेत की पैमाइश के लिए प्रार्थना पत्र दिया प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए राजस्व एव पुलिस टीम का गठन किया। नवागत थाना प्रभारी ने कहा कि अपराधियों पर नकेल कसना व अपराध नियंत्रण, विधि व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त कर अमन चैन कायम रखना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। सरकार के मिशन को इमानदारी से लागू कराना होगा।

## पूर्व सैनिक दिवस पर जाट रेजिमेंटल पीटी फील्ड में जुटेंगे पूर्व सैनिक व उनके परिवार

**बरेली।** पूर्व सैनिकों, उनके परिवारों, वीरांगनाओं और विधवाओं से पुनर्मिलन तथा उनकी समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से इस वर्ष भी पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन 14 जनवरी को किया जा रहा है। यह जानकारी कर्नल दिनेश एस. शुक्ला ने देते हुए बताया कि विगत वर्षों की भांति इस बार भी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों से सीधा संवाद स्थापित करना और उन्हें उपलब्ध सुविधाओं व नई योजनाओं की जानकारी देना है।

कार्यक्रम का मुख्य आयोजन स्थल जाट रेजिमेंटल पीटी ग्राउंड में होगा। कार्यक्रम की शुरुआत रीथ लेइंग से होगी, जिसमें पूर्व सैनिक आर्मी, नेवी और एयरफोर्स के अधिकारी, जेसीओ एवं जवान शामिल होंगे। इसके बाद स्टेशन कमांडर, चीफ ऑफ स्टाफ उत्तर भारत और जीओसी उत्तर भारत द्वारा रीथ ले की जाएगी। रीथ लेइंग के उपरांत सभी अतिथि मुख्य कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे।

सुबह करीब साढ़े दस बजे पूर्व सैनिकों का आगमन अपेक्षित है, जहां सबसे पहले उनके लिए जलपान की व्यवस्था की गई है। इसके बाद वे विभिन्न स्टॉल्स का लाभ उठा सकेंगे, जिनमें स्पर्श, ईसीएचएस, मेडिकल कैंप, बैंकिंग सेवाएं और रोजगार से जुड़ी संस्थाएं शामिल होंगी। लगभग 11ः20 बजे कर्नल दिनेश एस. शुक्ला द्वारा पूर्व सैनिकों को संबोधित किया जाएगा, जिसमें भारतीय सेना द्वारा पूर्व सैनिकों के लिए की गई पहल, नई योजनाओं और सहायता राशि की जानकारी दी जाएगी।

इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनमें झांझी, घटका और खुखरी डांस शामिल हैं। मुख्य अतिथि के आगमन पर बैंड डिस्प्ले होगा। कार्यक्रम के दौरान वृद्ध सैनिकों, वीर सैनिकों, वीरांगनाओं, विधवाओं और विक्ट्री कम रिलीफ फंड के आश्रितों को सहायता राशि प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। जीओसी उत्तर भारत के अभिभाषण के बाद वेटरन हैंडबुक का विमोचन होगा। धन्यवाद भाषण और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का औपचारिक समापन होगा, जिसके बाद स्टॉल्स का भ्रमण और सामूहिक भोज आयोजित किया जाएगा।

कर्नल शुक्ला ने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम का मूल उद्देश्य पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुनना, समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना और उनके साथ मजबूत जुड़ाव बनाए रखना है।

# विधायक सुरेश ने बुजुर्गो से करवाया इंटरलॉकिंग रोडो का उद्घाटन, बना चर्चा



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** सादर विधानसभा क्षेत्र के ईमानदार व गरीबो के मसीहा कहे जाने वाले विधायक धर्मराज सिंह उर्फ़ सुरेश यादव ने हमेशा की तरह इस बार भी व गाँव के बड़े बुजुर्ग एवं महिलाओं से इंटरलॉकिंग रोडो का फीता कटवा कर उद्घाटन करवाया। उनकी इस कार्य से ग्रामीणों मे चर्चा का विषय बना हुआ है और हर किसी की जुबान पर विधायक के लिए दुआ देते हुवे देखा गया। वहीं शनिवार को विकासखंड देवां के ग्राम ग्वारी, बरगदापुरवां, पासिनपुरवा व विकास खंड बंकी के ग्राम मंझपुरवा में अपनी निधि से बनी इंटरलॉकिंग रोड़ों का लोकार्पण करते हुऐ सदर विधायक सुरेश यादव ने कहा कि एसआईआर की जो सूची आयी है उसमें करीब जिले में चार लाख वोट कट गये हैं। और अब एसआईआर की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी हो गयी है। बूथ स्तर तक पहुंचेगी। मेरी जनता और मतदाताओं से अपील है कि अपना वोट देखें। वोट बनवाएं। भाजपा के झूठे नैरेटिव में न फंसे। भाजपा अभी तक एसआईआर के माध्यम से सबको परेशान कर रही है और एसआईआर से देश की जनता को परेशानी में डाला गया। बिहार में लोगों को सड़कों पर आना पड़ा। आंदोलन करना पड़ा। उन्होंने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा सर्व समाज के हित में काम किया है। किसानों, युवाओं, महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए किए गए कार्य आज भी लोगों के दिलों में बसे हुए है। और उन्होंने ने बताया की सपा सरकार के कार्यकाल में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में कई जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गईं। जिसका मुकाबला कोई अन्य सरकार कभी नहीं कर सकती। इस अवसर पर विश्राम यादव प्रधान, विनोद यादव प्रधान, गोविंद यादव, बलराम यादव, पूर्व प्रधान बालक राम यादव, विजय यादव प्रधान, क्रेस यादव, श्याम लाल यादव, प्रमोद यादव, विशाल यादव, प्रेम यादव, उमाशंकर यादव, राकेश यादव, श्रीमती शिवानी रावत, दीपक गुप्ता, बाबुल मिश्रा, शुशील यादव, आषुतोष यादव, त्रिभवन यादव, गुलशन यादव प्रधान, रमेश यादव प्रधान, अमित यादव, संतोष कुमार यादव, विजय यादव,रमेश यादव,कमलेश बाजपेई, सल्लू सिंह, दिलीप यादव, राधेश्याम यादव,नन्हे लाल यादव आदि लोग उपस्थित रहे

# खेल से हमें अनुसाशन और एकता की सीख मिलतीः नूर मोहम्मद



**मसौली बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता )** खेल शारीरिक विकास का साधन है । खेलों से युवाओं की शारीरिक प्रतिभा में उत्तरोत्तर वृद्धि होती है। और ग्रमीण अंचलों में छिपी प्रतिभाओ में निखार आता है। उक्त बातें शनिवार को ग्राम पंचायत बड़ागांव स्थित जमील उर रहमान किदवाई स्मारक स्टेडियम मे दो दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट का फीता काटकर उदघाटन करते हुए सपा विधायक गौरव कुमार रावत ने कही। उन्होंने कहा कि क्रिकेट पूरी दुनिया मे अंतराष्ट्रीय खेल के तौर पर खेला जाता हैं। ग्रमीण अंचलों में क्रिकेट के बेहतरीन प्रतिभाएं है जरूरत है उनमे निखार लाने की जिसके लिए सरकार को चाहिए कि गांव की इन प्रतिभाओ को संसाधन उपलब्ध कराकर अवसर देना चाहिए। विधायक गौरव रावत ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से ही खेलना चाहिए। खेल में हार जीत होती रहती है हार जीत से सबक लेकर खिलाड़ियों को आगे बढ़ना चाहिए। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने कहा कि खेल से आपसी एकता और भाईचारा बढ़ता है खेल से हमें अनुसाशन और एकता की सीख मिलती है उन्होंने कहा कि गांव में इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन कर ग्रामीण प्रतिभा को एक बेहतर मंच देने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 850 मरीजों की जाँच



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** रोटरी क्लब निचलौल के नेतृत्व में शनिवार को कस्बे के एक निजी मैरेज हाउस में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में केएमसी हॉस्पिटल महराजगंज के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने हड्डी रोग, स्त्री रोग, मूत्र रोग, नेत्र रोग, हृदय रोग, बाल रोग, गैस्ट्रो, मस्तिष्क रोग, फिजियोथेरेपी व क्रिटिकल केयर विभाग से संबंधित कुल 850 मरीजों की जाँच की। कार्यक्रम का उद्घाटन रोटरी क्लब निचलौल के अध्यक्ष रोटेरियन मानवेन्द्र सिंह ने किया।

इस अवसर पर रोटेरियन डॉ. पंकज तिवारी ने कहा कि रोटरी क्लब निचलौल पूर्व में भी समाजहित में ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करता रहा है और आगे भी यह सेवा कार्य जारी रहेगा। शिविर के दौरान अरुण पाण्डेय, विवेक चौरसिया, रजनीश केडिया, राजेन्द्र केसरी, कृष्ण मुरारी सिंह, संजय गुप्ता, प्रभात सोनी सहित अन्य रोटेरियन मौजूद रहे।

# 50 हजार की रिश्वत लेते दारोगा रंगे हाथ गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत एंटी करप्शन टीम ने एक बड़ी और प्रभावशाली कार्रवाई करते हुए पुलिस विभाग के एक उपनिरीक्षक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और प्रशासनिक हलकों में भी इसकी व्यापक चर्चा हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एंटी करप्शन टीम ने 2019 बैच के उपनिरीक्षक (दारोगा) मोहम्मद अशरफ खान को 50 हजार रुपये की घूस लेते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी मूल रूप से गाजीपुर जनपद का निवासी बताया जा रहा है और वर्तमान में महराजगंज जिले में तैनात था। यह मामला फरेंदा थाना क्षेत्र से जुड़ा बताया जा रहा है, जबकि इसका संबंध सदर कोतवाली क्षेत्र से भी सामने आ रहा है सूत्रों के मुताबिक,



आरोपी दारोगा के खिलाफ एंटी करप्शन विभाग को शिकायत प्राप्त हुई थी कि वह एक मामले में कार्रवाई से राहत देने और प्रकरण को दबाने के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए टीम ने पूरे प्रकरण की गोपनीय जांच शुरू की। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया। पूर्व निर्धारित रणनीति के तहत शिकायतकर्ता को रिश्वत की रकम के साथ आरोपी के पास भेजा गया। जैसे ही दारोगा ने 50 हजार रुपये की रिश्वत स्वीकार की, पहले से तैनात टीम ने उसे मौके पर ही रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पूरी रिश्वत की रकम बरामद कर ली गई। एंटी करप्शन टीम के प्रभारी शिवमनोहर यादव ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि मामले से जुड़े सभी दस्तावेज, लेन-देन से संबंधित साक्ष्य और तकनीकी प्रमाण संकलित किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आरोपी की भूमिका से जुड़े अन्य मामलों की भी जांच की जाएगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस घूसखोरी में कोई अन्य अधिकारी या कर्मचारी तो शामिल नहीं है। इस कार्रवाई के बाद पूरे पुलिस विभाग में खलबली मची हुई है। वहीं एंटी करप्शन टीम ने साफ किया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान निरंतर जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ बिना किसी दबाव के कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# निर्माण के तीन माह बाद टूटने लगी सड़क

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददात)** जनपद के सदर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बागापार से कटहरा ग्रामसभा को जोड़ने वाली पिच सड़क, जो राज्य मंडी परिषद द्वारा बनवाई गई थी, निर्माण के मात्र तीन माह के भीतर ही टूटने लगी है। सड़क की गिट्टियां उखड़ने लगी हैं और कई स्थानों पर सतह क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी की गई, कम मात्रा में तारकोल डाला गया और गिट्टियों की बिछावट भी सही तरीके से नहीं की गई। यह सड़क बागापार, शिवपुर, कटहरा खास, आजाद नगर सहित दर्जनों गांवों के लोगों की दैनिक आवाजाही का प्रमुख मार्ग है और प्राचीन शिव मंदिर कटहरा को भी जोड़ती है।

# भारत-नेपाल सीमा पर संदिग्ध घुसपैठ, विदेशी युवती हिरासत में



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था के बीच एक संदिग्ध घुसपैठ का मामला सामने आया है। महराजगंज जनपद के नौतनवां थाना क्षेत्र अंतर्गत बैरिया बाजार के पास पुलिस ने एक विदेशी युवती को हिरासत में लिया है। युवती कथित तौर पर पगडंडी रास्ते के जरिए भारत में प्रवेश करने का प्रयास कर रही थी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में युवती के पास से मिले दस्तावेजों के आधार पर उसके चायनीज नागरिक होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, उसकी पहचान और नागरिकता की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि युवती से पूछताछ जारी है, लेकिन भाषा संबंधी समस्या के कारण जानकारी जुटाने में दिक्कत आ रही है। सूत्रों के अनुसार सोनौली स्थित आव्रजन विभाग में फिलहाल चायनीज भाषा का ट्रांसलेटर उपलब्ध नहीं है। ऐसे में वाराणसी से ट्रांसलेटर की टीम बुलाने की प्रक्रिया शुरू की गई है, ताकि युवती से विस्तृत पूछताछ की जा सके। पुलिस और खुफिया एजेंसियां इस पूरे मामले को सीमा सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा के नजरिये से गंभीरता से ले रही हैं। ट्रांसलेटर के पहुंचने के बाद यह स्पष्ट हो सकेगा कि युवती भारत में किस उद्देश्य से प्रवेश कर रही थी और कहीं इसके पीछे किसी संगठित नेटवर्क की भूमिका तो नहीं है। फिलहाल युवती पुलिस हिरासत में है और सभी पहलुओं पर जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# आरटीओ कार्यालय में चल रहा भ्रष्टाचार का खेल

**रोड पर ओवर हाइट लादकर फर्राटा भरते वाहन, विभाग मौन**

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा का स्थानांतरण होने के बाद से निरंकुश हो चुके कुछ जिम्मेदारों द्वारा अपना सीयूजी नम्बर रिसीब नही किया जा रहा है जिससे पत्रकार व जनता अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे है। चर्चा की मानें तो वर्तमान में आलम यह है कि समाचार पत्रों द्वारा प्रकाशित किए गए भ्रष्टाचार की खबरों पर कार्यवाही करना तो दूर उसको संज्ञान में भी न लिए जाने से लूट को छूट दिए जाने जैसा लग रहा है। यदि जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा के वाट्सअप पर किसी के द्वारा भ्र्ष्टाचार से सम्बंधित खबरें भेजा जाता था य उनके मोबाईल पर फोन करके बताया जाता था तो उनके द्वारा त्वरित एक्शन लेते सम्बंधित अधिकारी के पास कार्यवाही हेतु भेजकर सम्बंधित को भी सूचित किया जाता था अब तो आलम यह है कि सभी जिम्मेदारों का फोन मातहत रिसीव करके कहते हैं कि साहब व्यस्त हैं।

निष्पक्ष जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा द्वारा खबरों को संज्ञान लेकर बार-बार कराए गए छापेमारी के चलते संभागीय परिवहन कार्यालय गोण्डा में पल रहे कई दलालों को जेल की हवा खानी पड़ी व सम्बंधित पटल लिपिक पर कार्यवाही होने से दलाल विलुप्त हो चुके थे जिस वजह से उनकी प्रसंशा आज भी जनपदवासी कर रहे हैं।

अब आलम यह है कि शाम 05:30 बजे के बाद आरटीओ कार्यालय में दलाल कुर्सी पर बैठकर कम्प्यूटर में डाटा फीड करते नजर आते है और कार्यालय में दलालों की भरमार रहती है। आरटीओ विभाग के जिम्मेदार कर्मचारी इतने भयमुक्त हो गए हैं कि वह सिर्फ कार्यवाही के नाम खानापूर्ति कर अपनी पीठ थपथपाते रहते हैं। यदि खबर प्रकाशित भी हो तो कोई अधिकारी संज्ञान तक नही लेता। यदि पत्रकारों द्वारा उनके सीयूजी नम्बर पर फोन करके जानकारी देने का प्रयास किया जाता है तो उनके मातहत ही फोन रिसीव कर बताते हैं कि साहब व्यस्त हैं। बताया जाता है कि रानीबाजार के निकट बने राइस मिल से निकल रहे भूसियों को दर्जनों वाहनों पर ओवर हाइट लादकर भीड़-भाड़ वाले रानीबाजार से प्रतिदिन शाम 06 बजे के बाद रात्रि 10 बजे तक ले जाया जाता है जिससे भविष्य में कोई भी अप्रिय घटना घटित होने की आशंका स्थानीय निवासियों सहित अन्य लोगों द्वारा जताया जा रहा है। इतना ही नही सुभगपुर रेलवे स्टेशन पर सीमेंट की रैक आने पर बगैर कॉमर्शियल में पंजीकृत दर्जनों ट्रैक्टर ट्राली द्वारा ओवरलोड सीमेंट लादकर गन्तव्य तक पहुंचाया जा रहा है जिस पर विभाग न जाने किस मोह-पास के चलते कार्यवाही नही की जा रही है जो जांच का विषय है।

**फिटनेस करते समय रहती दलालों की भरमार**

बताया जाता है कि अधिकारियों द्वारा वाहनों का फिटनेस करने के दौरान इस कदर दलालों का भरमार रहता है कि एक के बाद दूसरे दलाल द्वारा अपने अपने सेटिंग का वाहन बताकर फिटनेस कराया जाता है जिससे सभी खुश रहते हैं।

# पंचायत चुनाव से पहले कई गांवों की मतदाता सूची में बड़ा फर्जीवाड़ा

**अवधनामा संवाददाता**

**गंभीर गड़बड़ियों और फर्जीवाड़े के मामले लगातार हो रहे उजागर**

**गोण्डा।** कर्नलगंज त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले हलधरमऊ विकास खंड क्षेत्र में मतदाता सूची को लेकर गंभीर गड़बड़ियों और फर्जीवाड़े के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। कई ग्राम पंचायतों में मृतकों, बाहरी लोगों और शादीशुदा बेटियों के नाम सूची में दर्ज किए जाने के साथ-साथ वास्तविक मतदाताओं के नाम काटे जाने के आरोप लगे हैं। सबसे गंभीर मामला पूर्व प्रधान के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर मतदाता सूची में आपत्ति दाखिल करने का सामने आया है।

बमडेरा ग्रामसभा के पूर्व प्रधान अजय कुमार पाण्डेय ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में 21 वैध नाम छूट गए, जबकि 57 ऐसे नाम शामिल कर दिए गए जो या तो मृत हैं या गांव से बाहर रह रही शादीशुदा महिलाएं हैं। इन नामों को हटाने और 20 डबल नामों के संशोधन के लिए उन्होंने उपजिलाधिकारी कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन वह पत्र रहस्यमय तरीके से गायब हो गया। आरोप है कि इसके बाद उनके फर्जी हस्ताक्षर कर 45 नाम जोड़ने का दूसरा प्रार्थना पत्र विपक्षियों द्वारा दाखिल कर दिया गया। चकसेनिया गांव के संजय तिवारी ने बताया कि गांव में 40 मृत लोगों के नाम हटाने के लिए आपत्ति दी गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शशि तिवारी का नाम तक बदल दिया गया है। कपूरपुर के पूर्व प्रधान रामनाथ दूबे ने बताया कि बटौराबख्तावर गांव के 50 लोगों को फर्जी तरीके से यहां की मतदाता सूची में शामिल कर दिया गया है,जिनमें से करीब 30 लोग गांव के निवासी ही नहीं हैं। इस संबंध में आपत्ति दर्ज कराई गई है। भुलभुलिया गांव की ग्राम प्रधान रश्मि सिंह ने बताया कि बेवजह 12 मतदाताओं के नाम सूची से काट दिए गए हैं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम व एसपी ने किया जनसुनवाई




**अवधनामा संवाददाता**

**समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश**

**उसका बाज़ार सिद्धार्थनगर।** स्थानीय थाने पर शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस (थाना दिवस) का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन सिद्धार्थनगर द्वारा थाना उसका बाजार पर जनसुनवाई किया गया। थाना दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों के सम्बन्ध में जनता की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया एवं उसके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उक्त थाना दिवस में प्रभारी निरीक्षक थाना उसका बाजार सहित राजस्व/पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

जनसुनवाई के उपरांत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जनपद में चल रही कड़कड़ाती सर्दी को देखते हुए गरीब, असहाय, वृद्धजनों एवं जरूरतमंद लोगो को कम्बल वितरित किए गए।

# स्वामी विवेकानंद युवा पखवारा पर गूंजा, उठो-जागो का संदेश

**चिल्हिया में दुर्गा मंदिर परिसर में भव्य आयोजन, युवाओं ने रैली निकालकर किया जन-जागरण**

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** एकल अभियान के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद युवा पखवारा दिवस के उपलक्ष्य में संच उदयराजगंज अंचल की ओर से चिल्हिया स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, स्वयंसेवकों और कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर समाज को सकारात्मक संदेश दिया। रैली में उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको जैसे प्रेरणादायी नारों के साथ युवाओं ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया।

रैली दुर्गा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः आयोजन स्थल पर पहुंची, जहां विचार गोष्ठी एवं प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राम शंकर वर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को राष्ट्र की रीढ़ बताते हुए आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और सेवा को जीवन का मूल मंत्र माना। उनके विचार आज भी युवाओं को दिशा देने वाले हैं। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने तथा समाज व राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस मौके पर महिला संच समिति की संगीता, सीमा मिश्रा, गणेश, राम भवन, मुन्नी लाल, शालू आदि ने भी विचार व्यक्त किया। संचालन आचार्य राम फेर ने किया। आयोजन में स्थानीय नागरिकों, युवाओं और एकल अभियान के कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।

# गोंडा सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष बने विजय प्रकाश

**गोंडा।** सिविल बार एसोसिएशन के चुनाव परिणाम देर रात घोषित कर दिए गए। विजय प्रकाश त्रिपाठी अध्यक्ष चुने गए, जबकि गौरी शंकर चतुर्वेदी ने महामंत्री पद पर जीत हासिल की।

प्रदीप मिश्रा कोषाध्यक्ष बने। अध्यक्ष पद के कड़े मुकाबले में विजय प्रकाश त्रिपाठी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राम लक्ष्मण तिवारी को हराया है। महामंत्री पद पर गौरी शंकर चतुर्वेदी ने जितेंद्र बहादुर सिंह को पराजित किया है।कार्यसमिति में मृत्युंजय शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष और अरुण शुक्ला कनिष्ठ उपाध्यक्ष चुने गए हैं। चुनाव प्रक्रिया कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मतदान के बाद मतों की गिनती के दौरान प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में उत्सुकता बनी रही। परिणामों की घोषणा होते ही कचहरी परिसर जयकारों से गूंज उठा। विजयी पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।

# सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर लोगों का करें सहयोग : पूर्व मंत्री

**कंबल वितरण केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि संवेदनशील और सेवा भाव से भरी भाजपा की कार्यसंस्कृति का परिचय**

**अवधनामा संवाददाता**



**इटवा सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बिस्कोहर के वार्ड नंबर 5 अटल नगर (दलपत नगर) में शनिवार को जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सतीश द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कंबल वितरण का यह कार्यक्रम वरिष्ठ भाजपा नेता शिवपति उपाध्याय द्वारा आयोजित किया गया था।

पूर्व मंत्री डॉ. द्विवेदी ने इस अवसर पर जरूरतमंद लोगों को कंबल प्रदान किए। डॉ. द्विवेदी ने कहा कि कंबल वितरण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संवेदनशील और सेवा भाव से भरी भाजपा की कार्यसंस्कृति का परिचय है। उन्होंने जोर दिया कि पार्टी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र पर कार्य करती है।

पूर्व मंत्री ने भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों को पक्का मकान, आयुष्मान भारत योजना से 5 लाख रुपए तक का निशुल्क इलाज, उज्ज्वला योजना से माताओं-बहनों को गैस कनेक्शन, किसान सम्मान निधि से किसानों को सीधी आर्थिक सहायता, और निशुल्क राशन योजना से करोड़ों परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।

डॉ. द्विवेदी ने कहा कि उनके नेतृत्व में यह क्षेत्र विकास और जनसेवा की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि वे सरकारी योजनाओं की सही जानकारी जरूरतमंदों तक पहुँचाएँ और उन्हें उनका अधिकार दिलाने में सहयोग करें। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से भी ठंड, बाढ़ और सूखे जैसी परिस्थितियों में जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने का आह्वान किया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बिस्कोहर अजय गुप्ता, जसवंत सिंह, फतेह बहादुर उर्फ पप्पू सिंह, पशुपति सिंह, राकेश उपाध्याय, सदानंद शुक्ला, नृपेंद्र सिंह, रवि सिंह, गोकरन पाठक, मिंटू मिश्रा, चिनकाऊ कसौधन, साधु अवस्थी, रामनरेश पासवान, मनीराम प्रजापति, अरविंद कसौधन, रामसूरत शर्मा, खेमराज यादव सहित पार्टी पदाधिकारीगण एवं स्थानीय जनता उपस्थित रही।

# नहजुल बलागा कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद

**अवधनामा संवाददाता**



**अम्बेडकरनगर।** नहजुल बालागाह कार्यक्रम आज तैयारी मुकम्मल कार्यक्रम में एतिहासिक भीड़ आने की संभावना अंबेडकरनगर बड़ा इमामबाड़ा मीरानपुर में आज 11 जनवरी को हजरत अली की याद में प्रस्तावित नहजुल बलागा कॉफ्रेंस की तैयारी पूरी हो चुकी है।

सम्मेलन के आयोजक मौलाना सैयद हैदर अब्बास रिजवी ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य मौला अली के दर्शन, विचारधारा और जनहित व समाजहित में दिए गए संदेशों से आमजन को परिचित कराने के अतिरिक्त उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करने पर बल देना है। मौलाना हैदर अब्बास ने बताया कि मौला अली के पैगाम को जैसे जैसे लोग जान रहे है उनके जीवन और दूसरे के साथ बर्ताव में काफी पॉजिटिव परिवर्तन आ रहा है, उन्होंने कहा कि समाज को अबतक इस किताब का नाम तो मालूम था लेकिन ज्यादातर तर लोग इस किताब की बातों से दूर थे ऐसे में उन लोगों तक यह कोशिश की गई है कि बताया जाए कि इस किताब में मौला अली ने जिंदगी और दुनियावी बातों से जुड़ी बातों के बारे में क्या बताया है ।

उन्होंने कहा कि दो सत्र में दिनभर चलने वाले इस सम्मेलन की अध्यक्षता मौलाना सैयद जहीर अब्बास मुंबई और मौलाना सैयद नदीम रजा जैदी प्रवक्ता वसीका अरबी कालेज अयोध्या करेंगे। जबकि संचालन का दायित्व लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अब्बास रजा नैयर जलालपुरी संभालेंगे। और बतौर वक्ता मौलाना एहतिशाम अब्बास जैदी जौनपुर, मौलाना मुशाहिद आलम रिजवी हल्लौर, मौलाना शाहिद हुसैन मौसम अलीगढ़, डॉ. शौकत अली मिर्जा हैदराबाद, डॉ. सैयद जैगम अब्बास लखनऊ मौजूद रहेंगे। इसी क्रम मौलाना सैयद नूरुल हसन मछलीगांव तथा मौलाना डॉ. रहबर रजा सुल्तानी जलालपुर नहजुल बलागा किताब के उपदेशों पर चर्चा कराएंगे। सुबह 09 से 12 तथा दोपहर 02 से शाम 05 तक दोनों सत्रों की शुरूआत कुरान के पाठ से मौलाना कारी एजाज हुसैन करेंगे। कार्यक्रम में ज्यादा लोगों की भीड़ को देखते हुए वालंटियरों की संख्या और इंतजाम कारों को दिशा निर्देश देर रात तक दिए जाते रहे ।

# संघ शताब्दी वर्ष पर जोगिया में विशाल हिंदू सम्मेलन



**अवधनामा संवाददाता**

**क्षेत्रप्रचार प्रमुख सुभाष जी ने पंच परिवर्तन का दिया संदेश**

**जोगिया सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष अंतर्गत जोगिया में शनिवार को हिंदू सम्मेलन समिति के तत्वावधान में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज में चेतना, जागरूकता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को सुदृढ़ करना रहा।कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदू सम्मेलन समिति के अध्यक्ष दिवाकर विक्रम सिंह ने की।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रप्रचार प्रमुख सुभाष जी रहे। अपने ओजस्वी एवं प्रेरक उद्बोधन में उन्होंने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक 'पंच परिवर्तन' पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने सामाजिक समरसता, हिंदू समाज की एकता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुम्ब प्रबोधन तथा नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता को समय की आवश्यकता बताते हुए समाज को संगठित होकर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए अध्यक्ष दिवाकर विक्रम सिंह ने कहा कि संघ का शताब्दी वर्ष केवल उत्सव का नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्वों और संकल्पों को पूर्ण करने का अवसर है।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्रीष चौधरी, महेंद्र लोधी, राजेश दूबे, बिपुल, अभय, विशाल, शिवेंद्र, अविनाश, दुर्गेश, राजकुमार सिंह, दीपक मौर्य, रिंकू पाल, फूलचंद, सत्यप्रकाश, विपिन, गोपाल मिश्रा, रत्नेश सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# कटाव निरोधक कार्य हेतु 4 करोड़ 67 लाख 56 हजार की धनराशि स्वीकृति

**अवधनामा संवाददाता, सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा विधानसभा क्षेत्र कपिलवस्तु अंतर्गत ग्राम पंचायत अमरिया टोला संगलदीप के सुरक्षार्थ कटाव निरोधक कार्य की परियोजना हेतु 4 करोड़ 67 लाख 56 हजार की स्वीकृति प्रदान की गई है।



उक्त जानकारी देते हुए सदर विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम है। कटाव निरोधक कार्य पूर्ण होने के उपरांत ग्राम पंचायत अमरिया टोला संगलदीप सहित आसपास के क्षेत्रों को बाढ़ एवं कटाव से स्थायी सुरक्षा प्राप्त होगी, जिससे स्थानीय जनता को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनहित एवं जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को निरंतर गति प्रदान कर रही है। कपिलवस्तु की देवतुल्य जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए क्षेत्र में विकास की यह श्रृंखला आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# डीएम ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उसका बाजार का औचक निरीक्षण




**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, उसका बाजार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने पंजीकरण कक्ष, पूछताछ केन्द्र, दवा वितरण कक्ष को देखा। आज ओपीडी में 68 मरीज आये थे। पैथॉलाजी में 8 मरीज आये थे। निरीक्षण के दौरान वैक्सीन फीज बन्द पाया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। निरीक्षण के दौरान एमओआईसी अनुपस्थित पाये गये जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। जनऔषधि केन्द्र में दवा वितरण नही हो रहा था सिर्फ 2 लोगो को दवा दिया गया था। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 24 घन्टे स्वास्थ्य केन्द्र खुला रहना चाहिए। जिलाधिकारी द्वारा औषधि भण्डार कक्ष को भी देखा गया।

# आशीर्वाद सेवा ट्रस्ट ने जरूरतमंदों को बांटे कम्बल

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** कड़कड़ाती सर्दी के इस मौसम में, जब लोग गर्माहट तलाश रहे हैं, आशीर्वाद सेवा ट्रस्ट ने सेवा और सामाजिक सद्भाव की एक मिसाल पेश की है। महिला अस्पताल परिसर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोतवाल संतोष कुमार सिंह और प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रामा वर्मा , दरोगा ममता यादव ने जरूरतमंद मरीजों और गरीब परिवारों को गर्म कंबल और पौष्टिक खजूर के पैकेट वितरित किए गए। व्यापारी कृष्ण कुमार गुप्ता रिनु ने इस अभियान को अपनी नैतिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा, समृद्धि तभी सार्थक है जब उसका लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों की मदद करना हमारा कर्तव्य है। इस सेवा कार्य के दौरान स्मिता सिंह, कुलदीप अग्रहरि, आलोक बाजोरिया, विनोद मल्होत्रा,अमित टंडन, रोहित जायसवाल, संदीप गुप्ता, अरुण यादव, रामदौर मिश्र,सौरभ गुप्ता,बालमुकुंद गुप्ता, श्याम जयसवाल और विकास निषाद समेत मौजूद रहे। यह कार्यक्रम केवल सहायता वितरण तक सीमित नहीं था, बल्कि यह एक प्रेरणादायक संदेश था।

# सड़क दुर्घटना में होने वाली अधिकांश मौतें लापरवाही और यातायात नियमों की अनदेखी : प्राचार्य

**मां तिलेसरा देवी पी0जी0 कॉलेज, भसड़ा टांडा अंबेडकरनगर में सड़क सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता की हुई शपथ**

**सड़क सुरक्षा को जीवन को बचाने का शशक्त माध्यम : डॉ0 शिवानी श्रीवास्तव**

**अवधनामा संवाददाता**



**अम्बेडकरनगर।** सड़क सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में मां तिलेसरा देवी पी0जी0 कॉलेज, भसड़ा टांडा, जनपद अंबेडकर नगर के प्रांगण में एक सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। शपथ कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने यह प्रतिज्ञा ली कि वे स्वयं वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पूर्ण पालन करेंगे, हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करेंगे, ओवरस्पीडिंग से बचेंगे तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज के अन्य लोगों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुधीर श्रीवास्तव ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली अधिकांश मौतें केवल लापरवाही और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं। यदि हम सभी नियमों का ईमानदारी से पालन करें तो अनेक कीमती जिंदगियों को बचाया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य नियंता डॉ0 सुशील कुमार, बी0एड0 विभागाध्यक्ष डॉ0 अश्वनी कुमार, एन0एस0एस0 कार्यक्रमाधिकारी श्री अभिषेक पांडेय (प्रथम इकाई) एवं डॉ0 शिवानी श्रीवास्तव (द्वितीय इकाई) ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सड़क सुरक्षा को जीवन से जोड़ने पर बल दिया। वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और समाज में सकारात्मक संदेश फैलाएं।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं में श्री सुनील कुमार वर्मा, श्री अरुण कुमार, डॉ0 अमित शर्मा, डॉ0 रामपाल यादव, श्री शिव प्रकाश, श्री इंद्रेश कुमार सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। वहीं छात्र-छात्राओं में नेहा वर्मा, अंजली, नैंसी, अंतिमा, रूबी, सीपी, गरिमा, आभा, नंदिनी, किरण, रोली, कुसुम, सुमन, वंदना वर्मा, प्रीति सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का समापन सड़क सुरक्षा को लेकर सामूहिक संकल्प एवं जागरूकता संदेश के साथ किया गया। आयोजकों ने आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होंगे।

# ग्राम पंचायतों में तैनात पंचायत सहायकों ने खण्ड विकास अधिकारी बढ़नी को सौंपा ज्ञापन



**अवधनामा संवाददाता**

**बीडीओ बढ़नी ने समस्याओं का समाधान करने का दिया आश्वासन, कहा जल्द पंचायत भवनों में मिलेगी सुविधाएं**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खंड बढ़नी क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में तैनात दर्जनों पंचायत सहाय?कों ने शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी बढ़नी को मोबाइल तथा मोबाइल रिचार्ज एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा है।

ग्राम पंचायत स्तर पर तैनात पंचायत सहायक वैभव मिश्रा, अजय कुमार यादव, दौलतराम आदि लोगों का कहना है कि सभी ग्राम पंचायतों के समस्त पंचायत सहायकों को मोबाइल, मोबाइल रिचार्ज एवं आवश्यक सामाग्री उपलब्ध न होने के कारण विभागीय कार्यों को करने में असुविधा हो रही है। जिससे समस्त विभागीय कार्य समय से सम्पन्न नहीं हो पा रहा है। पूर्व में जिला पंचायतराज अधिकारी द्वारा इस विषय में पत्र जारी किया जा चुका है। जबकि जमीनी स्तर पर सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। जिससे कार्य करने में समस्या हो रही है।

उक्त संबंध में खंड विकास अधिकारी बढ़नी अनिशि मणि पांडेय ने जल्द ही समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया है। उनका कहना है कि ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत भवनों में सुविधाएं मिलने से ग्रामीणों को अपना कार्य कराने में आसानी और सुविधाजनक होगी। जिससे लोगों को इधर उधर भाग दौड़ नहीं करना पड़ेगा।

# 'दीदी' की हरी फाइल

ऐसा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ही कर सकती हैं। अतीत की कई घटनाएं उनकी हरकतों और राजनीति की साक्षी रही हैं। स्वतंत्र और लोकतांत्रिक भारत में कदाचित यह पहली बार हुआ है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी प्रमुख केंद्रीय जांच एजेंसी छापा मारे और वहां की मुख्यमंत्री महत्वपूर्ण फाइलें, दस्तावेज और अन्य साक्ष्य उठा कर चल दे। यह कानूनी अपराध भी है और ममता इसे भली-भांति जानती भी हैं। ईडी ने 'इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी' (आई-पैक) के सह-संस्थापक प्रतीक जैन के घर और दफ्तर पर छापे की कार्रवाई की थी। कोलकाता में 6 और दिल्ली में 4 ठिकानों पर एक ही दिन में छापे मारे गए थे। यह सूचना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तक पहुंची, तो हडक़ंप मच गया, क्योंकि प्रतीक जैन सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के आईटी प्रकोष्ठ के मुखिया भी हैं। बेशक आई-पैक की स्थापना प्रशांत किशोर ने की थी, लेकिन उन्होंने अब एक राजनीतिक दल बना कर बिहार से राजनीति शुरू कर दी है और उनके उम्मीदवार चुनाव मैदान में भी उतरे थे। अब आई-पैक के प्रथम निदेशक प्रतीक जैन हैं। वह ममता के राजदार और चुनावी रणनीतिकार भी हैं, लिहाजा छापेमारी की सूचना के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, राज्य के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार के साथ, पहले प्रतीक के घर गईं और फिर दोपहर में तीन घंटे आई-पैक के दफ्तर में रहीं। जब बाहर आकर वह मीडिया से मुखातिब हुईं, तो उनके हाथ में हरे रंग की एक फाइल थी। उन्होंने फाइल को अपने सीने से मजबूती के साथ लगाया हुआ था। मुख्यमंत्री ने चुनाव से पहले केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के मद्देनजर केंद्र सरकार को कोसा। खासकर गृहमंत्री अमित शाह के लिए कड़े शब्दों का इस्तेमाल किया।

ममता पहले भी गृहमंत्री को 'दुर्योधन' और 'दुशासन' करार दे चुकी हैं। ममता का बुनियादी आरोप था कि उनकी पार्टी की चुनावी रणनीति, उम्मीदवारों के विवरण, बूथवार रणनीति को लूटने के लिए यह छापेमारी कराई गई है। आखिर ईडी किसी भी पार्टी की राजनीतिक, चुनावी रणनीति जानने को छापे क्यों मारेगा? यह उसका संवैधानिक जनादेश नहीं है। ईडी मनी लॉन्ड्रिंग, आर्थिक घोटालों, हवाला, काला धन आदि की ही जांच करता है। राजनीति के औसतन मात्र 2-3 फीसदी ही मामले होते हैं, जिनमें ईडी दखल देकर जांच करता है और अदालत में आरोप-पत्र दाखिल करता है। यदि ईडी की छापेमारी की सजा-दर बेहद कम है, तो उसकी जवाबदेही अदालत की होनी चाहिए, क्योंकि सजा अदालतें ही तय करती हैं। आखिर ममता बनर्जी की उस हरी फाइल में क्या सूचनाएं, रहस्य, ब्यौरे बंद थे कि उस फाइल को कब्जाने, मुख्यमंत्री होने के बावजूद, वह प्रतीक जैन के घर और दफ्तर तक पहुंच गईं? चुनावी रणनीति के आरोप बेमानी हैं, क्योंकि जमीनी स्तर पर सक्रिय राजनीतिक दल अपने प्रतिद्वंद्वियों की रणनीति और संभावित उम्मीदवारों की जानकारी रखते हैं। चूंकि ईडी ने 2020 के कोयला घोटाले एवं तस्करी के संदर्भ में आई-पैक और प्रतीक जैन पर छापेमारी की थी, लिहाजा उस फाइल में हवाला लेन-देन, मनी लॉन्ड्रिंग, पार्टी के चंदे, पैसा वितरण का रिकॉर्ड आदि की जानकारियां हो सकती हैं। यह आरोप ईडी का भी है, जिसने कोलकाता उच्च न्यायालय में याचिका दी है।

# प्रभु रामः आस्था का सेतु और मानवता का शाश्वत संदेश

आज 11 जनवरी को जब अयोध्या में प्रभु श्री राम के दिव्य विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ (तिथि अनुसार) मनाई जा रही है, तो यह केवल एक मंदिर का उत्सव नहीं, बल्कि उन मानवीय मूल्यों का पर्व है जो सदियों से भारतीय समाज को जोड़े हुए हैं। श्री राम का व्यक्तित्व किसी भौगोलिक सीमा या विशेष विचारधारा तक सीमित नहीं है; वे एक ऐसी 'मर्यादा' के प्रतीक हैं जो हर मनुष्य के लिए अनुकरणीय है। आज का दिन आत्मचिंतन का है कि हम उनके जीवन से उन सूत्रों को कैसे निकालें जो आज के आधुनिक और अशांत समाज को नई दिशा दे सकें।


दिलीप पाठक

प्रभु श्री राम का आध्यात्मिक पक्ष हमें भीतर के रावण को जीतने की प्रेरणा देता है। अध्यात्म की दृष्टि में राम का अर्थ है–वह जो कण-कण में रमण करता है। जब हम राम की बात करते हैं, तो हम एक ऐसे चरित्र की बात करते हैं जिसमें धैर्य, करुणा और न्याय का अद्भुत संतुलन है। आज के आपाधापी भरे दौर में, जहाँ मानसिक तनाव और रिश्तों में बिखराव बढ़ रहा है, राम का संयम हमें सिखाता है कि विषम परिस्थितियों में भी अपनी मर्यादा और विवेक को कैसे जीवित रखा जाए। उनका जीवन संदेश देता है कि शक्ति का वास्तविक अर्थ दूसरों पर अधिकार करना नहीं, बल्कि दूसरों की रक्षा और सेवा करना है। सामाजिक सरोकार की दृष्टि से देखें तो श्री राम का चरित्र समावेशी समाज की सबसे सुंदर आधारशिला है। वनवास के दौरान उन्होंने राजसी वैभव को त्यागकर समाज के सबसे अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को गले लगाया। निषादराज के साथ उनकी मित्रता, शबरी के जूठे बेर खाना और वंचित शक्तियों को संगठित करना यह दर्शाता है कि राम अंत्योदय के प्रथम प्रणेता थे। उनका प्रेम किसी जाति, वर्ग या संप्रदाय का मोहताज नहीं था। आज के समाज को, जहाँ दूरियां बढ़ रही हैं, राम के इस 'समरसता' वाले स्वरूप की सबसे अधिक आवश्यकता है। वे सिखाते हैं कि समाज तभी सशक्त होता है जब वह भेदभाव से ऊपर उठकर एक-दूसरे का संबल बनता है। महिलाओं के प्रति प्रभु राम का दृष्टिकोण सम्मान और गरिमा की पराकाष्ठा है। अहिल्या का उद्धार हो या माता शबरी का सम्मान, राम ने सदैव स्त्री शक्ति को उनकी योग्यता और भक्ति के आधार पर सर्वोच्च स्थान दिया। उन्होंने सिद्ध किया कि एक आदर्श समाज वही है जहाँ नारी की गरिमा सुरक्षित हो और उसे निर्णय लेने की स्वतंत्रता प्राप्त हो। आज जब हम महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं, तो राम का चरित्र हमें याद दिलाता है कि स्त्री के प्रति सम्मान केवल शब्दों में नहीं, बल्कि आचरण में होना चाहिए। राम का व्यक्तित्व यह संदेश देता है कि एक पुरुष की असली महानता उसकी शक्ति में नहीं, बल्कि स्त्री की गरिमा के प्रति उसकी संवेदनशीलता में निहित है। राम का रामराज्य केवल एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं थी, बल्कि वह एक कल्याणकारी समाज का सपना था, जहाँ दैहिक दैविक भौतिक तापा, राम राज नहिं काहुहि ब्यापा (अर्थात जहाँ किसी को कोई कष्ट न हो)। यह विचार हर मनुष्य के लिए एक समान सुखद है, क्योंकि हर धर्म का अंतिम लक्ष्य शांति और लोक-कल्याण ही है। राम सबके हैं क्योंकि वे करुणा के सागर हैं। उनका व्यक्तित्व एक ऐसे पुल की तरह है जो अलग-अलग विचारों को आपस में जोड़ता है। राम का अर्थ संघर्ष नहीं, बल्कि संवाद और समन्वय है, जो आज की विभाजित दुनिया को एकता के सूत्र में पिरो सकता है। प्रभु राम का जीवन हमें यह भी सिखाता है कि न्याय केवल शक्तिशाली के लिए नहीं, बल्कि निर्बल के लिए भी सुलभ होना चाहिए। उनकी न्यायप्रियता में शत्रु के प्रति भी शिष्टाचार और सम्मान का भाव छिपा है, जो हमें सिखाता है कि वैचारिक मतभेदों के बावजूद मानवीय गरिमा को बनाए रखा जा सकता है। आज जब हम इस दूसरी वर्षगांठ का आनंद ले रहे हैं, तो हमें अपने पर्यावरण और प्रकृति के प्रति भी उसी प्रेम का संकल्प लेना चाहिए जो राम ने अपने वनवास के दौरान दिखाया था। उन्होंने प्रकृति के हर जीव और वृक्ष को अपना मित्र माना, जो आज के वैश्विक पर्यावरण संकट के दौर में सबसे बड़ी सीख है। अंततः राम की भक्ति का वास्तविक अर्थ उनके आदर्शों को अपने आचरण में उतारना है। यदि हम अपने हृदय में क्षमा, त्याग और परोपकार के दीप जला सकें, तो वही इस उत्सव की सार्थकता होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले से आह्वान किया था कि ऐसे एक लाख युवाओं को सार्वजनिक जीवन में लाया जाना चाहिए, जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि न हो। प्रधानमंत्री की इसी भावना से प्रेरित होकर जनवरी 2025 में विकसित भारत युवा नेता संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें राष्ट्रीय युवा महोत्सव की परिकल्पना पूरी तरह से नए प्रारूप में की गयी है। प्रतिक्रिया अभूतपूर्व रही। विकसित भारत चुनौती के माध्यम से 30 लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया, दो लाख से अधिक निबंध प्रस्तुत किए गए और हजारों युवाओं ने राज्य स्तर पर अपने विचार प्रस्तुत किए।**

# संवाद : विकसित भारत के लिए युवा नेतृत्व का सशक्तिकरण

भारत की विकास कथा उन लोगों द्वारा लिखी जाएगी, जो आज इसके विचारों को स्वरुप दे रहे हैं। पूरे देश में, युवा भारतीय इस बारे में गहराई से सोच रहे हैं कि भारत कैसे तेज़ी से आगे बढ़ सकता है, कैसे बेहतर शासन कर सकता है और किस प्रकार 2047 तक विकसित देश बन सकता है। उनके विचार विश्वविद्यालय परिसरों और समुदायों, स्टार्ट-अप और खेल के मैदानों, कक्षाओं और गांव की बैठकों में उभरकर सामने आ रहे हैं। वास्तविक सवाल अब यह नहीं रहा कि क्या युवाओं के पास योगदान देने के लिए कुछ है, बल्कि यह है कि क्या उनके विचारों को राष्ट्र की दिशा को प्रभावित करने के लिए एक सशक्त मंच दिया जा रहा है। विकसित भारत युवा नेता संवाद (वीबीवाईएलडी) को ऐसा ही मंच प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।


डॉ. मनसुख मांडविया

आज भारत में विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी निवास करती है। इसलिए यह स्वाभाविक ही है कि राष्ट्र के भविष्य की दिशा केवल नीतियों या संस्थाओं से नहीं, बल्कि इसके युवा नागरिकों की कल्पना, दृढ़ विश्वास और साहस से निर्धारित होगी। विशाल युवा शक्ति का यह भंडार केवल जनसांख्यिकीय लाभ नहीं है; यह भारत की सबसे बड़ी राष्ट्रीय परिसंपत्ति है, जो नवाचार को गति देने, लोकतंत्र को मजबूत करने तथा देश को समावेशी और सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ाने में सक्षम है।



भारत की युवा पीढ़ी की आकांक्षाओं को मजबूत उद्देश्य और संभावना से मार्गदर्शन मिलता है। आज का युवा केवल व्यक्तिगत उन्नति से प्रेरणा प्राप्त नहीं करता है; वह जिम्मेदारी उठाने और सार्थक प्रभाव डालने की इच्छा से भी प्रेरित होता है। वे ऐसे रास्तों की खोज करते हैं, जहां उनकी रचनात्मकता, समाधानों में बदल सके, उनकी ऊर्जा नेतृत्व में और उनकी महत्वाकांक्षा सेवा में परिवर्तित हो सके। युवा मामले और खेल मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, मुझे विभिन्न पृष्ठभूमियों में - जैसे विश्वविद्यालय परिसरों में, ग्रामीण जिलों में, खेल मैदानों में और युवा नेतृत्व वाली सामुदायिक पहलों में - युवा भारतीयों के साथ बातचीत करने का अवसर मिला है। जो चीज़ हमेशा स्पष्ट रूप से दिखाई देती है, वह यह है कि युवा लोग देश के भविष्य के बारे में कितनी गंभीरता से सोचते हैं। मुझे वह मौका याद है जब मैं ग्रामीण युवा स्वयंसेवकों के एक समूह से मिला, जिन्होंने अपने गाँवों में अनौपचारिक शिक्षा केंद्रों का आयोजन किया था। सीमित संसाधनों के बावजूद, दृढ़ विश्वास के साथ, वे शिक्षा और कौशल विकास की कमियों का स्थानीय रूप से डिज़ाइन किए गए उपायों के माध्यम से समाधान कर रहे थे। उनके विचार व्यावहारिक थे, जमीनी वास्तविकताओं से जुड़े थे और जिम्मेदारी की स्पष्ट भावना से संचालित थे। इस तरह के अनुभव एक सरल सच्चाई की पुष्टि करते हैं जब युवा लोगों पर भरोसा किया जाता है और उन्हें स्थान दिया जाता है, तो वे केवल भाग नहीं लेते, बल्कि नेतृत्व करते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले से आह्वान किया था कि ऐसे एक लाख युवाओं को सार्वजनिक जीवन में लाया जाना चाहिए, जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि न हो। प्रधानमंत्री की इसी भावना से प्रेरित होकर जनवरी 2025 में विकसित भारत युवा नेता संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें राष्ट्रीय युवा महोत्सव की परिकल्पना पूरी तरह से नए प्रारूप में की गयी है। प्रतिक्रिया अभूतपूर्व रही। विकसित भारत चुनौती के माध्यम से 30 लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया, दो लाख से अधिक निबंध प्रस्तुत किए गए और हजारों युवाओं ने राज्य स्तर पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस आयोजन का समापन दिल्ली के भारत मंडपम में हुआ, जहां 3,000 युवा नेताओं को प्रधानमंत्री के साथ खुलकर संवाद करने का अवसर मिला, जिन्होंने कई घंटों तक उनके विचार सुने और उन्हें नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया। संख्याओं से परे, सहभागिता की प्रकृति ने इस संवाद को वास्तव में ऐतिहासिक बनाया। इसने मान्यता दी कि भारत की युवा शक्ति के विचार 2047 के भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण हैं। युवा प्रतिभागियों को राष्ट्रीय चुनौतियों के बारे में गंभीरता से सोचने, समाधान प्रस्तुत करने और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा को साझा उद्देश्य के साथ जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिससे आकांक्षा और क्रियान्वयन के बीच का अंतर समाप्त हो गया।

विकसित भारत युवा नेता संवाद की ताकत केवल इसके पैमाने में नहीं, बल्कि इसके डिज़ाइन में है। विचार, भाषा, संस्कृति और अनुभव की विविधता इस पहल की संरचना में निहित है। शहरी और ग्रामीण भारत के युवा, छात्र और पेशेवर, नवोन्मेषी और जमीनी नेता एक मंच साझा करते हैं। कई स्तरों की भागीदारी सुनिश्चित करती है कि संवाद और आदान-प्रदान के माध्यम से विचार परिष्कृत होंगे, न कि भौगोलिक, भाषा या पृष्ठभूमि के कारण विचारों को छांट दिया जाएगा। ऐसा करके, संवाद सुनिश्चित करता है कि भाग लेने वाले हर युवा के पास अपनी बात को रखने का अवसर है और उसे विस्तार देने का एक मंच भी है। भारत के युवाओं ने हमेशा देश के निर्णायक क्षणों में मुख्य भूमिका निभाई है, स्वतंत्रता संग्राम से लेकर स्वतंत्र भारत के संस्थानों के निर्माण तक। हर मोड़ पर, युवा भारतीय साहस, विश्वास और नेतृत्व करने की इच्छा के साथ आगे बढ़े हैं। केवल भागीदारी के लिए नहीं, बल्कि भारत की विकास कहानी के साझा-निर्माण का नेतृत्व करने और इसे गति देने के लिए, आज, राष्ट्र फिर से अपने युवाओं की ओर देख रहा है। 2047 में विकसित भारत का विज़न केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं है; यह सामाजिक सद्भाव, पर्यावरण जिम्मेदारी, तकनीकी मार्गदर्शन और समावेशी विकास की भी मांग करता है। इन जटिल चुनौतियों के लिए ताजा सोच, अनुकूलन क्षमता और अभिनव को अपनाने की योग्यता की आवश्यकता है : ये गुण भारत की युवा शक्ति में प्रबल रूप से मौजूद हैं। पहली ऐतिहासिक संस्करण की शानदार सफलता के आधार पर, वीबीवाईएलडी2026, जो 9-12 जनवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा, राष्ट्रीय युवा सम्मेलन से एक ऐसे मंच की ओर निर्णायक छलांग का संकेत देता है जिसकी प्रतिध्वनि वैश्विक है। 'भारत के लिए डिज़ाइन' और 'विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी' जैसी नई पहलों और अंतरराष्ट्रीय भारतीय युवा प्रवासी की भागीदारी के साथ, संवादों का अब सीमाओं के पार तक प्रसार होता है। फिर भी, इसका मूल उद्देश्य अपरिवर्तित रहता हैः युवाओं को साहसपूर्वक सोचने, निडरता से रचना करने और दृढ़ विश्वास के साथ नेतृत्व करने के लिए सशक्त बनाना। इस साल के आयोजन का पैमाना इस महत्वाकांक्षा की गहराई को रेखांकित करता है। विकसित भारत क्विज में 50 लाख से अधिक युवा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जो वीबीवाईएलडी 2026 के चयन का पहला चरण था। यह इसे अपने तरह के सबसे बड़े युवा सहभागिता कार्यक्रमों में से एक बनाता है।

# दुनिया में मंदीः भारत में आर्थिक मजबूती की रोशनी

वैश्विक चुनौतियों, भू-राजनीतिक तनावों, युद्धों, महामारी के पश्चात् बनी अस्थिरताओं, ऊर्जा संकट, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और महँगाई के दबावों के बीच जब दुनिया की अनेक बड़ी अर्थव्यवस्थाएँ लड़खड़ा रही हैं, तब भारत की अर्थव्यवस्था से जुड़े आँकड़े आशा, भरोसे और आत्मविश्वास की एक सशक्त किरण बनकर उभरे हैं। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के नए आंकड़ों से स्पष्ट है लगभग 7.4 प्रतिशत की विकास दर पर कायम रहना केवल एक सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपनाई गई आर्थिक नीतियों की दृढ़ता, दूरदर्शिता, पारदर्शिता और संतुलन का प्रमाण है। जिसमें विनिर्माण, सेवाएं और सरकारी व्यय वृद्धि को गति मिलेगी। जाहिर है, इसका असर नौकरी, महंगाई, आमदनी, कर्ज, कर और सरकारी सुविधाओं पर पड़ेगा। ग्रामीण इलाकों में कृषि से जुड़े रोजगार में बढ़ोतरी हो सकती है, जो यह संकेत देता है कि भारत न केवल वैश्विक अस्थिरताओं से स्वयं को बचाने में सक्षम रहा है, बल्कि अवसरों को साधकर अपनी विकास-यात्रा को निरंतर गति भी दे रहा है।


ललित गर्ग

आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहाँ अमेरिका और यूरोप की अर्थव्यवस्थाएँ मंदी और ऋण संकट से जूझ रही हैं, चीन की विकास गति में स्पष्ट सुस्ती दिखाई दे रही है, और अनेक विकासशील देशों पर ऋण, महंगाई तथा बेरोजगारी का बोझ बढ़ता जा रहा है।

**जीडीपी दर के समांतर महंगाई काबू में रहे तो केंद्रीय रिजर्व बैंक ब्याज दरें घटा सकता है, जिसका सीधा असर कर्ज की किस्त पर पड़ सकता है। साथ ही, सरकार को मिलने वाला कर राजस्व बढ़ सकता है, जिससे ढांचागत और समाज कल्याण की योजनाओं पर खर्च बढ़ाया जा सकता है। शेयर बाजार में तेजी से म्यूचुअल फंड, भविष्य निधि आदि पर सकारात्मक असर हो सकता है। जीडीपी की दर 2024-25 में 6.5 फीसद की तुलना में अधिक है।**



ऐसे वातावरण में भारत का अपेक्षाकृत मजबूत आर्थिक प्रदर्शन यह दर्शाता है कि बीते एक दशक में अपनाई गई नीतियां केवल तात्कालिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि दीर्घकालिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं। मोदी सरकार ने आर्थिक सुधारों को केवल कागजी घोषणाओं तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें ज़मीनी स्तर पर लागू करने का प्रयास किया, चाहे वह कर प्रणाली में सुधार हो, बुनियादी ढाँचे में निवेश हो या डिजिटल अर्थव्यवस्था का विस्तार। जिससे कर संग्रह और राजकोषीय घाटे पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। व्यापक अर्थव्यवस्था और आगामी केंद्रीय बजट दोनों के दृष्टिकोण से यह अच्छी बात है। जीडीपी दर के समांतर महंगाई काबू में रहे तो केंद्रीय रिजर्व बैंक ब्याज दरें घटा सकता है, जिसका सीधा असर कर्ज की किस्त पर पड़ सकता है। साथ ही, सरकार को मिलने वाला कर राजस्व बढ़ सकता है, जिससे ढांचागत और समाज कल्याण की योजनाओं पर खर्च बढ़ाया जा सकता है। शेयर बाजार में तेजी से म्यूचुअल फंड, भविष्य निधि आदि पर सकारात्मक असर हो सकता है। जीडीपी की दर 2024-25 में 6.5 फीसद की तुलना में अधिक है और यह मुख्य रूप से विनिर्माण और सेवाओं में वृद्धि के सुधार का नतीजा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक दृष्टि का मूल आधार 'सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन' रहा है। वस्तु एवं सेवा कर जैसे बड़े सुधारों ने भारतीय बाज़ार को एकीकृत किया, व्यापार को सुगम बनाया और कर-संग्रह की पारदर्शिता बढ़ाई। प्रारंभिक चुनौतियों के बावजूद, आज जीएसटी भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक स्थायी आधार बन चुका है। इसके साथ ही दिवालियापन एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों की स्थिति को मजबूत किया, जिससे फंसे हुए ऋणों की समस्या पर काफी हद तक अंकुश लगा। बैंकिंग प्रणाली की यह मजबूती ही है, जिसने निवेश और उद्यमिता को नई ऊर्जा दी है। मोदी सरकार की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह रही है कि उसने घरेलू मांग को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया। ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि क्षेत्र और मध्यम वर्ग को सहारा देने वाली योजनाओं ने उपभोग को बनाए रखा। बुनियादी ढाँचे में बड़े पैमाने पर निवेश ने न केवल रोज़गार के अवसर पैदा किए, बल्कि दीर्घकाल में उत्पादन और लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने में भी मदद की। सड़कें, रेलवे, बंदरगाह, हवाई अड्डे और डिजिटल नेटवर्क-इन सभी क्षेत्रों में हुए विस्तार ने भारत को एक अधिक प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया है।

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत की आर्थिक मजबूती का एक बड़ा कारण उसकी संतुलित विदेश नीति और पड़ोसी देशों के साथ व्यावहारिक संबंध भी हैं। जहां एक ओर भारत ने विकसित देशों के साथ व्यापार और निवेश संबंधों को सुदृढ़ किया, वहीं दूसरी ओर पड़ोसी देशों के साथ आर्थिक सहयोग और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने का प्रयास किया। यह संतुलन भारत को बाहरी झटकों से अपेक्षाकृत सुरक्षित रखता है। ऊर्जा, रक्षा, खाद्य सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की दिशा में उठाए गए कदमों ने भी भारत की रणनीतिक और आर्थिक सुरक्षा को मजबूत किया है। डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी पहलों ने भारत की अर्थव्यवस्था में नवाचार और उद्यमिता की नई लहर पैदा की। आज भारत दुनिया के अग्रणी स्टार्टअप इकोसिस्टम में शामिल है। फिनटेक, हेल्थटेक, एग्रीटेक और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में हुए नवाचार न केवल घरेलू बाज़ार को मजबूत कर रहे हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी भारत की पहचान बना रहे हैं। डिजिटल भुगतान प्रणाली ने वित्तीय समावेशन को बढ़ाया, जिससे आर्थिक गतिविधियों का दायरा विस्तृत हुआ और पारदर्शिता में सुधार आया।

महत्त्वपूर्ण यह भी है कि मोदी सरकार ने आर्थिक विकास को सामाजिक कल्याण से अलग नहीं किया। गरीबों, महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने वाली योजनाओं ने सामाजिक स्थिरता को बनाए रखा, जो किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए अनिवार्य होती है। सामाजिक सुरक्षा और बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति ने एक ऐसी नींव तैयार की, जिस पर टिकाऊ विकास संभव हो सका। यही कारण है कि वैश्विक संकटों के बावजूद भारत की आंतरिक मांग और विश्वास कमजोर नहीं पड़ा। आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। यह स्थिति केवल वर्तमान उपलब्धि नहीं, बल्कि भविष्य की संभावनाओं का संकेत है। वर्ष 2047, जब भारत अपनी आज़ादी के सौ वर्ष पूरे करेगा, तब दुनिया की सर्वोच्च अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य अब केवल एक सपना नहीं, बल्कि एक सुनियोजित यात्रा का परिणाम प्रतीत होता है। जनसांख्यिकीय लाभ, युवा शक्ति, तकनीकी क्षमता और राजनीतिक स्थिरताकृये सभी तत्व भारत को इस लक्ष्य के करीब ले जा रहे हैं। निस्संदेह चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। वैश्विक परिस्थितियां कभी भी अचानक बदल सकती हैं, जलवायु परिवर्तन, तकनीकी प्रतिस्पर्धा और भू-राजनीतिक तनाव नई कठिनाइयां पैदा कर सकते हैं। लेकिन जिस आत्मविश्वास, अनुशासन और दूरदर्शिता के साथ भारत ने अब तक इन चुनौतियों का सामना किया है, वह यह भरोसा देता है कि देश आगे भी संतुलन बनाए रखते हुए प्रगति करता रहेगा।

# खिलाड़ी के बहाने शाहरुख़ ख़ान के विरोध का औचित्य?

भारतीय गोदी मीडिया ने पिछले दिनों बहस के लिये जिस सबसे 'ज्वलंत' मुद्दे को बहस के लिये ज़रूरी समझा वह था आई पी एल की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में एक बांग्लादेशी खिलाड़ी के ख़रीदने पर शाहरुख़ का विरोध और इस पर चर्चा करना। ग़ौरतलब है कि बंगलादेश में छात्रों और जनता के भारी विरोध प्रदर्शनों के बीच शेख़ हसीना की सरकार 5 अगस्त 2024 को गिर गई थी और उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफ़ा दे दिया था साथ ही वे बंगलादेश छोड़कर भारत आ गयी थीं। उसी समय से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक विरोधी हिंसा व प्रदर्शन लगातार हो रहे हैं। कई हिन्दुओं को लक्षित कर जान से मारा जा चुका है। ऐसे में भारतीयों में बंगला देश के विरुद्ध गुस्सा स्वाभाविक है। इसी बीच प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की विभिन्न टीमों ने अनेक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को बोली लगाकर ख़रीदा। ऐसा ही एक बांग्लादेशी तेज़ गेंदबाज था मुस्तफ़िज़ुर रहमान। इस बांग्लादेशी खिलाड़ी को कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2026 की नीलामी में रिकार्ड 9.2 करोड़ रुपये की बोली लगाकर ख़रीदा था। यह आईपीएल इतिहास में किसी बांग्लादेशी खिलाड़ी की सबसे ऊंची बोली थी। कोलकाता नाइट राइडर्स अथवा केकेआर के मुख्य रूप से जो तीन लोग मालिक हैं उनके नाम हैं बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख़ ख़ान, अभिनेत्री जूही चावला और उनके पति जय मेहता। गोया यह तीनों ही केकेआर टीम के सह-मालिक हैं।


निर्मल रानी

**पिछले दिनों बांग्लादेश के इस बिगड़े हिंसक साम्प्रदायिक माहौल के बीच पूर्व प्रधानमंत्री ख़ालिदा ज़िया की मृत्यु पर विदेश मंत्री ने शिरकत की और भारत बांग्लादेश संबंधों को सामान्य बनाने का सन्देश दिया। न किसी धर्मात्मा को बुरा लगा न किसी राष्ट्रवादी नेता को। इन्हें बस सबसे बड़ा अपराधी यदि कोई नज़र आया तो वह शाहरुख़ ख़ान? वह शाहरुख़ ख़ान जो सैकड़ों करोड़ आयकर का प्रतिवर्ष भुगतान कर देश की अर्थव्यवस्था में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं।**

परन्तु बी सी सी आई की मर्ज़ी से इस बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्तफ़िज़ुर रहमान का नाम नीलामी पूल में शामिल किये जाने के बावजूद तथा शाहरुख़ के साथ साथ जूही चावला और उनके पति जय मेहता के पास भी केकेआर का स्वामित्व होने के बावजूद साम्प्रदायिकता में ही प्रसिद्धि तलाशने वाले कुछ पेशेवर क़िस्म के सम्प्रदायकतावादियों द्वारा अपने निशाने पर केवल शाहरुख़ ख़ान को ही लिया गया। हालांकि इस सम्बन्ध में आने वाली ताज़ा ख़बरों के अनुसार अब बीसीसीआई ने के आर के को बांग्लादेश के इस तेज़ गेंदबाज़ मुस्तफ़िज़ुर रहमान को टीम से अलग करने व इसके बदले किसी दूसरे खिलाड़ी को रखने की अनुमति दे दी है। परन्तु इस विषय पर बी सी सी आई ,जूही चावला व जय मेहता को छोड़कर केवल शाहरुख़ ख़ान के विरोध में इस्तेमाल किये गये शब्दों व उसके पीछे छुपे इरादों ने न केवल एक बार फिर सम्प्रदायवाद आधारित एक बहस को जन्म दे दिया है बल्कि इसी बहाने सोशल मीडिया पर शाह रुख़ व निहायत ही घटिया शब्दों में उनकी आलोचना करने वालों की पारिवारिक पृष्ठभूमि व देश के प्रति उनके योगदान व कुर्बानियों की भी तुलनात्मक चर्चा की जाने लगी है।



शाहरुख़ को किसी ने ग़द्दार कहा तो किसी ने देशद्रोही बताया जबकि कुछ लोगों ने आई पी एल में केकेआर बॉयकॉट की बात की। इस विरोध का कारण केवल यही था कि शाहरुख़ ख़ान मुस्लिम हैं और बंगलादेशी खिलाड़ी मुस्तफ़िज़ुर रहमान भी मुस्लिम हैं। जबकि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख़ हसीना इन दिनों भारत में पनाह लिये हुये हैं। किसी स्वयंभू राष्ट्रवादी को कोई आपत्ति नहीं है। पिछले दिनों बांग्लादेश के इस बिगड़े हिंसक साम्प्रदायिक माहौल के बीच पूर्व प्रधानमंत्री ख़ालिदा ज़िया की मृत्यु पर विदेश मंत्री ने शिरकत की और भारत बांग्लादेश संबंधों को सामान्य बनाने का सन्देश दिया। न किसी धर्मात्मा को बुरा लगा न किसी राष्ट्रवादी नेता को। इन्हें बस सबसे बड़ा अपराधी यदि कोई नज़र आया तो वह शाहरुख़ ख़ान? वह शाहरुख़ ख़ान जो सैकड़ों करोड़ आयकर का प्रतिवर्ष भुगतान कर देश की अर्थव्यवस्था में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। उन्हें उनके लंबे और शानदार फ़िल्मी कैरियर में कई प्रमुख राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मान और पुरस्कार मिल चुके हैं। वे बॉलीवुड के सबसे सफल अभिनेताओं में से एक हैं और उन्होंने 15 फ़िल्म फ़ेयर अवॉर्ड्स सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते हैं। शाहरुख़ को 2025 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिल चुका है। यह उनका पहला राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार है। इसके अलावा उन्हें कई स्क्रीन अवॉर्ड्स, ज़ी सिने अवॉर्ड्स, आईआईएफए अवॉर्ड्स और प्रोड्यूसर्स गिल्ड अवॉर्ड्स हासिल हो चुके हैं।

भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए उन्हें देश का सर्व प्रतिष्ठित पद्म श्री पुरस्कार 2005 में भारत सरकार द्वारा दिया जा चुका है। इसी तरह 2007 में फ़्रांस सरकार द्वारा ऑर्ड दे आर्ट्स एट दे लेट्र्स अवार्ड मिला जबकि 2014 में फ्रांस की सबसे ऊँचा नागरिक सम्मान लीजन ऑफ़ ऑनर भी मिल चुका है। उन्होंने 2018 में विश्व आर्थिक मंच द्वारा महिलाओं और बच्चों के अधिकारों के लिए नेतृत्व करने हेतु क्रिस्टल अवॉर्ड प्राप्त किया। जबकि 2011 में बच्चों की शिक्षा के लिए दान कार्य हेतु यूनेस्को का पिरामाइड कॉन मार्नी अवॉर्ड हासिल किया। शाहरुख़ ख़ान को एडिनबरा यूनिवर्सिटी, बेडफ़ोर्डशायर यूनिवर्सिटी, ला ट्रोब यूनिवर्सिटी आदि से डॉक्टरेट की कई मानद मिल चुकी हैं। इसी तरह 2024 में उन्हें लोकर्नो फ़िल्म फ़ेस्टिवल (स्विट्जरलैंड) पार्डो आला कारिएरा का लाइफ़ टाइम अचीवमेंट अवार्ड हासिल हो चुका है। शाहरुख़ ख़ान ने 2013 में मीर फ़ाउन्डेशन के नाम से एक ग़ैर -लाभकारी समाज सेवी संस्था गठित की हुई है। जिसके माध्यम से वे एसिड अटैक सर्वाइवर्स, शिक्षा, स्वास्थ्य और आपदा राहत,पुनर्वास और व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसी कई सामाजिक सेवाओं में सक्रिय योगदान देते रहते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि वे इस काम के लिये ख़ामोशी से और बिना किसी प्रचार व दिखावे के दान करते हैं। उनकी ये सेवाएँ महिलाओं सशक्तिकरण और बच्चों के कल्याण पर केंद्रित हैं। इसी मीर फाउंडेशन ने पंजाब बाढ़ में हज़ारों बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत किट्स, भोजन, स्वच्छ पानी आदि मुहैया कराया और सैकड़ों क्षतिग्रस्त मकानों के पुनर्निर्माण में अपना सहयोग दिया। उनके द्वारा कोविड-19 के दौरान स्वास्थ्य उपकरण दान किए गए। केरल व चेन्नई की बाढ़ में आर्थिक सहायता दी गई । शाहरुख़ ख़ान नानावती अस्पताल में अपनी मां के नाम पर कैंसर विभाग चलाते हैं तथा बच्चों के कुपोषण के ख़िलाफ़ अभियान चलाते हैं। बाल साक्षरता और अस्पताल निर्माण में सहयोग करते हैं।

# धर्मांतरण विवाद: डॉ. रमीज की गिरफ्तारी के बाद भी माहौल में तनाव

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** धर्मांतरण प्रयास के आरोपी डॉ. रमीज मलिक की गिरफ्तारी के बावजूद केजीएमयू का माहौल सामान्य होता नजर नहीं आ रहा है। कुलपति कार्यालय पर हुए हंगामा और तोड़फोड़ के मामले में केजीएमयू की ओर से दी गई तहरीर पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। इस वजह से केजीएमयूशिक्षक संघ, कर्मचारी एसोसिएशन, नर्सिंग एसोसिएशन और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने सोमवार को साझा बैठक बुलाई है। बैठक के बाद आंदोलन की दिशा तय होगी।

केजीएमयू में शुक्रवार को धर्मांतरण के प्रयास के मामले में राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव पहुंचीं थीं। इससे पहले ही वहां काफी संख्या में हिंदू संगठन और अन्य लोग मौजूद थे। अपर्णा यादव के पहुंचने के बाद वहां नारेबाजी और

**तोड़फोड़ पर नहीं लिखी एफआईआर**

हंगामा शुरू हो गया। इस दौरान दरवाजे की सिटकनी और कुलपति कार्यालय का सामान भी क्षतिग्रस्त हुआ। हंगामे के दौरान कुलपति का सीयूजी नंबर वाला मोबाइल फोन भी गुम हो गया। केजीएमयू प्रशासन की ओर से प्रॉक्टर प्रो.आरएएस कुशवाहा ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने के लिए शुक्रवार को ही तहरीर दे दी, लेकिन पुलिस ने जांच की बात कहते हुए शनिवार शाम तक एफआईआर दर्ज नहीं की। इस वजह से केजीएमयू केशिक्षक, कर्मचारी और स्टूडेंट में आक्रोश है। ये सभी माले में आरपार के मूड में हैं। सोमवार को बैठक के बाद केजीएमयू में आंदोलन की दिशा तय होगी।

केजीएमयू शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. केके सिंह के मुताबिक जिस समय शुक्रवार को हंगामा बवाल हुआ, वहां शिक्षकों के प्रमोशन के साक्षात्कार चल रहे थे। ऊपरी तल पर एमबीबीएस के विद्यार्थियों की परीक्षा हो रही थी। हंगामा होने की वजह से साक्षात्कार प्रभावित हुए।

# नेत्र शिविर में चिन्हित हुए मोतियाबिंद के मरीज



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** पथरदेवा ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंजरिया में स्वास्थ्य विभाग की ओर से नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत गठित पीएसपी (पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म) के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए नेत्र शिविर में लोगों को नेत्र परीक्षण के लिए बुलाया गया। शिविर में डॉ विजय मल्ल द्वारा 113 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया और 26 लोगों को मोतियाबिंद की सर्जरी के लिए चिन्हित किया गया। नेत्र की अन्य समस्याओं के लिए लोगों को चश्मा और दवा का

**नेत्र परीक्षण शिविर में पीएसपी सदस्यों ने निभाई सक्रिय भूमिका**

वितरण किया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ प्रभात रंजन ने बताया कि राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनिल गुप्ता निर्देशन में ब्लॉक में चयनित गांव में नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंजरिया में पीएसपी सदस्य सीएचओ, ग्राम प्रधान, एएनएम, संगिनी, आशा, वालेंटियर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, फाइलेरिया मरीज, कोटेदार के माध्यम से नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।

# मनरेगा के नाम व स्वरूप में बदलाव के विरोध में कांग्रेस का एलान

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** टाउन हॉल स्थित कांग्रेस पार्टी कार्यालय में शनिवार को आयोजित संयुक्त प्रेसवार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल, मनरेगा के को-ऑर्डिनेटर सत्य प्रताप मिश्रा एवं शहर अध्यक्ष मिर्जा खुर्शीद ने केंद्र की भाजपा सरकार पर मनरेगा योजना की मूल भावना को समाप्त करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन (वीबी-जी राम जी) किया जाना एक अधिकार आधारित कानून पर सीधा हमला है। इसके खिलाफ गांवों से लेकर दिल्ली तक व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वर्ष 2005 में यूपीए सरकार द्वारा लागू मनरेगा एक अधिकार आधारित कानून है, जो प्रत्येक ग्रामीण परिवार को मजदूरी रोजगार की मांग करने का वैधानिक

**गांव से दिल्ली तक होगा आंदोलन**

अधिकार देता है। कानून के तहत राज्य सरकार 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बाध्य है, अन्यथा बेरोजगारी भत्ता देना होता है। यही वैधानिक गारंटी मनरेगा की मूल और परिभाषित विशेषता है।

उन्होंने बताया कि मनरेगा ग्रामीण आजीविका सुरक्षा की रीढ़ रहा है। यह प्रतिवर्ष 5 से 6 करोड़ ग्रामीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराता है, मजदूरों के पलायन को कम करता है, ग्रामीण मजदूरी बढ़ाता है और टिकाऊ सामुदायिक परिसंपत्तियों का निर्माण करता है। मांग आधारित संरचना, सुनिश्चित मजदूरी और सीधे बैंक भुगतान की व्यवस्था से महिलाओं, दलितों, आदिवासियों और वंचित वर्गों को विशेष लाभ मिला है, जिनमें महिलाओं की भागीदारी कुल कार्यदिवसों का लगभग 60 प्रतिशत है। प्रेसवार्ता में आरोप लगाया गया कि नया वीबी-जी राम जी अधिनियम इस पूरे ढांचे से एक मौलिक विचलन है। यह काम की वैधानिक गारंटी को समाप्त करता है, निर्णय प्रक्रिया का केंद्रीकरण केंद्र सरकार के हाथों में करता है, ग्राम सभाओं और पंचायतों को कमजोर करता है तथा केंद्र के मजदूरी अंशदान को लगभग 90 प्रतिशत से घटाकर 60 प्रतिशत कर देता है।

# रिटायर्ड रेलवे कर्मी की पीट-पीटकर हत्या

अवधनामा संवाददाता

**चौमुहाँ (मथुरा)।** थाना छाता क्षेत्र के ग्राम सिहाना में दबंगों की बर्बरता सामने आई है। रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी 70 वर्षीय बाबूलाल की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हमलावर वृद्ध को मरणासन्न हालत में छोड़कर फरार हो गए। इलाज के दौरान बाबूलाल ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करा लिया है और पूरे मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

जानकारी के अनुसार 9 जनवरी को बाबूलाल का रास्ता रोककर कमल पुत्र रघुवीर और तरुण पुत्र रघुवीर ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडों से

**लाठी-डंडों से हमला कर सड़क पर छोड़ा अधमरा**

ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और बाबूलाल को आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही बाबूलाल की मौत हो गई। मृतक के पुत्र राहुल कुमार ने थाना छाता में तहरीर देकर आरोप लगाया कि आरोपी पक्ष के सौरभ पुत्र रघुवीर, अनीता पत्नी रघुवीर और रघुवीर पुत्र चेतराम द्वारा पहले भी लगातार गाली-गलौज और जान से मारने की धमकियां दी जाती रही हैं। इस सनसनीखेज वारदात ने एक बार फिर ग्रामीण इलाकों में बुजुर्गों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई का गठन

**संभल।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक शंकर कॉलेज चौराहा स्थित सर्वेश पेंट स्टोर पर आयोजित की गई जिसमें संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिये युवा व्यापारियों के प्रतिनिधित्व देने के लिए युवा तहसील इकाई का गठन किया गया जिसमें प्रदेश संगठन मंत्री गौरी शंकर चौधरी व जिला उपाध्यक्ष एवं तहसील प्रभारी संभल, असमोली अजय अग्रवाल के निर्देशन में सर्व सहमति से हर्षित शर्मा हनी को अध्यक्ष एवं प्रतीक गुप्ता को महामंत्री नियुक्त किया गया है, जो व्यापारियों के हितों की रक्षा और क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए समर्पित रहेगी प्रदेश संगठन मंत्री गौरीशंकर चौधरी ने कहा की नवीन कार्यकारिणी व्यापारियों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने और नए अवसरों की तलाश करने में महत्पूर्ण भूमिका निभाएगी।

# गोवर्धन रोड पर ऑटो चालकों की गुंडई

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** गोवर्धन रोड पर ई-रिक्शा व ऑटो चालकों ने नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस द्वारा किए जा रहे रजिस्ट्रेशन के विरोध में जमकर हंगामा किया। आक्रोशित चालकों ने सवारी ले जा रहे अन्य ऑटो चालकों को जबरन रोक लिया, जिससे कुछ देर के लिए सड़क पर अफरा-तफरी और जाम जैसे हालात बन गए। हंगामा कर रहे चालकों का कहना था कि नगर निगम द्वारा वसूली जा रही 3 हजार रुपये की रजिस्ट्रेशन फीस अनुचित है और इसी के विरोध में वे सड़क पर उतरे हैं। प्रदर्शन के दौरान चालकों ने आवाजाही बाधित कर दी, जिससे राहगीरों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मामले की सूचना मिलते ही थाना हाईवे पुलिस मौके पर पहुंची और हंगामा कर रहे ऑटो चालकों को कड़ी फटकार लगाई। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी कि सड़क जाम करने और जबरन वाहन रोकने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**सवारी ढो रहे वाहनों को जबरन रोका, सड़क पर मचा हंगामा**



## मथुरा में गुंडई चरम पर, पहलवानों के दो गुटों में जमकर भिड़ंत, आधे घंटे तक चला तांडव

**मथुरा।** जनपद में कानून-व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। मंडी चौराहे के समीप पंजाबी रसोई रेस्टोरेंट के सामने पहलवानों के दो गुटों के बीच हुई जबरदस्त भिड़ंत ने इलाके में दहशत फैला दी। करीब आधे घंटे तक चले इस हंगामे में दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, लाठी-डंडे चले और कई वाहनों में तोड़फोड़ की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि खुलेआम सड़क पर एक-दूसरे पर हमला किया जा रहा है। बीच सड़क पर हो रही मारपीट के चलते अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों व स्थानीय लोगों में भय का माहौल बन गया जबकि यहां हर समय पुलिस मौजूद रहती है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद अचानक शुरू हुआ और देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके की ओर रवाना हुई लेकिन पुलिस वाहन को आता देख दोनों पक्षों के लोग मौके से फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

## संक्षिप्त समाचार

### दरगाह कमेटी ने वरिष्ठ पत्रकारों को किया सम्मानित



**अमरोहा (अवधनामा संवाददाता)।** वक्फ दरगाह हज़रत सैय्यद शरफूददिन शाहविलायत साहब सोहरवरदी (रह0) मे आज उर्स मुबारक का दूसरा दिन है सूबहा बाद नमाज़े फजर कुरान खानी व दुआ के बाद अकीदत का आना जाना शूरू हुआ 12:30 हमारे अमरोहा की मिडिया प्रभारी ने बाबा शाहविलायत साहब की मजार पर चादर पोशी भी की बाद नमाज़े जोहर अमरोहा के कव्वालो ने बाबा की शान मे कव्वाली पेश की दरगाह प्रबंध कमेटी सचिव मो.अफज़ल सिद्दिकी ने मिडिया की दस्तार बंदी की इस मोखे पर मौजूद दरगाह प्रबंध कमेटी की उपाध्यक्ष महमूद आलम सदस्य मन्सूर आलम आलम कादरी मन्जूर आलम मो.वसिम आसिफ सेफी व दरगाह के खादिम गुलज़ार अहमद अय्यूब अहमद मो.अकबर सिद्दीकी एसान अहमद मसरूर आलम मो.जूनैद मो.फैज़ान मो. आदिल महफूज आलम मकसूद आलम शाहेनूर मो.अरशद मो.बाबर मो.फुरकान आदि लोग मौजूद रहे।

### छात्र छात्राओं को यातायात नियमों की दी जानकारी



**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा महात्मा गांधी मेमोरियल डिग्री कॉलेज व हिंद इंटर कॉलेज, संभल में छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा सड़क सुरक्षा के पालन की शपथ दिलाई गई तथा छात्र-छात्राओं द्वारा यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से आमजन को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर सभी ने सुरक्षित यातायात अपनाने एवं नियमों का पालन करने की शपथ भी ली। अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना एवं जन-जागरूकता बढ़ाना रहा।

### परिवार परामर्श : तीन परिवार को मिलाया



**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिण श्रीमती अनुकृति शर्मा तथा क्षेत्रधिकारी बहजोई डॉ प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में परामर्श केंद्र प्रभारी डाश रुकमपाल सिंह की देखरेख में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरो द्वारा किया गया जहां कुल 65 पत्रावलीयो को सुनकर 16 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तो वहीं 03 परिवार को मिलाया गया 10 पत्रावलियों पर आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद किया गया तथा 03 पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संस्तुति की गई। इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश, लव मोहन, संगीता भार्गव, पूनम अरोरा, श्वेता गुप्ता, सीमा आदि लोग उपस्थित रहे।

# छात्रों में आत्मविश्वास की बढ़ोत्तरी होना बहुत ही जरूरी: अरुण अग्रवाल

अवधनामा संवाददाता



**चन्दौली।** रविनगर स्थित एसजी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव प्रतिभा-2025 शनिवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। इसका शुभारंभ राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह, विद्यालय के प्रबंध निदेशक अरुण कुमार अग्रवाल और चेयरपर्सन उमा अग्रवाल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। इसमें विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। वहीं प्रधानाचार्य प्रशांत कुमार तिवारी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर विद्यालय की उपलब्धियां के बारे में विस्तृत रूप से बताया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। वार्षिकोत्सव में बच्चों ने राजस्थानी, पंजाबी, गुजराती, मराठी सहित विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य को प्रस्तुत कर देश की संस्कृति को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास किया। इसके अलावा विभिन्न धार्मिक व सामाजिक विषयों पर आधारित नाटक भी प्रस्तुत कर दर्शकों का मनमोहा। इस दौरान सांसद दर्शना सिंह ने कहा कि छात्रों में आत्मविश्वास की बढ़ोत्तरी होना बहुत ही आवश्यक है। सभी अभिभावकों को अपने बच्चों को बिना दबाव के पढ़ाई करने देना चाहिए। इससे वे अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। बच्चों को अपने महापुरुषों से सीख लेकर उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करके आगे

**एसजी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ**

बढ़ना चाहिए। वार्षिकोत्सव के माध्यम से विद्यालय के मंच पर प्रतिभा प्रदर्शन से बच्चों में आत्म विश्वास व कौशल का विकास होता है। इससे उनमें अपने विचारों को दूसरों तक पहुंचाने में मदद मिलती है। वही पूर्व सांसद रामकिशुन ने कहा कि बच्चे किसी भी देश के भविष्य होते हैं। इसलिए उनके शिक्षा की नींव को मजबूत करने से उनके उज्ज्वल भविष्य का निर्माण होता है।

# विशव हिंदी दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित

**संभल।** एमजीएम कालेज संभल में स्नातकोत्तर हिंदी विभाग की ओर से विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर विश्व पटल पर हिंदी के बढ़ते चरण विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। डा विजयलक्ष्मी शर्मा ने हिंदी गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम संयोजक डा फ़हीम अहमद ने कहा कि हिंदी वैश्विक सौहार्द और बंधुत्व की भाषा है।हिंदी ने राष्ट्रीय एकीकरण और विश्व एकता में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर राजेश कुमार ने कहा कि हिंदी विश्व पटल पर अपनी सशक्त पहचान बना रही है।हिंदी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मोहम्मद नदीम ने कहा कि हमे अपनी भाषा हिंदी की उन्नति और सम्मान के लिए सतत प्रयास करना चाहिए।हिंदी विभाग के प्रभारी डॉ मोहम्मद इमरान खान ने कहा कि हिंदी भाषा और साहित्य का विकास भारत के साथ साथ अन्य देशों में भी तेजी से हो रहा है। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य प्रो डा योगेंद्र सिंह ने कहा कि वैश्विक स्तर पर हिंदी में रोज़गार के अवसर बढ़े हैं।

# गहमर हत्याकांड : मानवाधिकार आयोग ने दिखाई सख्ती

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** जिले के गहमर थाना क्षेत्र के गहमर गांव के अंतर्गत खेलूराय पट्टी में 24 दिसंबर की रात हुए तिहरे हत्याकांड पर संज्ञान लेते हुए राज्य मानवाधिकार आयोग ने इसे गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन माना है। आयोग ने वाराणसी जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक को मामले की जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। आयोग ने यह निर्देश मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं चंदौली के अधिवक्ता खालिद वकार आबिद के आवेदन पर दिया है। बताते चलें कि यह दुस्साहसिक घटना 24 दिसंबर की रात जन्मदिन कार्यक्रम से वापस लौट रहे तीन युवकों के साथ घटी। घात लगाए करीब एक दर्जन हमलावरों ने तीन युवकों विक्की सिंह, सौरभ सिंह और अंकित सिंह को दौड़ा दौड़ा कर धारदार हथियारों से बेरहमी से मारकर हत्या कर दी। बेख़ौफ़ हत्यारों ने तीनों युवकों के शव को तालाब में फेंक दिया था।घटना के दुसरे दिन तालाब से

**एडीजी पुलिस को सौंपी गयी मामले की जांच**

विक्की सिंह और सौरभ सिंह का शव बरामद हुआ। काफी प्रयास के बाद 30 दिसंबर को उसी तालाब से अंकित सिंह का शव भी बरामद किया गया। पोस्टमार्टम में उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर घातक वार की पुष्टि हुई थी। उस हत्याकांड में एक दर्जन से अधिक हमलावरों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। इसमें से अबतक पांच आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है जबकि अन्य हमलावर अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। आवेदक ने शिकायत में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी करने, दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने और पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की गई है। राज्य मानवाधिकार आयोग द्वारा मामले को संज्ञान में लेने और निर्देश जारी करने से जहां पीड़ित परिवारों को न्याय की आस जगी है।

# नए वर्ष में क्षय रोगियों के लिए पोषण, आत्मबल का संगम

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** नववर्ष की शुरुआत को नवीन संकल्प और सकारात्मक ऊर्जा के साथ चिह्नित करते हुए मुंदोना रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा जनपद मथुरा के बरसाना, गोवर्धन, बलदेव एवं फरह ब्लॉकों में उपचाररत क्षय रोगियों के लिए पौष्टिक सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 550 से अधिक क्षय रोगियों को पोषण सामग्री वितरित कर उनके स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक सशक्त पहल की गई।

कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में क्षय रोगियों के लिए तैयार किए गए नवीन आई-कार्ड युक्त कैलेंडर का विमोचन जिला क्षय रोग अधिकारी, मथुरा डॉ. संजीव यादव द्वारा किया गया। इस कैलेंडर को विशेष रूप से रोगियों को उपचार के प्रति अधिक जागरूक, जिम्मेदार और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। डॉ. संजीव यादव ने बताया कि यह कैलेंडर केवल

**संकल्प से स्वास्थ्य तक**

तिथि-पत्रक नहीं, बल्कि क्षय रोगी की संपूर्ण स्वास्थ्य डायरी के रूप में कार्य करेगा। इसमें रोगी प्रतिदिन दवा सेवन का विवरण, परिजनों के नाम, उनकी जांच की स्थिति, मासिक वजन तथा उपचार से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां एक ही स्थान पर अंकित कर सकेगा। इससे उपचार में पारदर्शिता बनी रहेगी और दवा पालन में निरंतरता सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम के दौरान डॉ. बिजेंद्र सिसोदिया, चिकित्सा अधीक्षक बलदेव, चिकित्सा अधीक्षक, फरह डॉ. रामवीर सिंह ने क्षय रोगियों को नियमित उपचार, संतुलित आहार और सकारात्मक सोच के महत्व के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर प्रत्येक क्षय रोगी को अपने स्वास्थ्य की स्वयं देखभाल करने की शपथ दिलाई गई, वहीं उनके परिजनों को भी उपचार अवधि के दौरान रोगी की नियमित देखभाल, दवा पालन और मानसिक सहयोग सुनिश्चित करने का संकल्प दिलाया गया।

# मिशन शक्ति 5.0 नारी शक्ति का नया आयाम

**संभल।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा के निर्देशन में जनपद सम्भल की मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही।

# मनरेगा ग्रामीण आजीवीविका सुरक्षा की रीढ़ : मुकेश धनगर

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** जिला कांग्रेस कमेटी सेठबाड़ा स्थित कार्यालय पर काम के अधिकार 'मनरेगा बचाओ संग्राम' हेतु एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

प्रेस को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश धनगर ने बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण युवा रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा 2005 में यूपीए सरकार द्वारा लागू किया गया था। एक अधिकार-आधारित कानून है जो प्रत्येक ग्रामीण परिवार को मजदूरी रोजगार की मांग करने का वैधानिक अधिकार देता है। जिसमें कानून के तहत राज्य सरकार 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बाध्य है, अन्यथा बेरोजगारी भत्ता देय होता है। यही वैधानिक गारंटी मनरेगा की मूल और विशेषता है। मनरेगा ग्रामीण आजीवीविका सुरक्षा की रीढ़ रहा है।

**मनरेगा का नाम बदलने पर कांग्रेस का राष्ट्रव्यापी आंदोलन कल से**

यह प्रतिवर्ष 5-6 करोड़ परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराता है, मजबूरी में होने वाले पलायन को रोकता है, ग्रामीण मजदूरी बढ़ाता है और टिकाऊ सामुदायिक परिसंपत्तियों का निर्माण करता है। इसकी मांग-आधारिक संरचना, सुनिश्चित मजदूरी और सीधे बैंक भुगतान की व्यवस्था से विशेष रूप से महिलाओं, दलितों, आदिवासियों और वंचित समुदायों को लाभ हुआ है, जिनमें महिलाओं की हिस्सेदारी दारी कुल कार्यदिवसों का लगभग 60 फीसदी है। नया वी-जीराम-जी अधिनियम इस पूरे ढांचे से एक मौलिक विचलन है। यह काम की वैधानिक गारंटी को समाप्त करता है, निर्णय प्रक्रिया का केंद्रीकरण केंद्र सरकार के हाथों में करता है, ग्राम सभाओं और पंचायतों को कमजोर करता है, तथा केंद्र के मजदूरी अंशदान को लगभग 90 फीसदी से घटकर 60 फीसदी कर देता है। जिससे वित्तीय बोझ राज्यों और श्रमिकों पर डाल दिया जाता है। बजट- सीमित आवंटन, कृषि के चरम मौसम में कार्य पर प्रतिबंध और मजदूरी सुरक्षा प्रावधानों का कमजोर होना अनिवार्य रूप से रोजगार में कमी, मजदूरों के दमन और ग्रामीण संकट में वृद्धि का कारण बनेगा।

# गौशाला में होगा गिरधरलाल जू का ब्याहुला उत्सव

अवधनामा संवाददाता

**बरसाना (मथुरा)।** वृन्दावन के प्रसिद्ध भागवत प्रवक्ता इंद्रेश महाराज के आराध्य और सेव्य गिरधरलाल जू का पंचदिवसीय ब्याहुला महोत्सव श्रीधाम बरसाना की पावन धरा पर पैंसठ हजार गोवंश की उपस्थिति में माताजी गोशाला के प्रांगण में कल (रविवार) से प्रारंभ होगा।

शनिवार को एक स्थानीय होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए प्रख्यात श्रीमद्भागवत कथा प्रवक्ता कृष्णचंद्र शास्त्री ठाकुरजी ने कहा कि संस्कृत, संस्कृति और संस्कारों के संवर्धन के पावन उद्देश्य के साथ इस ब्याहुला उत्सव का आयोजन श्रीराधारानी के गांव बरसाने में किया जा रहा है। ठाकुरजी ने बताया कि गिरधरलालजू का प्राकट्योत्सव प्रतिवर्ष 14 जनवरी को मनाया जाता है, इस बार यह उत्सव बरसाना में मनाया जा रहा है और इसे श्रीराधागिरधर लाल

**वृन्दावन के भागवत प्रवक्ता इंद्रेश उपाध्याय के आराध्य हैं गिरधरलाल जू**

जू के ब्याहुला उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस पंच दिवसीय उत्सव में प्रतिदिन श्रीमद्भागवत के माध्यम से हरिचर्चा की जाएगी और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। कार्यक्रम के पहले दिन रविवार को श्रीजी और उनकी अष्टसखियों का प्राकट्य, दूसरे दिन श्रीलाल जू की लगन सगाई, तीसरे दिन श्रीजी की हल्दी और मेहंदी, चौथे दिन श्रीलाल जू की भव्य बारात लग्न मंडप और संपूर्ण विवाह मनोरथ होंगे, पांचवें दिन ज्यौनार और श्रीप्रियाप्रीतम के विवाह की बधाई होगी। कार्यक्रम में बरसाना के संत रमेश बाबा महाराज, विनोद बाबा महाराज, मलूक पीठाधीश राजेंद्र दास महाराज, गुरु शरणानंद महाराज आदि के साथ ब्रज के कई अन्य संत महात्मा उपस्थित रहकर अपने वचनों से वैष्णव भक्तों को कृतार्थ करेंगे।

# पीड़ितों की समस्याओं की निष्पक्ष ढंग से निस्तारण करें



अवधनामा संवाददाता

■ समाधान दिवस में आई कुल पाँच शिकायतों में से एक हुई निस्तारित

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शासन के निर्देश पर कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 5 फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखी। जिसमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए अधीनस्थ कर्मियों को निर्देशित किया गया।

शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में चार राजस्व, एक पुलिस संबंधित कुल 5 फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं जिसमें से एक राजस्व से संबंधित शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए अधीनस्थ कर्मियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान कोतवाल ने कहा कि कर्मी शासन की मंशानुसार कार्य कर के पीड़ितों को न्याय प्रदान करें। इस दौरान निरीक्षक सीपी तिवारी, मझपुर्वा चौकी प्रभारी विनोद कष्यप, उप निरीक्षक देवीचरण साहू, राजेन्द्र सिंह, हेड मोहर्रिर पवन शर्मा, राघवेन्द्र सिंह सहित तमाम राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## पर्यटकों के स्वागत को पूरी तरह तैयार है आगमन टेंट सिटी

**प्रयागराज।** आगामी धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को ध्यान में रखते हुए आगमन टेंट सिटी को पूरी तरह तैयार कर लिया गया है। यह टेंट सिटी देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को सुरक्षित, स्वच्छ और आरामदायक आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित की गई है। टेंट सिटी में वातानुकूलित व नॉन-एसी टेंट, स्वच्छ शौचालय, चौबीसों घंटे बिजली-पानी, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था और गुणवत्तापूर्ण भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। साथ ही पार्किंग, सूचना केंद्र और परिवहन सुविधाएँ भी उपलब्ध रहेंगी। इस अवसर पर टेंट सिटी के प्रबंधक अंकेश यादव ने कहा कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा हमारी प्राथमिकता है। आगमन टेंट सिटी में सुरक्षा, स्वच्छता और आराम का विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि सभी अतिथि सुखद और यादगार प्रवास का अनुभव कर सकें। प्रशासन के अनुसार टेंट सिटी के संचालन से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। टेंट सिटी को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों के लिये अत्यंत लाभदायक हैं



■ इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर एवं कंबल वितरण का आयोजन हुआ

अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, कन्नौज के तत्वावधान में ग्राम धींगपुर सिकंदरपुर में स्वास्थ्य शिविर एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन इंडियन रेड क्रॉस सोसाईटी/प्राइवेट नर्सिंग एसोसिएशन जिलाध्यक्ष डॉ. सरित द्विवेदी ने करनें के उपरान्त जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। शनिवार को ग्राम धिंगपुर में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंद लोगों को कंबल प्रदान किए गए। इस अवसर पर डॉ सरित द्विवेदी ने स्वास्थ्य शिविर की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। उन्होंने लोगों से भीषण ठंड से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील भी की। कार्यक्रम में डॉ. सरित द्विवेदी, डॉ.विवेक पाल, डॉ.अनुपम सिंह, मधुवाला पाल, विकाश तिवारी, शुगर सिंह पाल, हर्षित सहित क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस जनकल्याणकारी पहल के लिए इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## आदित्य ने एपीएस क्लब को फाइनल में पहुंचाया

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** आदित्य पाठक के हरफनमौला खेल (74 रन एवं दो विकेट) के दम पर इलाहाबाद पब्लिक स्कूल क्लब ने शुआट्स क्लब को पांच विकेट से हराकर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई स्मृति अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश कर लिया। पराजित टीम के उमर तबरेज का शतकीय प्रयास (101 रन, 50 गेंद, आठ चौके, सात छक्के) व्यर्थ हो गया।

लूकरगंज मैदान पर शनिवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में शुआट्स क्लब ने 25 ओवर में 5 विकेट पर 230 रन (उमर तबरेज 101, मोहम्मद हम्माद 75, आदित्य पाठक 2/42, अभय सोनी, सक्षम व श्रेयांश जायसवाल एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में इलाहाबाद पब्लिक स्कूल क्लब ने 24.2 ओवर में पांच विकेट पर 231 रन (समर्थ 89, आदित्य पाठक 74, राजीव शर्मा 30, आयु पांडेय 237 अहमद वाइज व उमर तबरेज एक-एक विकेट) बना लिए। आदित्य पाठक को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# सच्चा सुख धर्म की निःस्वार्थ सेवा में है : नितिन पाठक



अवधनामा संवाददाता

■ मधबापुर में आयोजित श्रीमद् भागवत का श्रोताओं ने किया रसपान

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम मधबापुर खेल मैदान प्रांगण में चल रही श्रीराम एवं श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक नितिन पाठक ने प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। जैसे ही चौपाई अब बिलंब केहि कारण कीजै... गूंजी, पूरा पंडाल भक्ति और जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम की आरती की, पुष्पवर्षा की और भजन सिया रानी की जय÷ पर झूम उठे। पंडित नितिन पाठक ने कहा कि सच्चा सुख धर्म की निःस्वार्थ सेवा में है। आज भक्ति प्रदर्शन बन गई है, जबकि मीराबाई जैसे भक्तों ने इसे जीकर दिखाया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा का प्रतीक है। भागवत कथा में मुख्य रूप से परीक्षित कमलेश त्रिपाठी एवं उनकी पत्नी बसंती त्रिपाठी सहित महात्मा करुणा शंकर शुक्ला, ओंकारनाथ त्रिपाठी, उमेश चंद्र त्रिपाठी, सोनू दुबे, अजय दुबे, आलोक त्रिपाठी, मुन्नू बाबू त्रिपाठी, अनुज त्रिपाठी, पप्पू दुबे, सर्वेश पाल, सर्वेश दुबे, देवेंद्र सिंह ठाकुर, राजेंद्र त्रिपाठी, प्रमोद त्रिपाठी बबलू, पप्पू श्रीवास्तव, संत कुमार दुबे, अनुराग दुबे अटलू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## रानी रेवती देवी में शिशु वाटिका की समीक्षा बैठक आयोजित

**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन, राजापुर प्रयागराज में प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय के संयोजन में आयोजित दो दिवसीय शिशु वाटिका की समीक्षा बैठक ज्ञान, संस्कार और समर्पण का सुंदर संगम बनकर उभरी। नगरीय एवं ग्रामीण प्रांत प्रमुख तथा जिला प्रमुखों के मार्गदर्शन में तथा केशव और माधव संकुल की शिशु वाटिका प्रमुख बहनों सहित कुल 31 बहनों की सशक्त सहभागिता ने बैठक को विशेष गरिमा प्रदान की। इस अवसर पर क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री डॉ. राम मनोहर, प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी, क्षेत्रीय शिशु वाटिका प्रमुख विजय उपाध्याय तथा रानी रेवती विद्या मंदिर निकेतन के प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडेय का प्रेरक सान्निध्य प्राप्त हुआ। चिंतन, मंथन और संकल्प से परिपूर्ण यह समीक्षा बैठक शिशु संस्कारों के सुदृढ़ीकरण की दिशा में सार्थक एवं प्रेरणादायी रहा। क्षेत्रीय शिशु वाटिका प्रमुख विजय उपाध्याय ने शिशु समर्थ राम कथा , शिशु नगरी एवं मातृत्व भाव के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधार पर गतिविधि आधारित शिक्षा करने पर विशेष बल दिया। रानी रेवती विद्या निकेतन के प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय ने मातृ शक्ति की ऊर्जा से सभी कार्य सिद्ध होंगे इस वक्तव्य के साथ सभी बहनों को स्नेहाशीष प्रदान किया।

# शराब पीकर हुड़दंग करने का विरोध किया तो देवर भाभी पर फरसे से हमला



अवधनामा संवाददाता

**मेरठ।** परतापुर थाना क्षेत्र के अछरोंडा गांव में शुक्रवार रात शराब पीकर हुडदंग मचाने का विरोध करने पर आधा दर्जन लोगों ने देवर भाभी पर फरसे और चाकू से हमला कर दिया। हमले में देवर भाभी सहित चार लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस को देखकर हमलावर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भूडबराल भेजा हालत गंभीर होने के चलते महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परतापुर थाने में तहरीर देते हुए अछरोडा गांव निवासी विकास ने बताया कि शुक्रवार रात पडोसी गंगादास के मकान में उसका बेटा रोहित,मोहित,सागर भतीजा वरूण और कुणाल शराब पीकर हुडदंग मचा रहे थे और गाली गलौच कर रहे थे। म्यूजिक की तेज आवाज सुनकर विकास उनके मकान पर पहुंचा और म्यूजिक की आवाज धीमी करने की बात कही। इसी बात को लेकर विकास की रोहित से कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसके बाद रोहित,मोहित,सागर चचेरा भाई वरूण और कुणाल ने फरसे,चाकू और लाडी डंडों से विकास पर हमला कर दिया। इस दौरान बीच बचाव में आई भाभी सविता,भाई ब्रिजेश और भतीजे पर पांचों ने धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। हमले में सविता सिर में फरसा लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी भाग निकले। पुलिस ने हमले में घायल सविता,विकास, ब्रिजेश और दिव्यांशु का उपचार के लिए सीएचसी भूडबराल भेजा। सविता की हालत को चिंताजनक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाने में तहरीर दी गई है। परतापुर थाना प्रभारी अजय शुक्ला ने बताया कि घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ काईवाई की जाएगी।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने क्षय रोगियो को पुष्टाहार तथा कंबल बितरण किये



**जालौन (उरई)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 10 टी.बी. मरीजों को नगर पालिका अध्यक्ष ने फल की टोकरी तथा कंबल बितरण किये। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने सामुदायिक स्वास्थ से 20 क्षय रोग से पीडित मरीजो को गोद लिया गया था,जिसके तहत राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नेहा मित्तल नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल द्वारा गोद लिए 20 मे से 10क्षय रोगियों को पुष्टाहार तथा फल की टोकरी के साथ कंबल भी वितरित किये। इस अवसर पर भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष अभय राजावत, नगर अध्यक्ष अभिनय राजावत एवं कुछ सभासद के अलावा, चिकित्सा अधीक्षक डा. के. डी. गुप्ता , चिकित्सा अधिकारी डॉ उमेश, चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेश आर्या, चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव दुबे,चिकित्सा अधिकारी डॉ सहन बिहारी गुप्ता, टी.बी यूनिट जालौन से देवेंद्र कुमार, कुलदीप कुमार संजय प्रजापति चीफ फार्मासिस्ट पी एन शर्मा,सचिन गुप्ता एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# स्टैग योद्धा ने जीता सीनियर वर्ग का फाइनल



अवधनामा संवाददाता

■ 14वें हेमा कोहली मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में खेला गया मैच

**मेरठ।** आईटीआई साकेत, गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी में चल रहे 14वें हेमा कोहली मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में सीनियर वर्ग का फाइनल मैच स्टैग योद्धा और अमृतसर राजपूत वॉरियर्स टीम के बीच हुआ। इसमें स्टैग योद्धा ने 67 रन से मैच जीता और ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल मैच में टॉस जीतकर स्टैग योद्धा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 192 रन बनाए। इसमें चेतन ने 43, अरमान अंसारी ने 40, नमन ने 35 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में शहबाज ने दो, कृष्णा, अर्जुन ने भी दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमृतसर राजपूत वॉरियर्स की टीम 17.4 ओवर में 125 पर पूरी टीम ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से दिलजौत ने 41, कृष्णा ने 35 रन बनाए। गेंदबाजी में मनी ने 4, हर्ष ने एक, अर्जुन ने एक विकेट लिया। स्टैग योद्धा ने 67 रन से जीत प्राप्त की। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. रेनू काम्बोज व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अर्जुन कोहली ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी व सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विजेता टीम को 21000 व उप विजेता को 15000 रुपये धनराशि देकर भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर ईश्वर चंद गंभीर, कुलदीप सिंह, रजनीश कोशल ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में विवेक कोहली, आईटीआई साकेत के प्रधानाचार्य संजीव कुमार, राहुल दत्ता, शोभित त्यागी, ऋषभ एकेडमी के संजय जैन, यश करन सिंह सालवान का विशेष सहयोग रहा। आयोजन सचिव अतहर अली ने बताया कि 11 जनवरी से जूनियर वर्ग के मैच होंगे।

## सर्दी में गरीबों को राहत देने के लिये ऐसे आयोजन जरूरी हैं



**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** पूर्व विधायक अरबिन्द सिंह यादव ने अपने आवास निज़ामपुर मे पर क्षेत्र के अनेक ग्रामों के जरूरतमंद परिवारों के प्रत्येक सदस्य को लोगो को बुलाकर कम्बल वितरित किये गए, जिससे लोगों को कड़ाके की सर्दी से राहत मिल सके। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंदों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। शनिवार को जरूरतमंदों को 600 कंबल वितरित करनें के उपरान्त पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव ने कहा यह सरकार गरीबों को सर्दी में कंबल तक उपलब्ध नहीं करा सकती है। क्योंकि सरकार के मंत्री लोग अपना पेट भरने में बिजी है, लगातार लोग सर्दी में सर्दी के कारण मृत्यु हो रही है। हम लोगों ने ठाना है कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक लाख कंबल वितरण करेंगे। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सोनू यादव, अरशद खान, गोपाल यादव, सौरभ कठेरिया, जय गरुदेव यादव, अमन खान, मनीष यादव, बीपी सिंह, अंकुर सिंह यादव, राकेश कठेरिया, मनोज शाक्य आदि मौजूद रहे।

## पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, दो गिरफ्तार

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** प्रयागराज जिले के फूलपुर क्षेत्र में पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि पकड़े गए लोगो नें कुछ दिन पहले इलाके मे ही एक शख्स से मारपीट और फायरिंग की थी। जिसका मुकदमा दर्ज हुआ था। शुक्रवार/शनिवार की देर रात पुलिस फूलपुर के बौडाई मोड़ स्थित नहर के पास पुलिस चेकिंग कर रही थी, तभी बाइक पर जा रहे आज़म राईन और सुहेल को पुलिस नें रोकने के लिए आवाज लगाई मगर वे पुलिस क़ो देख कर भागने लगे। पीछा करने पर बदमाशों नें पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की तरफ से आत्मरक्षा करते हुए क्रास फायरिंग मे आज़म के पैर मे गोली लगी जिससे वो बाइक से गिर गया। तभी पुलिस नें आज़म और सुहैल क़ो गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए दोनों के पास से तमंचा कारतूस के साथ ही बम भी बरामद हुआ हैं दोनों पर पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## समाजवादी चिंतन शिविर का उद्घाटन 12 को

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** माघमेला क्षेत्र अंतर्गत समाजवादी चिंतन शिविर का उद्घाटन आगामी 12 जनवरी को दोपहर 12 बजे सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के द्वारा होगा। यह शिविर हर वर्ष की भांति वैभव सेवा संस्थान द्वारा माघमेला क्षेत्र के तुलसी मार्ग (पुराने रेलवे पुल )के नीचे गणपति मार्ग पर स्थित है। चिंतन शिविर में गंगा, पर्यावरण और समाजवाद विषयक संगोष्ठी आयोजित की गई है जिसमें कई नामचीन, चिंतक, विचारक अपने विचार रखेंगे। उक्त जानकारी शिविर के संयोजक अवधेश आनंद ने दी है।

## माघ मेले में श्री रामकथा का आयोजन आज से 19 जनवरी तक

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** संगम की पावन धरती पर माघ मेले की शुरुआत पौष पूर्णिया से शुरू हो गई, धीरे-धीरे मेला गति पकड़ रहा है। रामानंद मार्ग 6व8 पर महामंडलेश्वर रामकृष्ण दास महाराज कोल्हूनाथ खालसा के शिविर में 11 जनवरी से 19 जनवरी तक दोपहर के 2 बजे से शाम 5:30 बजे तक श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रवक्ता दिल्ली के मानस मधुकर कौशल किशोर मिश्र महाराज करेंगे।

## जरूरतमंदों की मदद कर रही भाजपा सरकार



**देवरिया (अवधनामा संवाददाता)** भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा रामपुर कारख़ाना विधानसभा के ग्राम- असना में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। किसान चौपाल को सम्बोधित करते हुए किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश के अंदर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के लिए अंत्योदय को अपना ध्येय बनाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुचाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सभी वर्गों के जरूरतमंद व्यक्तियों की मदद करके उन्हें स्वावलम्बी बना रही है। इस अवसर पर उत्तरप्रदेश सरकार की उपलब्धियों की पुस्तिका और जरूरतमंदों में कम्बल वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से किसान मोर्चा जिला मंत्री नीरज शाही बैरौना, मण्डल महामंत्री सुमन्त चतूर्वेदी, लेखपाल अर्चना मिश्रा, सूरज सिंह, इंद्रासन, लालबचन राजभर, मिथिलावती देवी, रामचन्द्र राजभर, शांति देवी उपस्थित रहे।

## अराजक तत्वों द्वारा शिव जी की मूर्ति क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों में आक्रोश

**उरई (जालौन) (अवधनामा संवाददाता)** जनपद के माधौगढ़ क्षेत्र अंतर्गत थाना रेढ़र के गांव ईगुई में देर रात अज्ञात अराजक तत्वों द्वारा भगवान शिव की मूर्ति को क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना सामने आई है।इस घटना से गांव में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों के अनुसार धार्मिक स्थल पर स्थापित शिव जी की मूर्ति को रात के समय नुकसान पहुंचाया गया। सुबह जब ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई तो बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस को अवगत कराया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है गांव में कुछ मंदिर पर अतिक्रमण है उसे हटाया जाए कि जल्द से जल्द आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# सुभारती विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के शिक्षा संकाय के शिक्षा विभाग द्वारा सतत विकास लक्ष्यों के अंतर्गत उत्तम स्वास्थ्य एवं कल्याण तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को ध्यान में रखते हुए ÷कार्यस्थल पर मानसिक एवं शारीरिक कल्याण हेतु सांस्कृतिक सहभागिता÷ विषय पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर प्रो. संदीप कुमार, संकायाध्यक्ष शिक्षा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सकारात्मक एवं स्वस्थ कार्य संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो. इंदिरा सिंह, विभागाध्यक्षा, शिक्षा विभाग ने मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को कार्यस्थल पर अत्यंत आवश्यक बताते हुए कार्यक्रम की विषयवस्तु का परिचय दिया। डॉ. मंजू अधिकारी, विभागाध्यक्षा, शारीरिक शिक्षा विभाग ने भी ऐसी गतिविधियों को तनावमुक्त एवं ऊर्जावान वातावरण के लिए उपयोगी बताया।

कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित बलून बैलेंस खेल में पुरुष वर्ग से सुनील शर्मा, कार्यालय अधीक्षक एवं गुलबहार, लिपिक तथा महिला वर्ग से दीपिका अग्रवाल, सहायक पुस्तकालयाध्यक्षा एवं फरहा, सहायक लिपिक, राष्ट्रीय कैडेट कोर विजेता रहीं। रोल एक्ट खेल, गैर शैक्षणिक कर्मचारी वर्ग में रेखा एवं सविता ने प्रथम तथा सरोज एवं कमलेश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गायन प्रतियोगिता में सुनील शर्मा, कार्यालय अधीक्षक ने प्रथम, ईशा जोहरी, पुस्तकालयाध्यक्षा ने द्वितीय एवं फरहा, सहायक लिपिक, राष्ट्रीय कैडेट कोर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का मूल्यांकन डॉ. रागिनी श्रीवास्तव, सहायक आचार्या तथा कुंती त्यागी, गैर शैक्षणिक कर्मचारी द्वारा किया गया। वेलनेस समिति समन्वयिका शिक्षा विभाग डॉ. रीबा देवी एवं सांस्कृतिक समिति समन्वयिका शिक्षा विभाग डॉ. रेशु रानी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

इसी क्रम में शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा के वैश्विक आयामों पर आधारित एक एलुमनी विशेषज्ञ व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। यह व्याख्यान ÷सीमाओं से परे शिक्षण, चुनौतियाँ, विकास एवं अवसर÷ विषय पर केंद्रित रहा। व्याख्यान का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति, मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा एलुमनी ट्रस्ट के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया। इसके उपरांत संकायाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रोफेसर संदीप कुमार, शिक्षा विभागाध्यक्षा प्रो. इंदिरा सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पौधारोपण कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। लेफ्टिनेंट प्रोफेसर संदीप कुमार ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक अवसरों के लिए स्वयं को तैयार करने हेतु प्रेरित किया।

## कम्युनिकेशन, निगोशिएशन और सॉफ्ट स्किल्स से मिलती है कॉर्पोरेट में सफलता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा बिजनेस कम्युनिकेशन स्किल्स फॉर मैनेजेरियल इफेक्टिवनेस विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यानमाला का शनिवार को आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रबंधन संकाय, राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, मीरजापुर से प्रो. आशीष सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष डॉ. रसिकेश द्वारा मुख्य वक्ता के औपचारिक परिचय से हुई। व्याख्यान में मुख्य वक्ता प्रो. आशीष सिंह ने प्रभावी संप्रेषण, निर्णय-निर्माण, नेतृत्व तथा समस्या-समाधान कौशल के महत्व को व्यावहारिक उदाहरणों से स्पष्ट करते हुए विस्तार से प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि स्पष्ट, उद्देश्यपूर्ण और नैतिक संप्रेषण से संगठनात्मक कार्यकुशलता बढ़ती है तथा प्रबंधकीय विश्वसनीयता मजबूत होती है। कॉर्पोरेट जगत से जुड़ी छात्रों की जिज्ञासाओं का भी उन्होंने उदाहरणों सहित समाधान दिया।

# एआइपीएमएम की राष्ट्रीय जूम बैठक संपन्न, पसमांदा मुद्दों पर गहन मंथन

■ आरएसएस की पहल का एआइपीएमएम ने किया स्वागत,

■ स्वतंत्र पसमांदा मंच की मांग

अवधनामा संवाददाता




**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ (एआइपीएमएम) की राष्ट्रीय स्तर की एक महत्वपूर्ण जूम बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक में देशभर से राष्ट्रीय, प्रदेश, ज़िला एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बुद्धिजीवी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब परवेज़ हनीफ साहब ने की, जबकि संचालन मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद यूनुस साहब ने किया। बैठक में पसमांदा मुस्लिम समाज की सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं राजनीतिक स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा गया कि समाज का बड़ा हिस्सा आज भी शिक्षा, रोजगार और प्रतिनिधित्व के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है। पसमांदा विमर्श को राष्ट्रीय स्तर पर स्थान मिलने को एक सकारात्मक पहल बताया गया। हाल ही में आरएसएस की कोर कमेटी में पसमांदा समाज को सशक्त बनाने पर हुई चर्चा का महाज़ ने स्वागत किया, साथ ही यह स्पष्ट किया कि पसमांदा समाज की वास्तविक समस्याओं का समाधान पसमांदा प्रतिनिधित्व के माध्यम से ही संभव है। बैठक में राष्ट्रीय मुस्लिम मंच में पर्याप्त पसमांदा प्रतिनिधित्व न होने पर आपत्ति जताई गई और एक स्वतंत्र राष्ट्रीय पसमांदा मंच के गठन का सुझाव दिया गया। बैठक में देश में बढ़ते सांप्रदायिक तनाव पर चिंता व्यक्त की गई तथा सामाजिक सौहार्द और संवाद पर ज़ोर दिया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी डॉ. अब्दुल क़य्यूम अंसारी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 18 जनवरी को डॉ. अब्दुल क़य्यूम अंसारी की पुण्यतिथि पर देशभर में हक़ीक़त पेशी कार्यक्रम एवं जनजागरण अभियान आयोजित किए जाएंगे। साथ ही संगठन विस्तार और सोशल मीडिया सशक्तिकरण पर भी सहमति बनी।

# सामुदायिक स्वास्थ केंद्र का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नीति आयोग लखनऊ की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं, संसाधनों और व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। नीति आयोग लखनऊ के नियोजक अधिकारी रविशंकर तिवारी टीम के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। निरीक्षण के दौरान ओपीडी कक्ष में पहुंचे। जहां उन्होंने मरीजों की संख्या, डॉक्टरों की उपस्थिति और प्रतीक्षा समय पर ध्यान दिया गया। वहीं ऑपरेशन कक्ष में सर्जिकल उपकरणों की उपलब्धता, स्टेरलाइजेशन व्यवस्था, सुरक्षा मानकों और संक्रमण नियंत्रण की प्रक्रिया को गंभीरता से परखा गया। इसके बाद रजिस्ट्रेशन काउंटर पर मरीजों के पंजीकरण की प्रक्रिया, वहां की साफ-सफाई देखी। वहां मरीजों को बैठाने की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। टीम ने दवा वितरण कक्ष में दवाओं की उपलब्धता, स्टॉक रजिस्टर, दवाओं की एक्सपायरी तिथि आदि को देखा। भर्ती वार्ड में बेड की स्थिति, साफ-सफाई, प्रकाश, वेंटिलेशन और मरीजों की देखभाल से जुड़ी व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया। लेबर रूम में प्रसव से संबंधित उपकरण, को देखा। बताया कि चेकलिस्ट के माध्यम से विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसे शासन को भेजा जाएगा। इस रिपोर्ट में अस्पताल की वर्तमान स्थिति, उपलब्ध संसाधन, कमियां और सुधार की संभावनाएं शामिल रहेंगी। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता, डॉ. योगेश आर्या, डॉ. विनोद राजपूत, डॉ. उमेश, डॉ. राजीव दुबे, डॉ. सहन बिहारी गुप्ता, डॉ. पीएन शर्मा, अवधेश राजपूत आदि मौजूद रहे।

# सिर्फ 2 दिनों में जोधपुर को करें एक्सप्लोर



सर्दियों में राजस्थान के जोधपुर की शानदार वीकेंड ट्रिप प्लान करें। इस दो दिवसीय यात्रा में मेहरानगढ़ किला, नीली गलियां और उम्मेद भवन पैलेस जैसे प्रमुख स्थल कवर करें, साथ ही राजस्थानी लजीज खाने और सांस्कृतिक शो के साथ अपनी जोधपुर यात्रा को यादगार बनाएं। सर्दियों के मौसम में राजस्थान घूमने का एक अलग ही मजा होता है। जब बात राजस्थान की हो रही है,तब जोधपुर का नाम जरुर आता है। जोधपुर को ब्लू सिटी के नाम से भी जाना जाता है। इस शहर के नीले रंग की तंग गलियां, ऊंचे किले, हवेलियां, राजसी ठाठ-बाठ और राजस्थानी लजीज खाना मिलता है। अगर आप भी वीकेंड ट्रिप का प्लान कर रहे हैं, जोधपुर जरुर जाएं। दो दिन में आप यहां आराम से घूम सकते हैं। जोधपुर के पॉपुलर स्पॉट्स देख सकते हैं और जोधपुर के मैजिक को एक्सप्लोर कर सकते हैं। इस लेख में हम आपको बताएंगे दो दिनों का पूरा प्लान, जो आपकी ट्रिप को यादगार है।

## जानें ब्लू सिटी ट्रिप को कैसे यादगार बनाएं

**पहले दिन करें इन जगहों को एक्सप्लोर**

**मेहरानगढ़ किला**

जोधपुर की ट्रिप बिना मेहरानगढ़ ट्रिप के अधूरी है। इस किले की भव्यता देखकर आप दंग रह जाएंगे। मेहरानगढ़ किला की बनावट, नक्काशी और बाहर दिखता नीला शहर, सब कुछ ड्रिमी प्लेस से कम नहीं है।

**नाचौकिया की नीली गालियां**

जोधपुर जाएं तो यहां की गलियों में घूमना एक ही अनोखा सुकून मिलता है। इन संकरी, चमचमाती गलियों में ही तो असली जोधपुर बसता है। यहां के हर एक मोड़ पर आपको फोटो क्लिक करने का मन करेगा।

**राव जोधा डेजर्ट पार्क में देखें सनसेट**

अगर आप रेगिस्तान देखने का एक्सपीरियंस लेना चाहते हैं, तो आप शोर से दूर रेगिस्तान के पेड़-पौधों के बीच हवा में बैठकर सनसेट का सुंदर नजारा देख सकते हैं।

**टूर्जी का झलरा कैफे में डिनर करें**

रात के समय इस कैफे में बैठकर डिनर कर सकते हैं। यहां पर गरम-गरम राजस्थानी खाना को एन्जॉय कर सकते हैं। यहां पर दिन की थकान को दूर कर सकते हैं और आपकी शाम राजस्थानी खाना खाकर मजेदार हो जाएगी।

**दूसरे दिन करें इन जगहों को एक्सप्लोर**

**उम्मेद भवन पैलेस**

ट्रिप के दूसरे दिन आप ऐतिहासिक उम्मेद भवन पैलेस घूमने जा सकते हैं। यहां का खूबसूरत आर्किटेक्चर, लॉन और म्यूजियम आपको रॉयल फील कराएगी।

**सरदार मार्केट और मिश्रीलाल लस्सी**

जोधपुर के लोकल मार्केट एक्सप्लोर करने का एक अलग ही अनुभव होता है। आप चाहे तो सरदार मार्केट में शॉपिंग कर सकते हैं। अगर आप शॉपिंग के दौरान थक गए हैं, तो फेमस मिश्रीलाल की लस्सी को जरुर पिएं।

**कल्चरल शो और डेजर्ट डाइनिंग का मजा लें**

पूरे दिन को अच्छे से बिताने के बाद शाम को आप कोई भी राजस्थानी कल्चरल शो देख सकते हैं या फिर डेजर्ट डाइनिंग का मजा लें सकते हैं। तारों के नीचे, खुली हवा में राजस्थानी खाना खा सकते हैं। आपकी ट्रिप भी शानदार बन जाएगी।

# सपनों का हनीमून!

### बिना वीजा के इन जगहों पर बिताएं जिंदगी के सबसे रोमांटिक पल



हनीमून हर नवविवाहित जोड़े के जीवन का सबसे खूबसूरत समय होता है, जिसे खास जगह पर बिताना हर किसी का सपना होता है। दुनिया में कई ऐसी रोमांटिक डेस्टिनेशंस हैं जो हनीमून के लिए परफेक्ट मानी जाती हैं। मालदीव अपने शांत समुद्र, वॉटर विला और प्राइवेट बीच के लिए मशहूर है। दुनिया में ऐसी के बीच वाले देश हैं जो वीजा-फ्री है, जहां आप अपने पल को सुकून से बिता सकते हैं। मॉरीशस सुंदर बीच और नेचर के कारण रोमांटिक माहौल प्रदान करता है। मॉरीशस और सेशेल्स भी अपने लग्जरी रिसॉर्ट्स और नीले समुद्र के लिए लोकप्रिय हैं। हनीमून को खास बनाने के लिए आप इन जगहों पर घूमने जरुर जाएं। ये सभी जगहें कपल्स को सुकून, रोमांस और यादगार पलों से भरा अनुभव देंगी।

**मालदीव**

नवविवाहित कपल्स के लिए मालदीव सबसे बेस्ट जगहों में से एक है। हनीमून के लिए यह बेस्ट डेस्टिनेशन है, जो कि वीजा-फ्री है। यहां के ओवरवॉटर विला, क्लिर ब्लू पानी और रंग-बिरंगी मछलियां किसी स्वर्ग से कम नहीं है। मालदीव में प्राइवेट रिसॉर्ट्स दीपों के लिए जाना जाता है। शाम के समय समुद्र किनारे कैंडललाइट डिनर, कपल स्पा और सनसेट क्रूज आपकी यादों को हमेशा यादगार बना देंगा।

**मॉरीशस**

मॉरीशस सुंदर बीच, हरे-भरे जंगलों और विविध संस्कृति के लिए जाना जाता है। कपल्स यहां पर ले मॉर्न ब्राबांट, चमरेल की सेवन कलर्ड अर्थ और पाम्पलमूस बोटैनिकस गार्डन देख सकते हैं। यदि आप एडवेंचर का लुत्फ उठाना चाहते हैं, तो स्कूबा डाइविंग, सेलिंग या ट्रेकिंग का मजा ले सकते हैं। यहां आप हनीमून को शानदार तरीके से एन्जॉय कर सकते हैं।

**सेशेल्स**

एक शांत और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है सेशेल्स, यहां पर सफेद रेत वाले बीच और नीले पानी की लहरें कपल्स को अट्रैक्ट करेगी। यहां के लोकप्रिय स्थानों में अन्से लाजियो बीच और यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट डे शामिल है। कपल्स यहां पर प्राइवेट यॉट में सफर कर सकते हैं।

**अल्माटी**

अल्माटी कजाखस्तान का सबसे बड़ा और खूबसूरत शहर है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और आधुनिकता के लिए प्रसिद्ध है। यह शहर बर्फ से ढके पहाड़ों, झीलों और हरियाली से घिरा हुआ है। अल्माटी कभी देश की राजधानी था और आज भी इसका सांस्कृतिक और आर्थिक केंद्र माना जाता है। यहां का मेदेओ आइस स्केटिंग रिंक, शिम्बुलक स्की रिसॉर्ट और बिग अल्माटी लेक प्रमुख आकर्षण हैं। अपनी शांत जलवायु और सुंदर दृश्यों के कारण यह हनीमून और पर्यटन के लिए सबसे बेस्ट डेस्टिनेशन है।

**फिजी**

हनीमून के लिए फिजी एक शानदार डेस्टिनेशन है। फिजी नेचुरल खूबसूरती के लिए जाना जाता है। यहां के साफ बीच, कोरल रीफ और हरियाली से भरे जंगल न्यूली वेड कपल के लिए शानदार है। यहां पर आफ डाइविंग, स्नॉर्कलिंग और हाइकिंग कर सकते हैं।

# दिल्ली की यमुना में गोवा-मुंबई जैसा क्रूज अनुभव

### दिसंबर से शुरू होगा यादगार सफर




दिल्ली की यमुना नदी में क्रूज सेवा शुरू की जा रही है। यह क्रूज सेवा दिल्ली के सोनिया विहार पुस्ते से लेकर जगतपुर के बीच चलेगी। दिल्ली के पर्यटन मंत्री के मुताबिक इससे न सिर्फ लोगों को नया एक्सपीरियंस मिलेगा, बल्कि यमुना किनारे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

अब दिल्लीवालों को क्रूज यात्रा करने के लिए गोवा या फिर मुंबई जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। क्योंकि अब क्रूज यात्रा दिल्ली में शुरू होने जा रही है। दरअसल, दिल्ली सरकार यमुना नदी में क्रूज सेवा शुरू करने जा रही है। इसके तहत दिसंबर से यमुना में क्रूज सेवा शुरू होने की उम्मीद है। यह क्रूज सेवा दिल्ली के सोनिया विहार पुस्ते से लेकर जगतपुर के बीच चलेगी। दिल्ली के पर्यटन मंत्री के मुताबिक इससे न सिर्फ लोगों को नया एक्सपीरियंस मिलेगा, बल्कि यमुना किनारे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

दिल्ली सरकार चाहती है कि लोग अपने शहर में पानी के सफर का आनंद उठाएं और साथ ही यमुना को एक आकर्षक टूरिस्ट स्पॉट के तौर पर भी विकसित किया जा सके। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दिल्ली में शुरू होने जा रही क्रूज सेवा के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

**यमुना में उठा सकेंगे क्रूज का मजा**

बता दें कि दिल्ली सरकार यमुना नदी को साफ-सुथरा बनाने और इसको पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के योजना पर काम कर रही है। इसके तहत पर्यटन मंत्रालय ने यमुना नदी में क्रूज सेवा शुरू किए जाने का ऐलान किया है। पर्यटन मंत्री के अनुसार, क्रूज के हिस्सों को जोड़ने का काम पूरा होने को है, वहीं कुछ दिनों में यमुना में क्रूज सेवा शुरूकर दी जाएगी। सोनिया विहार के पास पर्यटकों के चढ़ने-उतरने और ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। जिससे कि लोग आसानी से इस यात्रा का लुत्फ उठा सकें।

**पिक एंड ड्रॉप पॉइंट**

यमुना नदी पर शुरू होने वाली क्रूज सेवा फिलहाल सोनिया विहार से जगतपुर तक शुरू होगी। यात्रियों को जगतपुर नहीं उतारा जाएगा, बल्कि उनको वापस क्रूज से सोनिया विहार लाया जाएगा। यानी की 90 मिनट में कुल 10 किमी की यात्रा तय की जाएगी। इस क्रूज में एक बार में करीब 100 से अधिक लोग सफर कर सकेंगे। वहीं अभी तक टिकट का किराया तय नहीं किया गया है। यह पहल दिल्ली में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ लोगों को यमुना किनारे एक नया अनुभव देने के उद्देश्य से शुरू की जा रही है।

**मिलेंगी ये सुविधाएं**

जल्द ही दिल्ली की यमुना नदी में क्रूज सेवा शुरू होने जा रही है। इस क्रूज में 90 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी और खाने-पीने के लिए कैफे और रेस्तरां की सुविधा भी मिलेगी। क्रूज सोनिया विहार पुस्ते से चलेगा और करीब 8 किमी का सफर तय करके जगतपुर शनि मंदिर तक जाकर वापस सोनिया विहार आएगा। मानसून के समय क्रूज सेवा बंद रहेगी, क्योंकि मानसून में यमुना का जल स्तर बढ़ जाता है। क्रूज सेवा शुरू करने के पीछे सरकार का उद्देश्य यमुना किनारे पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना है।

**टिकट की कीमत**

प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस प्रोजेक्ट को शुरू करने के मकसद सिर्फ नया टूरिस्ट स्पॉट बनाना नहीं बल्कि लोगों को यमुना नदी से जोड़ना है। लोग जब यमुना नदी को करीब से देखेंगे, तो इसको साफ बनाए रखने की अपनी जिम्मेदारी को भी महसूस करेंगे। वहीं टिकट की कीमतें पर्यटन मंत्री और सीएम की मंजूरी के बाद तय की जाएंगी। प्रयास होगा परिवारों, छात्रों और पर्यटकों के लिए टिकट सस्ती रखी जाए।

दिल्ली मेट्रो से जोड़ा जाएगा

अब DTC के साथ मिलकर पर्यटन विभाग यमुना क्रूज जेटी को पास के मेट्रो स्टेशनों से जोड़ने की भी तैयारी कर रहा है। जिससे कि लोगों को वहां पर पहुंचने में समस्या न हो। वहीं सुबह और शाम के समय कई ट्रिप चलाई जाएंगे। जिससे पर्यटक यमुना के खूबसूरत नजारों का लुत्फ उठा सकें।

# उत्तराखंड के इन बड़े शहरों में छिपा है संस्कृति और सौंदर्य का खजाना

जब भी देश के खूबसूरत पहाड़ी राज्यों में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले उत्तराखंड का नाम लेते हैं। साल 2000 में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश से अलग होकर नया राज्य बना था। उत्तराखंड को कई लोग देव भूमि के नाम से भी जाना जाता है। उत्तराखंड को दो प्रमुख भागों में विभाजित किया गया है, कुमाऊं और गढ़वाल। जब भी उत्तराखंड में घूमने की बात होती है, तो कई लोग मसूरी, नैनीताल, ऋषिकेश, औली या चकराता जैसी जगहों का नाम लेते हैं।

बता दें कि उत्तराखंड के 5 सबसे बड़े शहरों में पहला नाम देहरादून शहर का आता है। यह उत्तराखंड की राजधानी होने के साथ एक खूबसूरत पर्यटन स्थल है। देहरादून को दून घाटी के नाम से भी जाना जाता है। यह जगह अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ ऐतिहासिक महत्व और कई खूबसूरत पर्यटन स्थलों के लिए जाना जाता है। इस शहर को शिक्षा का केंद्र भी माना जाता है, क्योंकि इस शहर में कई प्रतिष्ठित स्कूल और कॉलेज हैं।

**मुख्य आकर्षण**

टपकेश्वर मंदिर
मालसी डियर पार्क
सहस्त्रधारा
रॉबर्स गुफा

हरिद्वार

उत्तराखंड का दूसरा सबसे बड़ा शहर हरिद्वार है। गंगा नदी के तट पर स्थित हरिद्वार भारत के पवित्र और आध्यात्मिक शहरों में से एक है। यह शहर हिंदू धर्म के प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक माना जाता है। हरिद्वार में होने वाला कुंभ मेला पूरी दुनिया में फेमस है। हरिद्वार में हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए आते हैं। हरिद्वार शहर गंगा आरती के लिए फेमस मानी जाती है।

**मुख्य आकर्षण**

हर की पौड़ी
मनसा देवी मंदिर
चंडी देवी मंदिर
राजाजी राष्ट्रीय उद्यान

हल्द्वानी

हल्द्वानी उत्तराखंड का तीसरा सबसे बड़ा शहर माना जाता है। हल्द्वानी उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में स्थित एक ऐतिहासिक और खूबसूरत शहर है। यह शहर अपनी प्राकृतिक सुंदरता, शांत और शुद्ध वातावरण के लिए जाना जाता है। काठगोदाम से लेकर गौला बांध तक हल्द्वानी फैला हुआ है। इसके अलावा इस शहर को कुमाऊं क्षेत्र का प्रवेश द्वार भी माना जाता है। हल्द्वानी से नैनीताल की दूरी करीब 43 किमी है।

**मुख्य आकर्षण**

शीतला देवी मंदिर
गौला बांध
हिडिंबा पर्वत
कालीचौड़ मंदिर

रुड़की

रुकड़ी शहर को उत्तराखंड का चौथा सबसे बड़ा शहर माना जाता है। यह शहर अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ आई आई टी रुकड़ी के लिए सबसे ज्यादा फेमस है। यह उत्तराखंड का एक ऐसा शहर है, जोकि दो नदियों गंगा और यमुना नदी के बीच स्थित है। रुकड़ी खूबसरत शहर होने के साथ ही अपने फेमस पर्यटन स्थलों के लिए भी जाना जाता है।

**मुख्य आकर्षण**

क्रिस्टल वर्ल्ड
पिरान कलियार शरीफ
सोलानी पार्क
अपर गंगा कैनाल

रुद्रपुर

उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले में स्थित रुद्रपुर राज्य का 5वां सबसे बड़ा शहर है। वहीं यह शहर कुमाऊं मंडल का दूसरा सबसे बड़ा शहर माना जाता है। माना जाता है कि इस खूबसूरत शहर का निर्माण राजा रुद्र चंद ने किया था। इस खूबसूरत शहर को कुमाऊं का प्रवेश द्वार भी माना जाता है। रुद्रपुर अपनी खूबसूरती के अलावा आध्यात्मिकता, मृद्ध इतिहास और स्थानीय परंपरा के लिए फेमस है।

**मुख्य आकर्षण**

मोटेश्वर महादेव मंदिर
अटरिया मंदिर
लेक पैराडाइज

# गुवाहाटी के पास मौजूद यह गांव प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग



## खूबसूरती देख हो जाएंगे दीवाने

असम, बांग्लादेश और भूटान दोनों के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को साझा करता है। यह राज्य गुवाहाटी जैसी खूबसूरत जगह और कामाख्या मंदिर जैसे फेमस धार्मिक स्थल के लिए पूरे देश में फेमस है। आज हम आपको असम के चाय बागों के बीच स्थित सरलपारा की खासियत के बारे में बताने जा रहे हैं।

नॉर्थ ईस्ट इंडिया में घूमने जाने वाले सबसे खूबसूरत और लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में असम पहले नंबर पर आता है। यह पूर्वोत्तर भारत में स्थित प्राकृतिक सुंदरता, चार बागानों और जैवविविधता का खजाना है। यह बांग्लादेश और भूटान दोनों के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को साझा करता है। यह राज्य गुवाहाटी जैसी खूबसूरत जगह और कामाख्या मंदिर जैसे फेमस धार्मिक स्थल के लिए पूरे देश में फेमस है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको असम के चाय बागों के बीच में स्थित सरलपारा की खासियत और इसकी खूबसूरती के बारे में बताने जा रहे हैं।

सरलपारा की खासियत और खूबसूरती बताने से पहले आपको सरलपारा असम के कोकराझार जिले में पड़ता है। यह कोकराझार मुख्य शहर से करीब 56 किमी दूर है। सरलपारा, असम की एक ऐसी जगह है, जोकि भूटान सीमा के पास स्थित है। इस वजह से यह जगह पर्यटकों के लिए काफी लोकप्रिय है।

**क्यों फेमस है सरलपारा**

भूटान सीमा के पास स्थित सरलपारा पूरे असम के सबसे फेमस और खूबसूरत पिकनिक स्पॉट माना जाता है। सरलपारा की शानदार प्राकृतिक सुंदरता, पहाड़, झरना और घाटियां खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करती हैं। सरलपारा के आसपास कई खूबसूरत चाय के बागान भी मौजूद हैं, जोकि पर्यटकों को खूब आकर्षित करते हैं।

सरलपारा में मौजूद घास के मैदान और मैदान के बीच बहने वाली एक छोटी नदी सैलानियों को सबसे ज्यादा अपनी ओर आकर्षित करती है। इसको प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग माना जाता है।

यह जगह अपने शांत और शुद्ध वातावरण के लिए भी जाना जाता है। सरलपारा शानदार और लुभावने सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्यों के लिए भी जाना जाता है। सरलपारा कई किस्म के फूलों के लिए भी जाना जाता है।

**पर्यटकों के लिए क्यों खास है सरलपारा**

यह जगह पर्यटकों के बीच सबसे ज्यादा पिकनिक स्पॉट के रूप में फेमस है। यहां पर स्थानीय ही नहीं बल्कि असम के दूर-दराज से लोग परिवार के साथ पिकनिक मनाने के लिए आते हैं।

वीकेंड में यहां पर भारी संख्या में लोग परिवार के साथ मौज-मस्ती के लिए पहुंचते हैं। यहां पर कई लोग दोस्तों, परिवार और पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करने के लिए पहुंचते हैं।

सरलपारा पर्यटकों के बीच सिर्फ पिकनिक स्पॉक के तौर पर ही नहीं बल्कि एडवेंचर स्पॉट के रूप में भी जाना जाता है। यहां पर कई पर्यटक हाइकिंग, ट्रेकिंग और कैंपिंग का शानदार लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं। इसके साथ ही सरलपारा की खूबसूरती के बीच यादगार फोटोग्राफी कर सकते हैं।

**आसपास घूमने की जगहें**

सरलपारा के आसपास कई ऐसी शानदार और मनमोहक जगहें मौजूद हैं। जिसकी खूबसूरती आपको चंद मिनटों में दीवाना बना सकती है। सरलपारा के आसपास आप बोरनोखोरी गांव, बेटीया जंगल, टी गार्डन और गौरांग नदी जैसी खूबसूरत जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

# रील और रियल लाइफ का संगम

## ये शहर आपको देंगे फिल्मों सा भव्य अनुभव

दुनिया में कई ऐसी जगहें हैं, जहां पर जाते ही आपको ऐसा लगेगा कि आप किसी फिल्मी दुनिया में आ गए हैं। यहां की इमारतें, गलियां, कैफे और लोग सब मिलकर ऐसा माहौल बनाते हैं, जो आपको पूरी जिंदगी याद रहते हैं। वहीं फोटोग्राफी के लिहाज से भी यह जगहें बेस्ट हैं।



घूमने-फिरने का शौक तो हर किसी को होता है। हर कोई ऐसी जगहों पर जाना चाहता है, जहां पर वह ढेरों यादगार पलों को इकट्ठा कर सकें। वहीं कुछ खास पलों को खुलकर एंजॉय कर सकें। दुनिया भर में कई ऐसे शहर हैं, जो किसी फिल्मी दुनिया से कम नहीं लगते हैं। इन जगहों पर जाते ही आपको ऐसा लगेगा कि आप किसी फिल्मी दुनिया में आ गए हैं। यहां की इमारतें, गलियां, कैफे और लोग सब मिलकर ऐसा माहौल बनाते हैं, जो आपको पूरी जिंदगी याद रहते हैं। वहीं फोटोग्राफी के लिहाज से भी यह जगहें बेस्ट हैं। अगर आप भी ऐसी जगहों की तलाश में हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**जयपुर**

अगर भारत में कोई ऐसी जगह है, जो फिल्मी दुनिया का एहसास कराती है। यह राजस्थान का गुलाबी शहर जयपुर है। जयपुर शहर इतिहास, रंगों और रॉयल लुक से भरपूर है। यहां के किले, महल और हवेलियां में आपको बीते वक्त की झलक देखने को मिलेगी। इसके साथ ही रंग-बिरंगे कपड़े, भीड़-भाड़ वाले बाजार, मसाले और हस्तशिल्प हर गली को खास बनाते हैं। आपको जयपुर में सब कुछ गुलाबी देखने को मिलेगा। गुलाबी रंग की इमारतें और पारंपरिक डिजाइन इस शहर को वाकई फिल्मी एहसास देते हैं।

**वेनिस**

वैसे तो वेनिस एकदम सपनों का शहर लगता है और यहां का नजारा भी काफी ज्यादा रोमांटिक होता है। आप यहां पर गोंडाला राइड करते समय डूबते हुए सूरज का शानदार नजारा देख सकते हैं। वहीं पानी में झलकती इमारतों को देखना किसी फिल्म जैसा अनुभव होता है।

**सेंटोरिनी (ग्रीस)**

सफेद रंग के घर, नीले गुंबद वाले चर्च और समुद्र के किनारे बसा सेंटोरिनी शहर किसी रोमांटिक फिल्म की शूटिंग जैसा लगता है। सेंटोरिनी में सनसेट का नजारा काफी ज्यादा खूबसूरत लगता है और यह शहर नेचुरल ब्यूटी का जीता जागता उदाहरण है।

**रोम (इटली)**

जब भी खूबसूरत शहरों की बात होती है, तो सबसे पहले इटली का नाम लिया जाता है। इटली में कई फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है। इटली का रोम शहर अपने आप बेहद शानदार है। ट्रेवी फाउंटेन, कोलोसियम और पुरानी गलियों वाला रोम हर एक पल को खास और फिल्मी बना देता है। यहां की ऐतिहासिक इमारतें भी किसी टाइम ट्रैवल का एक्सपीरियंस कराती हैं।

**पेरिस**

लोग पेरिस को 'City Of Love' कहते हैं। इस शहर की खूबसूरती आपको हर गली-नुक्कड़ पर देखने को मिलती है। पेरिस की सीन नदी, एफिल टॉवर और पुराने पुल जैसे किसी फिल्म का सीन लगते हैं। पेरिस के छोटे-छोटे कैफे, शांत गलियां और सड़क पर कला दिखाते कलाकार हर पल को खास बना देते हैं।

**दुबई**

बता दें कि दुबई एक ऐसी जगह है, जहां पर जाने का सपना हर भारतीय का होता है। यहां की ऊंची इमारतें, चमकते मॉल और बुर्ज खलीफा इसको पूरी तरह से मॉर्डन फिल्म सेट जैसा बनाते हैं। रात की रोशनी और रेगिस्तान सफारी दुबई का यूनिक कॉम्बिनेशन है।

# मलयालम भाषा विधेयक पर सियासी रार

## या केरल में दूसरी भाषाओं पर लगेगी रोक?

एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मलयालम भाषा विधेयक 2025 को लेकर कर्नाटक समेत कई जगहों पर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप यह लग रहा है कि यह कानून दूसरी भाषाओं पर जबरन मलयालम थोपेगा। ऐसे में बढ़ते विवाद को देखते हुए मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इन सभी दावों को खारिज करते हुए इस विधेयक को लेकर जो आशंकाएं जताई जा रही हैं, वे तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि केरल विधानसभा द्वारा पारित यह कानून पूरी तरह समावेशी है और इसमें भाषाई अल्पसंख्यकों के अधिकारों की विशेष सुरक्षा की गई है।



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा कि केरल की प्रगति हमेशा समानता, भाईचारे और समग्र विकास पर आधारित रही है। राज्य सरकार धर्मनिरपेक्षता और बहुलतावाद जैसे संवैधानिक मूल्यों को पूरी मजबूती से बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

विजयन ने स्पष्ट किया कि मलयालम भाषा विधेयक में एक साफ और मजबूत प्रावधान (धारा 7) शामिल है, जो भाषाई अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करता है। खासतौर पर कन्नड़ और तमिल भाषी समुदायों के हितों को सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी नागरिक पर कोई भाषा थोपने के पक्ष में नहीं है और भाषाई विविधता की रक्षा करना उसकी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जिन क्षेत्रों को अधिसूचित किया गया है, वहां तमिल और कन्नड़ भाषी लोग सचिवालय, विभागाध्यक्षों और स्थानीय कार्यालयों से अपनी मातृभाषा में पत्राचार कर सकते हैं। इतना ही नहीं, उन्हें जवाब भी उसी भाषा में दिया जाएगा।

दूसरी ओर शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर उठाई गई चिंताओं को लेकर खासकर कासरगोड जिले में कन्नड़ माध्यम के स्कूलों को लेकर पिनराई विजयन ने कहा कि जिन छात्रों की मातृभाषा मलयालम नहीं है, वे राष्ट्रीय शिक्षा पाठ्यक्रम के अनुसार स्कूलों में उपलब्ध भाषाओं में से अपनी पसंद की भाषा चुन सकते हैं। उन्होंने साफ किया कि अन्य राज्यों या विदेशी छात्रों को कक्षा 9, 10 या उच्च माध्यमिक स्तर पर मलयालम की परीक्षा देने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केरल की भाषा नीति पूरी तरह से भारत के संविधान और आधिकारिक भाषा अधिनियम 1963 के अनुरूप है। यह नीति संविधान के अनुच्छेद 346 और 347 का पूरी तरह पालन करती है। उन्होंने कहा कि भारत की विविधता हमारी ताकत है, इसे एक ही ढांचे में जबरन नहीं ढाला जा सकता। इसके साथ ही केरल मॉडल ऑफ गवर्नेंस का जिक्र करते हुए पिनराई विजयन ने कहा कि राज्य की प्रगति भागीदारी और पारदर्शिता पर आधारित रही है।

# सीएम ममता ने सीईसी को लिखा पत्र- कहा- एसआईआर से लोकतांत्रिक ढांचे पर चोट

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को एक चिट्ठी लिखी है। इसमें उन्होंने मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) पर गंभीर सवाल उठाए हैं। ममता का आरोप है कि इस प्रक्रिया का इस्तेमाल रिकॉर्ड सुधारने के लिए नहीं, बल्कि वोटरों को लिस्ट से बाहर करने के लिए किया जा रहा है।



अपने तीन पन्नों के पत्र में ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर राजनीतिक भेदभाव और मनमानी करने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा कि सुनवाई की प्रक्रिया पूरी तरह मशीनी हो गई है। यह सिर्फ तकनीकी आंकड़ों पर चल रही है और इसमें मानवीय समझ या संवेदनशीलता की भारी कमी है। उन्होंने साफ कहा कि इसका मकसद सुधार करना नहीं, बल्कि लोगों को हटाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नाम की स्पेलिंग या उम्र में छोटी-मोटी गलतियों की वजह से आम लोगों को परेशान किया जा रहा है। उन्हें जबरदस्ती सुनवाई के लिए बुलाया जाता है, जिससे उनका उत्पीड़न होता है और उनकी मजदूरी का भी नुकसान होता है।

ममता ने शादीशुदा महिलाओं की परेशानी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि शादी के बाद सरनेम बदलने वाली महिलाओं को अपनी पहचान साबित करने के लिए बुलाया जा रहा है, जो उनका गंभीर अपमान है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ खास चुनाव क्षेत्रों को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है और बंगाल के लिए अलग पोर्टल का इस्तेमाल होने से अधिकारियों में भ्रम है।

## झारखंड के सरायकेला में भीषण सड़क हादसा, तीन लोगों की मौत

**सरायकेला।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में काला पत्थर गांव के पास रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में एक ट्रेलर और 407 के बीच सीधी टक्कर हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेलर का चालक जिंदा जल गया और 407 के चालक और कंडक्टर की भी मौत हो गई। इसके अलावा हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। फिलहाल किसी भी मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों वाहनों की गति इतनी तेज थी कि टक्कर होते ही ट्रेलर में आग लग गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई, जिसके बाद स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए दौड़ पड़े।

# चंद्रशेखर की पुलिस से बहस

एजेंसी

**इंदिरापुरम।** दिल्ली से मेरठ जा रहे आजाद समाज पार्टी प्रमुख व नगीना लोकसभा से सांसद चंद्रशेखर आजाद को राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) नौ पर पुलिस ने रोका तो बवाल हो गया। मामला शनिवार की दोपहर करीब 3ः45 बजे का है। दिल्ली हवाईअड्डे से चंद्र शेखर आजाद मेरठ के सरधना थानाक्षेत्र के कपसाड़ गांव जा रहे थे। जब इसकी सूचना पुलिस को मिली तब इंदिरापुरम, खोड़ा और कौशांबी ने फोर्स के साथ यूपी गेट पर बेरिकेडिंग कर दी।

भीम आर्मी प्रमुख का काफिला जब यूपी गेट पहुंचा तब गाड़ी रोकने पर चंद्रशेखर आजाद कार से निकलकर पैदल मेरठ की तरफ बढ़ने लगे। बेरिकेडिंग हटाने पर जब इंदिरापुरम थाना प्रभारी रविंद्र गौतम ने उन्हें रोकने की कोशिश की तब हंगामा शुरू हो गया। यहां तक कि फोर्स और भीम आर्मी प्रमुख के बीच खींचतान भी हुई।

करीब 30 मिनट तक यही हंगामा चलता रहा। जमकर बहसबाजी और खींचतान व समझाइश भी चंद्रशेखर आजाद को नहीं रोक पाई। पुलिस के मना करने पर भी नगीना सांसद जब पैदल आगे बढ़े तभी पुलिस को चकमा देकर डिवाइडर लांघकर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे (डीएमई) पर पहुंचे और किसी गाड़ी में बैठकर निकल गए। यातायात के चलते पुलिस भी उन्हें जल्द नहीं पकड़ पाई। इसके बाद तीन थाना प्रभारी फोर्स के साथ भोजपुर बॉर्डर पर पहुंचे।

पुलिस और चंद्रशेखर के बीच हुए हंगामे के कुछ वीडियो सामने आए हैं। इसमें वो कहते हुए नजर आ रहे हैं कि गलती से हाथ मत लगा दिओ... मेरा गिरेबान पकड़ोगे...? दिमाग खराब है। मुझे कोहनी मार रहे हो। इन सबके बीच जब एक महिला कर्मी उनसे साइड में चलकर बात करने को कहती हैं तो इस पर वो कहते हैं कौन हैं आप?

# बीएमसी चुनाव में किसका अस्तित्व दांव पर, गठबंधन के बनते बिगड़ते खेल को विश्लेषकों ने बताया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में 15 जनवरी को होने वाले नगर निकाय चुनावों से पहले राज्यभर की सियासत में गर्माहट तेज हो गई है। आरोप-प्रत्यारोप के बीच कहां कौन सा दल किस दल के साथ चुनाव लड़ रहा है कौन किसके खिलाफ ये बहुत जटिल हो गया। इसमें सबसे ज्यादा चर्चा बीएमसी के चुनाव की हो रही है। इस हफ्ते खबरों के खिलाड़ी में इसी पर चर्चा हुई। चर्चा के लिए वरिष्ठ पत्रकार विनोद अग्निहोत्री, राकेश शुक्ल, अजय सेतिया, अनुराग वर्मा और हर्षवर्धन त्रिपाठी मौजूद रहे।

हर्षवर्धन त्रिपाठी- जिस महानगरपालिका का बजट 90 हजार करोड़ रुपये हो। जिस पर 20 साल से ज्यादा समय से शिवसेना का कब्जा है। बीएमसी ही नहीं पूरे




महाराष्ट्र में टिपिकल महाराष्ट्र की पॉलिटिक्स हो रही है। पूरे राज्य में यह तय नहीं हो पा रहा है कि 'नारी बीच सारी है या सारी बीच नारी'। पूरे महाराष्ट्र की सियासत को देवेंद्र फडणवीस चला रहे हैं और यहां का पूरा चुनाव माया का चुनाव बन गया है। अजय सेतिया- 1996 से लेकर 2022 तक बीएमसी में शिवसेना का नियंत्रण रहा है। ये नियंत्रण भाजपा के समर्थन से था। 2022 के बाद ये नियंत्रण बना रहे कांग्रेस के समर्थन से रहा। आज तारीख में स्थितियां बहुत बदल चुकी है। कांग्रेस और शरद पवार पिक्चर से बाहर हो गए हैं। अजित पवार को भाजपा ने गठबंधन से बाहर कर दिया है। इससे यह तय हो गया है कि आगे भाजपा का गठबंधन किस ओर जाएगा।

अनुराग वर्मा- महाराष्ट्र की राजनीति पूरी तरह पारंपरिक क्षेत्रीय राजनीति का उदाहरण है। जहां तक बात शिवसेना यानी ठाकरे परिवार और एनसीपी यानी शरद पवार की तो ये दोनों कभी अलग थे ही नहीं। महाराष्ट्र की राजनीति में हमेशा से नगर निगम की राजनीति में ज्यादा फोकस रहा है। इस चुनाव के बाद तय होगा कि कौन कहां रहेगा। शरद पवार प्रासंगिक रहेंगे या नहीं ये तय होगा। ठाकरे परिवार महाराष्ट्र की सियासत में प्रासंगिक रहेगा या नहीं यह भी तय होगा।

राकेश शुक्ल- देवेंद्र फडणवीस ने जिस तरह से पूरी सियासी बिसात बिछाई है उसमें सबसे ज्यादा नुकसान जिसे हो रहा हैं वो एकनाथ शिंदे। जो लोग मुंबई में साथ-साथ लड़ रहे हैं वो पूरे महाराष्ट्र में अलग-अलग लड़ रहे हैं। महाराष्ट्र में एक ऐसी राजनीतिक खिचड़ी बन गई है, जिसने ये जताया है राजनीति हमसे सीखिए।

## क्विक न्यूज

### इंदौर में कंटेनर से टकराई कार, एक छात्र की मौत, पांच गंभीर

**इंदौर।** मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर में सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक कार सड़क पर खड़े कंटेनर से जा टकराई। इसमें एक छात्र की मौत हो गई और पांच गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इंदौर-भोपाल मार्ग पर लसूडिया थाना क्षेत्र के देवास नाके पर सोमवार सुबह यह हादसा हुआ। छह छात्र जो मूल रूप से दिल्ली, नोएडा और मुजफ्फरपुर के निवासी हैं, वे आष्टा स्थित एक विश्वविद्यालय में बीटेक की पढ़ाई कर रहे हैं। दीपावली के मौके पर सभी छुट्टी मनाने इंदौर आए थे , दोस्तों के साथ उन्होंने दीपावली मनाई और सोमवार सुबह भोपाल की तरफ जा रहे थे। उनकी कार काफी तेज रफ्तार में थी और देवास नाका के करीब खड़े एक कंटेनर से जा टकराई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### पुलिस ने झूठी धमकी संदेशों के पीछे के असली चेहरे किए बेनकाब

**मुंबई।** मुंबई के बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के बाद फैली दहशत में नई कड़ियाँ जुड़ती जा रही हैं। व्हाट्सएप्प पर आए धमकी भरे संदेशों ने पुलिस को सतर्क कर दिया। इन संदेशों में न केवल सलमान खान, बल्कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक को धमकियाँ दी गई थीं, और इनका उद्देश्य साफ था - दहशत का माहौल बनाना। पुलिस के मुताबिक, ये सभी धमकी संदेश एक सार्वजनिक व्हाट्सएप्प नंबर पर भेजे गए थे, जो आमतौर पर जनता की समस्याएँ सुनने के लिए ट्रैफ़िक पुलिस के पास मौजूद होता है। पुलिस ने जब इन संदेशों की जाँच की, तो पाया कि ये धमकियाँ झूठी थीं, पर इनका उद्देश्य महज डर फैलाना था। धमकियाँ देने वालों ने सलमान खान को चेतावनी दी थी कि अगर वे धन नहीं देंगे, तो उनका भी हश्र बाबा सिद्दीकी जैसा होगा। 2 नवंबर को एक संदेश में धमकी दी गई कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस्तीफा देना चाहिए, वरना उन्हें भी बाबा सिद्दीकी जैसी ही सज़ा भुगतनी पड़ेगी।

# ट्रूडो मूर्ख हैं, खालिस्तानियों को भी इनकी शह, कनाडा के पूर्व मंत्री ने ही उड़ाई कनाडाई पीएम की धज्जियां

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कनाडा के मंदिर में हिंदुओं पर हुए हमले के बाद बवाल मचा है। खालिस्तान समर्थकों ने ब्रैम्पटन में मंदिर के बाहर हिंदुओं को निशाना बनाया और उनकी पिटाई तक की। यहां तक आरोप हैं कि कनाडाई पुलिस ने भी हिंदुओं से हाथापाई की। इस बीच कनाडा में ही पीएम जस्टिन ट्रूडो का विरोध शुरू हो गया है।

ब्रिटिश कोलंबिया के पूर्व एनडीपी प्रीमियर और लिबरल प्रधानमंत्री पॉल मार्टिन के पूर्व कैबिनेट मंत्री उज्ज्वल दोसांझ ने ट्रूडो पर बड़ा हमला किया है। दोसांझ ने कहा कि ट्रूडो मूर्ख हैं और उन्होंने ही कनाडा में सिख उग्रवाद को बढ़ावा दिया है।

सिख नेता उज्ज्वल ने कनाडा के अखबार नेशनल पोस्ट से बातचीत में कहा कि सिखों का एक बड़ा तबका शांत है और उन्हें खालिस्तान से कोई लेना-देना नहीं है। वो सिर्फ इसलिए नहीं बोलते क्योंकि उन्हें हिंसा का डर है।

उन्होंने आगे कहा कि पंजाब में एक अलग सिख देश की मांग 1930 के दशक से उठी थी और 1970 और 1980 के बीच इसे हवा भी मिली, लेकिन वो धीर-धीरे शांत हो गई। हालांकि, अब यही स्थिति कनाडा में है और खालिस्तान समर्थकों को शह दी जा रही है। उज्ज्वल ने कहा कि ट्रूडो के चलते ही खालिस्तान समर्थक को शह मिल रही है।

78 वर्ष के उज्ज्वल को चरमपंथियों से भी मौत की धमकियां मिली हैं, लेकिन वो कभी डरे नहीं। उन्होंने कहा कि कनाडा में लगभग 8 लाख सिख रहते हैं, लेकिन कुछ ही इस खालिस्तानी आंदोलन के चंगुल में फंसे होंगे।

एमपी चंद्र आर्य सहित कुछ भारतीय-कनाडाई नेताओं ने आरोप लगाया है कि हिंदू सभा मंदिर में हुई हिंसा के पीछे खालिस्तानी चरमपंथियों का हाथ था। वायरल हुए कुछ वीडियो में मंदिर में भक्तों पर हमला करते हुए एक समूह दिखाई दे रहा है।

# चुनाव आते ही ईडी को याद आते हैं दस्तावेज, कपिल सिब्बल बोले- विपक्ष को डराने का औजार बनी एजेंसी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्रवाई को लेकर राज्य से लेकर देशभर की राजनीति में गर्माहट तेज है। इसी बीच इस कार्रवाई को लेकर राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आते ही जांच एजेंसियों को अचानक दस्तावेजों की याद आ जाती है और इसका मकसद सिर्फ विपक्षी नेताओं को परेशान करना होता है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान सिब्बल ने पश्चिम बंगाल में ईडी की कार्रवाई का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में जहां भाजपा चुनाव नहीं जीत सकती, वहां ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को परेशान करने के लिए ईडी का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि कोई भी जांच एजेंसी किसी दफ्तर में जाकर सभी फाइलें कैसे ले जा सकती है।



अगर कोयला घोटाले की जांच करनी है तो उससे जुड़ी फाइलें लें, लेकिन हर फाइल ले जाना किस अधिकार में है? किसी भी जांच एजेंसी को ऐसा करने का हक नहीं है।

कपिल सिब्बल ने ईडी को एक सर्वव्यापी एजेंसी की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य कानून लागू करना नहीं, बल्कि विपक्षी नेताओं को डराना और परेशान करना है। उन्होंने केंद्र और राज्य के बीच बढ़ते टकराव का जिक्र करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में राज्य और केंद्र के बीच जानबूझकर विवाद पैदा किया जा रहा है। सिब्बल ने आगे कहा कि चुनाव के समय ही ऐसी कार्रवाइयां क्यों तेज हो जाती हैं। कोयला घोटाला कोई नया मामला नहीं है, यह कई वर्षों से चल रहा है। फिर अब ही अचानक कार्रवाई क्यों? राज्यसभा सांसद ने यूपीए सरकार के कार्यकाल (2004 से 2014) को याद करते हुए कहा कि उस समय इस तरह की खबरें अखबारों में नहीं आती थीं। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार ने ईडी को इतनी खुली छूट नहीं दी थी।

# वर्दी पहनते ही बदला रिश्ता- जिस पत्नी को पढ़ाकर बनाया दरोगा, उसी ने पति पर दर्ज कराई दहेज की एफआईआर

एजेंसी

**हापुड़।** रिश्ते, भरोसे और कानून के टकराव की एक चौंकाने वाली तस्वीर हापुड़ में सामने आई है। एसपी कार्यालय पहुंचे एक युवक ने अपनी पत्नी पर गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। युवक का कहना है कि उसने मेहनत-मजदूरी कर पत्नी को पढ़ाया-लिखाया और दरोगा बनने में हरसंभव मदद की, लेकिन नौकरी लगते ही पत्नी ने उसी और उसके परिजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दिया।

एसपी कार्यालय पहुंचे एक युवक ने अपनी पत्नी पर ही उत्नीड़न का आरोप लगाते हुए एसपी के समक्ष गुहार लगाई है। युवक का आरोप है कि उसने अपनी पत्नी को पढ़ा लिखाकर दरोगा बनाया, लेकिन अब उसने ही उसके खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित ने मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है।

पिलखुवा क्षेत्र के गांव पूठा हुसैनपुर के गुलशन ने एसपी से की शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी पायल रानी बरेली में दारोगा पद पर तैनात है। नवंबर 2025 में उसने उसके व उसके परिजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था। शिकायती पत्र में गुलशन ने बताया कि दो दिसंबर 2022 को उसकी शादी हापुड़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गणेशपुरा निवासी पायल रानी से हुई थी। लेकिन शादी से पहले दोनों वर्ष 2016 से एक-दूसरे को जानते थे और आपसी रिलेशन में थे और 2021 में कोर्ट मैरिज कर चुके थे। इससे पहले उन्होंने अपनी पत्नी को मेहनत-मजदूरी कर पढ़ा लिखाकर भर्ती कराया।

# 67 वर्षीय फलस्तीनी पिटाई के बाद अधमरा, नेतन्याहू ने नकाबपोश हमलावरों को चरमपंथी बताया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कब्जे वाले वेस्ट बैंक में यहूदी बस्तियों से जुड़ी हिंसा की एक और घटना सामने आई है। उत्तरी वेस्ट बैंक के दीर शरफ गांव में स्थित एक पौधशाला पर दर्जनों नकाबपोश लोगों ने हमला कर एक फलस्तीनी नागरिक की बेरहमी से पिटाई कर दी।



घटना के प्रत्यक्षदर्शियों और सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक, काले कपड़ों में, चेहरे ढके हुए हमलावर लाठियों से लैस थे। वीडियो में देखा जा सकता है कि कई हमलावर जमीन पर गिरे एक व्यक्ति को लात-घूंसों और डंडों से पीट रहे हैं।

पौधशाला के मालिक परिवार के दो सदस्यों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हमलावरों ने 67 वर्षीय बासिम सालेह यासीन पर उस समय हमला किया, जब वे जान बचाकर भागने की कोशिश कर रहे थे। यासीन बधिर हैं और चेतावनी नहीं सुन पाने के कारण पीछे रह गए।

परिवार के अनुसार, यासीन को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके हाथ की हड्डियां टूट गई हैं और चेहरे, सीने व पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं। हमले के दौरान पौधशाला में खड़ी चार कारों को आग लगा दी गई, जो पूरी तरह जलकर नष्ट हो गईं।

यह हमला वेस्ट बैंक में बढ़ती बस्ती हिंसा की ताजा कड़ी है। अक्तूबर और नवंबर में जैतून की फसल के मौसम के दौरान ऐसे हमलों में तेजी आई थी, जो अब भी जारी है।

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पहले ऐसी घटनाओं को कुछ गिने-चुने चरमपंथियों की करतूत बताया है और कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। हालांकि मानवाधिकार संगठनों और फलस्तीनियों का कहना है कि हिंसा अब रोजमर्रा की घटना बन चुकी है और इसे कुछ लोगों तक सीमित नहीं किया जा सकता।

इस्राइल की सेना ने इस घटना पर खबर लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी। पौधशाला के मालिकों के अनुसार, बीते एक साल में यह तीसरी बार है जब उनके प्रतिष्ठान पर हमला हुआ है। सितंबर में हुए पिछले हमले में कारोबार को करीब 6 लाख डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ था।

# ईरान में क्यों भड़का देशव्यापी प्रदर्शन?

एजेंसी

**तेहरान।** ईरान में पिछले कई दिनों से सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी हैं। देशभर में फैला यह आंदोलन हाल के वर्षों में इस्लामिक शासन के लिए सबसे बड़ी चुनौती माना जा रहा है। महंगाई से शुरू हुआ गुस्सा अब सीधे सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई और पूरे शासन तंत्र के खिलाफ नारेबाजी में बदल चुका है।




सरकार ने हालात काबू में करने के लिए इंटरनेट और फोन सेवाएं फिलहाल बंद कर दी हैं, जिससे ईरान लगभग बाहरी दुनिया से कट गया है। मानवाधिकार संगठनों के मुताबिक, अब तक दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि हजारों को हिरासत में लिया गया है।

इन प्रदर्शनों की शुरुआत 28 दिसंबर को रियाल के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने के बाद तेहरान के बाजारों से हुई, जहां व्यापारियों ने आसमान छूती महंगाई के खिलाफ दुकानें बंद कर प्रदर्शन शुरू किया। हालात तब और बिगड़े जब खाने के तेल, चिकन जैसी जरूरी चीजों की कीमतें रातोंरात बढ़ गईं और कई सामान बाजार से गायब हो गए। सरकार द्वारा सस्ती डॉलर व्यवस्था खत्म करने के फैसले ने आग में घी डालने का काम किया। अब तक ये प्रदर्शन सभी 31 प्रांतों में फैल चुका हैं। मानवाधिकार संगठन के मुताबिक, कम से कम 62 प्रदर्शनकारी मारे गए, जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं।

यह आंदोलन 2022 के 'वूमन, लाइफ, फ्रीडम' आंदोलन के बाद सबसे बड़ा माना जा रहा है। अब तक 100 से ज्यादा शहरों में प्रदर्शन हो चुके हैं। पश्चिमी ईरान के कुर्द बहुल इलाकों में हालात सबसे ज्यादा तनावपूर्ण हैं। प्रदर्शनकारियों के नारे अब सीधे सत्ता के केंद्र पर हैं- खामेनेई मुर्दाबाद, तानाशाह का नाश हो और रजा पहलवी के नेतृत्व में राजशाही की वापसी जैसे नारे तेहरान, मशहद और अन्य प्रमुख शहरों में खुलेआम लगाए जा रहे हैं।

इस बार सबसे अहम बात यह है कि आंदोलन की शुरुआत बाजारी समुदाय से हुई, जो ऐतिहासिक रूप से इस्लामिक गणराज्य का समर्थक रहा है। ईरान में बाजारी और धार्मिक नेतृत्व के बीच पुराना गठबंधन रहा है। इतिहास में दुकानदारों ने कई बार सत्ता परिवर्तन में निर्णायक भूमिका निभाई है। 1979 की इस्लामिक क्रांति में भी इन्हीं बाजारियों के आर्थिक समर्थन ने मौलवियों को मजबूती दी, जिससे शाह की सत्ता का पतन संभव हो पाया।

हालांकि इस बार मुद्रा अस्थिरता और गिरती अर्थव्यवस्था ने उनके व्यापार को इतना प्रभावित किया कि वही वर्ग अब सड़कों पर उतर आया। यही विरोध आगे चलकर हिंसक रूप ले बैठा। वहीं, सरकार आर्थिक मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों और शासन परिवर्तन की मांग करने वालों के बीच फर्क करने की कोशिश कर रही है। शासन विरोधी प्रदर्शनकारियों को उपद्रवी और विदेशी ताकतों के एजेंट बताकर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई का संकेत दिया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह आंदोलन बड़े बदलाव की ओर इशारा कर सकता है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई बार ईरान को चेतावनी दी है कि अगर प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाई गई तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने तेहरान को साफ संदेश दे दिया है कि प्रदर्शन के दौरान लोगों की हत्या बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद तेल कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने दोहराया कि ईरानी सुरक्षा बलों को फायरिंग से बचना चाहिए, हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका वहीं हमला करेगा, जहां सबसे ज्यादा दर्द होगा। वहीं, प्रदर्शनों के शुरू होने के बाद अपने पहले टेलीविजन संबोधन में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने ट्रंप की चेतावनियों को खारिज किया।

उन्होंने ट्रंप से अपने देश की समस्याओं पर ध्यान देने को कहा और आरोप लगाया कि कुछ उपद्रवी अमेरिकी राष्ट्रपति को खुश करने के लिए सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं। खामेनेई ने कहा कि ईरान की एकजुट जनता सभी दुश्मनों को पराजित करेगी और इस्लामिक गणराज्य किसी भी दबाव के आगे नहीं झुकेगा।

# विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदमः प्रभारी मंत्री

## ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका को नई मजबूती देगा विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उत्तर प्रदेश एवं जनपद के प्रभारी मंत्री ए0 के0 शर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) जी राम जी योजना (गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन) अधिनियम के संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रभारी मंत्री ने इस नए अधिनियम को ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल बताते हुए कहा कि इससे ग्रामीण श्रमिकों, किसानों एवं मेहनतकश वर्ग के जीवन में व्यापक और सकारात्मक परिवर्तन आएगा। यह अधिनियम ग्रामीण समाज को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। प्रेस वार्ता के दौरान प्रभारी मंत्री ने बताया कि अधिनियम के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। यह निर्णय ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि करने, ग्रामीण क्षेत्रों से हो रहे पलायन को रोकने तथा स्थायी आजीविका के अवसर सृजित करने में अत्यंत सहायक होगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय सरकार की ग्रामीण समाज के प्रति संवेदनशीलता और मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता बेरोजगारी भत्ता को एक वास्तविक और प्रभावी कानूनी अधिकार बनाना है। पूर्ववर्ती मनरेगा अधिनियम में अनेक शर्तों के कारण बेरोजगारी भत्ता मिल पाना कठिन था, जबकि नए अधिनियम में अनावश्यक प्रतिबंधों को समाप्त कर दिया गया है। अब यदि श्रमिक द्वारा कार्य की मांग के बावजूद समय से रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो बेरोजगारी भत्ता स्वतः देय होगा। उन्होंने यह भी बताया कि मजदूरी भुगतान की व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी एवं



- रोजगार गारंटी 100 से बढ़कर 125 दिन, ग्रामीण आय में होगा सीधा इजाफा
- समयबद्ध व पारदर्शी होगी मजदूरी भुगतान
- ग्राम सभा की सहभागिता से तय होंगी विकास योजनाएं, गांवों का होगा संतुलित विकास

समयबद्ध बनाया गया है। यदि किसी कारणवश मजदूरी भुगतान में देरी होती है, तो प्रत्येक विलंबित दिन का मुआवजा मजदूरी के साथ श्रमिक को दिया जाएगा। इससे श्रमिकों के शोषण पर प्रभावी रोक लगेगी और उन्हें उनके श्रम का पूरा लाभ समय पर मिलेगा। कृषि (बुआई और कटाई) के समय में वर्ष में अधिकतम 60 दिवसों हेतु कार्य बन्द रखे जाने का प्रावधान किया गया है, जिससे कृषि कार्य निर्बाध रुप से संचालित हो सके और श्रमिकों की उपलब्धता कम न हो। उन्होंने कहा कि अधिनियम के अंतर्गत विकास कार्यों की योजना अब ग्राम स्तर पर ही तय की जाएगी। ग्राम सभा के माध्यम से ग्राम पंचायत द्वारा विकसित ग्राम पंचायत योजना तैयार की जाएगी, जिसमें ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता अनिवार्य होगी। इससे स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यों का चयन होगा और गांवों का समग्र एवं संतुलित विकास सुनिश्चित किया जा सकेगा।

अंत में मंत्री ने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने, रोजगार के अवसर बढ़ाने और सामाजिक-आर्थिक मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है, जिसका लाभ आने वाले वर्षों में देश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। इस अवसर पर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव, सांसद राज्यसभा सीमा द्विवेदी, विधायक शाहगंज रमेश सिंह, एमएलसी बृजेश सिंह ''प्रिन्सू'', विधायक मड़ियाहूॅ डा0 आर0के0 पटेल, जिलाध्यक्ष द्वय अजीत प्रजापति, डा0 अजय सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री पुष्पराज सिंह, अजय शंकर दुबे, अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया अन्य अधिकारीगण सहित मीडिया प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री ए0के0 शर्मा की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न

- शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्रों तक पहुँचाने के निर्देश
- शीतलहर के दृष्टिगत रैन बसेरों एवं अलाव व्यवस्था की समीक्षा

**जौनपुर।** मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उत्तर प्रदेश एवं जनपद के प्रभारी मंत्री श्री ए0 के0 शर्मा जी की अध्यक्षता में पुलिस लाइन जौनपुर में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिला समन्वय समिति की बैठक में शासन स्तर से संचालित समस्त योजनाओं की समीक्षा की गई। माननीय प्रभारी मंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि विकास योजनाओं की प्रगति अथवा क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही की शिकायत प्राप्त होती है, तो उसकी जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की समस्त विकास योजनाएं आम जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं, अतः इनके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने समस्त विभागीय अधिकारियों को योजनाओं की नियमित समीक्षा करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। शीतलहर के दृष्टिगत प्रभारी मंत्री ने रैन बसेरों की व्यवस्थाओं की विशेष समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद के समस्त रैन बसेरों में साफ-सफाई, पर्याप्त कंबल, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उ

न्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति खुले में न सोए, इसके लिए नगर निकायों, पुलिस एवं संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर निरंतर अभियान चलाया जाए। इस अवसर पर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव, सांसद राज्यसभा सीमा द्विवेदी, विधायक शाहगंज रमेश सिंह, विधायक मड़ियाहूॅ डा0 आर0के0 पटेल, एमएलसी बृजेश सिंह ''प्रिन्सू'', जिलाध्यक्ष द्वय अजीत प्रजापति, डा. अजय सिंह, अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शॉर्ट सर्किट से आग लगने से दुकान में रखे लाखों के समान जलकर हुए खाक

**लालगंज/आजमगढ़।** देवगांव थाना क्षेत्र के गॉव टीकरगाढ़, 100 शैय्या अस्पताल के बगल में स्थित नन्दलाल राम के कपड़े की दुकान में रात्रि लगभग 2 बजे शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग लगने के कारण दुकान मे रखे लाखों के कपड़े, मशीनें, और काउंटर में रखें रुपए भी जलकर राख हो गए। लोगों की सूचना पर फायर ब्रिगेड के पहुंचकर बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील लालगंज अंतर्गत गॉव टीकरगाढ़ निवासी नंदलाल पुत्र लौटू राम की दुकान 100 शैया हॉस्पिटल के ठीक सामने उनके कपड़े की दुकान थी। नंदलाल रात 9ः30 बजे अपनी दुकान बंद करके घर चले गए थे। तभी रात्रि 2 बजे उनकी दुकान के सामने के पड़ोसियों ने सूचना दी कि आपकी दुकान में आग लग गई है तब वह तुरंत मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड ने आकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक लाखों का सामान जलकर खाक हो गया था। दुकान के मालिक नंदलाल ने बताया कि उसमें साड़ियां, कपड़े और सिलाई मशीन, इनवर्टर बैटरी और काउंटर में रखें 10000 हजार रुपए मिलाकर लाखों का नुकसान हो गया है।

# माघ मेले को लेकर पुलिस प्रशासन की अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था

- बूथों पर 24 घंटे ड्यूटी पर तैनात रहेंगे पुलिसकर्मीः प्रतिमा
- माघ मेला को जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एक सौ से अधिक सुरक्षाकर्मी संभालेंगे कमान

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** माघ मेले में मकर संक्रांति और मौनी अमावस्या स्नान पर जाने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर मुंगराबादशाहपुर पुलिस प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्था की है। प्रयागराज और प्रतापगढ़ प्रवेश बॉर्डरों पर जगह-जगह बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग भी तेज कर दी गई है।

क्षेत्राधिकारी मछलीशहर प्रतिमा वर्मा ने बताया कि 14 जनवरी को मकर संक्रांति और 18 जनवरी को मौनी अमावस्या को स्नान करने के लिए जौनपुर-मुंगराबादशाहपुर मार्ग से प्रयागराज महाकुंभ जा रहे लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एक



थाना प्रभारी, 15 उपनिरीक्षक, 50 सिपाही, 10 महिला आरक्षी और 10 ट्रैफिक पुलिस समेत कुल 110 सुरक्षाकर्मी कमान संभालेंगे। सतहरिया, प्रतापगढ़ तिराहा, इटहरा बॉर्डर, सरोखनपुर और पांडेयपुर समेत अन्य स्थानों पर शरारती तत्वों से निपटने के लिए बूथ पर 24 घंटे सुरक्षाकर्मी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। यातायात व्यवस्था को मद्देनजर रखते हुए हर तिराहे और चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस व्यवस्था, परिवहन द्वारा एक चार पहिया इंटरसेक्टर मोबाइल की व्यवस्था जो सतहरिया से इटहरा बॉर्डर तक पेट्रोलिंग की व्यवस्था तथा दो दो पहिया पेट्रोलिंग बाइक जो सरोखनपुर तिराहे, मुंगराबादशाहपुर चौराहे और तरहठी, दूसरा इटहरा बॉर्डर से प्रतापगढ़ तिराहा तथा दूसरा नगर के मुख्य मार्ग पर लगातार पेट्रोलिंग करेगी।थाना प्रभारी मिथिलेश तिवारी ने बताया कि प्रयागराज और जौनपुर से आने वाले वाहनों को डिवाइडर लगाकर वन-वे कर दिया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को स्नान के दौरान परेशानी न हो। प्रतापगढ़ तिराहा पर बैरिकेडिंग लगाकर प्रयागराज से आने वाले भारी वाहनों को प्रतापगढ़ रोड से इटहरा होते हुए जौनपुर जबकि जौनपुर से आने वाले भारी वाहनों को सतहरिया, इटहरा से रानीगंज गाजीबाग होते हुए प्रयागराज की तरफ डायवर्जन किया गया है। यह डायवर्जन स्नान के एक दिन पूर्व से लेकर दूसरे दिन तक जारी रहेगा।

# जन-जन के नेता थे कल्याण चंद्र मोहिले छुन्नन गुरु

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** छुन्नन गुरु स्मारक समिति के द्वारा घंटाघर चौराहे पर कल्याण चंद्र मोहिले छुन्नन गुरु की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी 126 वीं जन्म जयंती मनाई गई। इस अवसर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि कल्याण चंद्र मोहिले छुन्नन गुरु जन जन के नेता थे उनका पूरा जीवन समाज सेवा को समर्पित रहा है। वो दल से बढ़कर सभी के दिलों के नेता थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सिविल डिफेंस के चीफ वार्डेन अनिल कुमार गुप्ता अन्नू भैया ने कहा कि छुन्नन गुरु सुलभ एवं सरल व्यक्तित्व के नेता थे हाथ में डंडा मुंह में पान छुन्नन गुरु की पहचान की रही है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद राम जी केसरवानी ने कहा कि छुन्नन गुरु प्रजा सोशलिस्ट पार्टी से 1952 से लेकर 1967 तक शहर दक्षिणी मध्य से विधायक रहे। उन्होंने राजनीति को सेवा का एक आयाम दिया था जिसने आने वाली पीढ़ी के लिए एक आदर्श राजनीतिक प्रेरणा दी। इस अवसर भाजपा प्रवक्ता राजेश केसरवानी, पार्षद सुनीता चोपड़ा, पार्षद कुसुम लता गुप्ता, पार्षद नेम यादव, पूर्व पार्षद गिरी बाबा, बद्री चौरसिया, वजीर खान, अमर वैश्य मुन्ना भैया ने छुन्नन गुरु जी के जीवन चरित्र पर दर्शन डाला। कार्यक्रम के संयोजक मुन्ना मजदूर ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर राजकुमार जायसवाल, मनोज मिश्रा, श्रीश जायसवाल,आकाश चोपड़ा, महबूब उस्मानी, बब्बन दुबे, शिव शंकर केसरवानी एवं सैकड़ो समिति के कार्यकर्ता और समाजसेवियों ने



# फर्जी ऑनलाइन फर्म बनाकर करोड़ों की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** फर्जी ऑनलाइन फर्म बनाकर देशभर में 100 से अधिक लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले शातिर साइबर अपराधी को कोतवाली पुलिस और साइबर क्राइम थाना की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से चिह्नित संदिग्ध मोबाइल नंबर का उपयोग कर लंबे समय से साइबर ठगी को अंजाम दे रहा था।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव, सहायक पुलिस अधीक्षक / क्षेत्राधिकारी नगर गोल्डी गुप्ता एवं क्षेत्राधिकारी साइबर देवेश सिंह के निर्देशन और निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विश्वनाथ प्रताप सिंह तथा साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक महेश पाल सिंह और राजेश यादव के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने थाना कोतवाली में दर्ज मुकदमा संख्या 08/26 धारा 406, 419, 420, 467, 468, 471



भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी प्रियम श्रीवास्तव ने 'राजरिता' नाम से फर्जी ऑनलाइन फर्म बनाकर ए-4 साइज पेपर और नोटबुक सप्लाई का झांसा देकर लोगों से ऑर्डर लिया करता था। वह ग्राहकों से अपने तथा परिजनों के बैंक खातों में रकम मंगवा लेता था। जब ग्राहक डिलीवरी के लिए संपर्क करते, तो आरोपी इनवाइस मेकर ऐप से फर्जी बिल और पिक्सआर्ट ऐप के जरिए डीटीडीसी कूरियर की फर्जी बिल्टी बनाकर व्हाट्सएप पर भेज देता था, जबकि माल कभी डिलीवर नहीं किया जाता था। इसके बाद वह एक्सपोर्टर इंडिया और इंडिया मार्ट जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से ऑनलाइन वेबसाइट पर नए ग्राहकों की तलाश करता था। साथ ही गेमिंग प्लेटफार्म के जरिये भी लोगों से पैसे मंगवाकर अपने खातों में जमा कराता था। जांच में सामने आया कि वर्ष 2021 से अब तक आरोपी के बैंक खातों में एक करोड़ रुपये से अधिक की संदिग्ध ट्रांजैक्शन हुई है।

साइबर पुलिस पोर्टल पर जांच करने पर आरोपी के मोबाइल नंबर और बैंक खातों के विरुद्ध देश के विभिन्न राज्यों से कुल 21 एनसीआरपी (NCRP) शिकायतें दर्ज पाई गई हैं।

# सीएम योगी के आने से पहले सपा नेता को पुलिस ने लिया हिरासत में

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी शहर उत्तरी विधानसभा से प्रत्याशी रहे सपा नेता संदीप यादव को झूंसी पुलिस ने शनिवार को हिरासत में ले लिया। संदीप उस समय माघ मेले में मुलायम सिंह यादव स्मृति सेवा संस्थान के अपने शिविर में मौजूद थे। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस का कहना है कि सीएम योगी के आगमन के मद्देनजर ऐहतियात के तौर पर संदीप यादव को पकड़ा गया है। पुलिस के पहुंचने पर काफी भीड़ जमा हो गई और सपा कार्यकर्ता नारेबाजी करने लगे। इसके बाद काफी फोर्स मौके पर पहुंच गई और संदीप यादव को थाने ले जाया गया।

ज्ञात हो कि सपा नेता संदीप यादव की ओर से माघ मेले में मुलायम सिंह यादव स्मृति सेवा संस्थान के नाम से जमीन आवंटित कराकर शिविर लगाया गया है। पिछले वर्ष महाकुंभ



में पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा भी स्थापित की गई थी। इस बार प्रशासन ने मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा स्थापित करने की अनुमति नहीं दी। ऐसा करने पर भूमि का आवंटन निरस्त करने की चेतावनी दी थी और इससे संबंधित पोस्टर भी शिविर के बाहर चस्पा कर दिया गया था। साथ ही संदीप यादव के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई कर दी गई। इसके बाद शिविर में मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा न लगाकर राधाकृष्ण की मूर्ति स्थापित कर दी गई है। इसको लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार और मेला प्रशासन पर निशाना साधा था।

# महान विभूतियों से प्रेरणा लेकर युवा पीढ़ी राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करेंः डीएम

अवधनामा संवाददाता

- पं.लक्ष्मी नारायण मिश्र की 123वीं जयंती मनायी गयी

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने आधुनिक हिंदी नाटक के जनक महाकवि एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं.लक्ष्मी नारायण मिश्र की 123वीं जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि आजमगढ़ की धरती एक से एक महान विभूतियों की धरती रही है, जिनके अंदर एक से बढ़कर एक प्रतिभा रहे हैं, इस प्रतिभा में साहित्यकार, नाटककार एवं कवि भी सम्मिलित रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल सांस्कृत्यायन, अयोध्या सिंह ÷उपाध्याय÷ जैसे लोग यहीं पर पैदा होकर अपनी कविता एवं नाटक से समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में अद्वितीय सहयोग प्रदान किया। उन्होंने कहा कि पंडित लक्ष्मी नारायण मिश्र की याद में आयोजित इस कार्यक्रम में आकर मै स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों से अपील किया कि इस प्रकार के आयोजन से उन्हें याद किया जाता है। यहां की महान धरती ने एक से बढ़कर एक पुत्रों को जन्म दिया, जिन्होंने आजमगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र स्तर पर अपनी छाया से राष्ट्र निर्माण में सहयोग प्रदान किया। उन्होंने कहा की जयंती मनाने का उद्देश्य है कि उनसे प्रेरणा लेकर उनकी राह पर चलकर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें। जिलाधिकारी ने कहा कि समय धीरे-धीरे बदल रहा है, लोगों की मानसिकता और सोच बदल रही है। उन्होंने कहा कि अभी भी बहुत से लोग स्वहित को छोड़कर दूसरों के हित में काम कर रहे हैं, इसीलिए समाज एवं राष्ट्र चल रहा है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवी संस्थाएं समाज एवं गरीबों के हित में काम कर रही हैं, शोषण एवं पीड़ित लोगों को भी न्याय मिल रहा है, इसलिए सबसे अपील है कि ऐसी जयंती मना कर जनपद वासियों को यह प्रेरणा दें कि पूर्व में इस धरती एवं समाज निर्माण में काम कर चुके लोगों की तरह ही सहयोग देकर अपना ही नहीं इस जनपद का भी नाम बड़ा किया है, उनसे प्रेरणा लेकर स्वप्रेरणा से हटकर परहित यानी समाज के हित में कार्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि पं0 लक्ष्मी नारायण मिश्र जी से प्रेरणा लेकर सैकड़ो हजारों लोगों को समाज एवं राष्ट्र निर्माण के साथ ही कमजोर लोगों का सहयोग करने की भावना को प्रेरणा मिल रही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी उनसे प्रेरणा लेकर स्व की भावना से हटकर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

## पुरुष आयोग की मांग को लेकर राष्ट्रपति को लहू से लिखा पत्र

**प्रयागराज।** भारत में पुरुषों के लिए एक समर्पित आयोग और मंत्रालय बनाने की मांग उठ रही है, और इस दिशा में कानूनी और सामाजिक स्तर पर प्रयास जारी हैं। वहीं प्रयागराज निशुल्क समाज सेवा करने वाली संस्था इलाहाबाद जनकल्याण समिति के अध्यक्ष मोहम्मद हन्जला 12 वर्षों से लगातार पुरुष आयोग की मांग कर रहे हैं। इन्होंने पुरुष मंत्रालय गठन को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री गृहमंत्री सभी को कई वर्षों से पत्र लिख रहे हैं। इस मुद्दे पर सुनवाई न होने पर आज इलाहाबाद जनकल्याण समिति के अध्यक्ष मोहम्मद हंजला उर्फ सद्दाम हुसैन राष्ट्रपति को अपने खून से पत्र लिखा। अध्यक्ष हन्जला ने पुरुषों के अधिकारों की लगातार अनदेखी के विरोध में एक भावनात्मक और साहसिक कदम उठाते हुए अपने ही लहू से पत्र लिखकर केंद्र सरकार से पुरुष आयोग के गठन की मांग की है।

## किरण प्रोजेक्ट के तहत एक परिवार में आई नई रोशनी

**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक यातायात/नोडल अधिकारी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली परिसर स्थित परिवार परामर्श प्रकोष्ठ / नई किरण में बैठक आयोजित की गई। एक पत्रावली में दोनों पक्षों को काउंसलिंग हेतु बुलाया गया। अथक प्रयास एवं समझाइश के बाद आपसी सहमति से समझौता कराया गया। प्रकरण पति के निधन के बाद देवर व सास द्वारा प्रताड़ना एवं भरण-पोषण से जुड़ा था। नई किरण प्रोजेक्ट बिखरे परिवारों को जोड़ने एवं पारिवारिक न्यायालयों के कार्यभार को कम करने की दिशा में एक सार्थक पहल है। इस पुनीत कार्य में परिवार परामर्श प्रकोष्ठ की टीम उपस्थित रही।

## आमजन की समस्याओं को डीएम व एसएपी ने सुना

**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** थाना गंभीरपुर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, डॉ. अनिल कुमार द्वारा स्वयं उपस्थित होकर आमजन की समस्याएँ सुनी गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। थाना पर सभी प्राप्त प्रार्थना पत्रों में से 50त्न से अधिक प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया द्य शेष प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग से संबंधित पाए गए, जिनके त्वरित निस्तारण हेतु पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को तत्काल मौके पर भेजकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराया जा रही है। कार्यक्रम के दौरान जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर पारदर्शी एवं त्वरित समाधान की कार्यवाही की गई। पुलिस-प्रशासन द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

## स्वर्गीय छुन्नन गुरू का 126वां जन्मदिवस मनाया गया



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** चौक घंटाघर पर आज स्व. कल्याण चंद मोहिले उर्फ छुन्नन गुरु का जन्म दिवस मनाया गया। छुन्नन गुरु प्रसिद्ध समाजवादी नेता थे। उन्होंने इलाहाबाद से इंदिरा गांधी जैसी महान हस्तियों को भी चुनौती दी थी। छुन्नन गुरु शहर दक्षिणी के चार बार के विधायक थे। इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के सांसद उज्जवल रमण सिंह छुन्नन गुरु के जन्म दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए उन्होंने छुन्नन गुरु के जीवन पर प्रकाश डाला। उज्जवल रमण सिंह ने कहा गुरु जी सच्चे समाजसेवी थे। उन्होंने हमेशा जनता के लिए कार्य किया। उनके पास अगर को आता तो गुरु जी के उनके साथ चल देते थे और उनके समस्या का समाधान करवाते थे। सभी अतिथियों ने छुन्नन गुरु के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सांसद उज्जवल रमण सिंह सिंह, मुन्ना भैया उमरवैश्य, राम जी केसरवानी, अनिल गुप्ता, गोपाल जी, मोहम्मद साबिर, वजीर खान, मोहम्मद आमिर, राजू पन्नी, मेराज, सुनील व चौक के समस्त व्यापारी शामिल हुए।

## खून से लथपथ नहर किनारे मिली युवक की लाश

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** फूलपुर थाना अंतर्गत पराशिनपुर नहर के पास सुबह खून से लथपथ एक युवक का शव नहर के पटरी के किनारे मिलने से सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर आसपास लोगों की भारी भीड़ जमा होने पर मौके पर पहुंची फूलपुर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक के सर पर गहरी चोट का निशान और खून से लथपथ था। युवक की पहचान दीपक कुमार यादव उर्फ गुड्डू 26 पुत्र छोटेलाल निवासी परासिनपुर के रूप में हुई। दीपक कल शाम को दोस्त से मिलने की बात कह कर घर से निकला था लेकिन जब शाम तक दीपक घर नहीं पहुंचा तो घर वालों ने दीपक के मोबाइल पर कॉल किया लेकिन दीपक के मोबाइल पर बेल बजा लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई तो घर वाले चिंतित हो गए और खोजबीन करने लगे सुबह उसकी लाश नहर के पटरी पर मिली। 2 दिन बाद दीपक की सगाई होनी थी।

## हमजा ने दौलत हुसैन कॉलेज को जिताया

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** मोहम्मद हमजा खान के हरफनमौला खेल (41 रन एवं 4.3-0-17-4) के दम पर दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने डीएसए क्लब को 34 रन से हराकर एसए इंडोर कप अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये।

दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने शनिवार को अपने मैदान पर 25 ओवर में सात विकेट पर 170 रन (मोहम्मद हमजा खान 41, मोहम्मद अली 34, अबू बकर 24, मोहित 2/29, आरव व अयान गुप्ता एक-एक विकेट) बनाए।

जवाब में डीएसए क्लब की टीम 24.3 ओवर में 136 रन (नमस्या सिंह 32, जैद 22, आरव 21, चंचल 18, मोहम्मद हमजा खान 4/17, हमदान 2/21, मोहम्मद अहसान, फारिक अली व मोहम्मद अली एक-एक विकेट) पर सिमट गई।

# सीएम ने माघ मेला के स्नान पर्वों की तैयारियों की किया समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रयागराज मेला प्राधिकरण स्थित आईसीसीसी सभागार में माघ मेला 2026 के आगामी स्नान पर्वों की तैयारियों के सम्बंध में समीक्षा बैठक की। मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को पॉवर प्रेजेंटेशन के माध्यम से माघ मेला के आयोजन के सम्बंध में की गयी तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने माघ मेला को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सभी अधिकारियों को पूरी तत्परता व लगन के साथ कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि 14 से 18 जनवरी के बीच कम समय में दो महत्वपूर्ण स्नान पर्वों को सकुशल सम्पन्न कराना एक बड़ी चुनौती है, इसके लिए अभी से सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी व तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन



- मुख्यमंत्री ने आगामी स्नान पर्वों को सकुशलढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी अधिकारियों को पूरी तत्परता व लगन के साथ कार्य करने के लिए कहा

करते हुए स्नानपर्वों को सकुशलढंग से सम्पन्न करायें। मुख्यमंत्री ने पौष पूर्णिमा स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए माघ मेला में लगे सभी सम्बंधित अधिकारियों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मेले में साफ सफाई व्यवस्था उच्च स्तर की रहनी चाहिए। कहा कि श्रद्धालुओं के स्नान करने के लिए घाटों के स्नान क्षेत्र व सर्कुलेटिंग एरिया को और बढ़ाया जाये, ताकि ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु एक साथ स्नान कर सके तथा उन्हें स्नान करने में कोई समस्या न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि माघ मेला में लगे हुए स्वच्छाग्रहियों के मानदेय का भुगतान समय से किया जाए, उन्हें और उनके बच्चों को शिक्षा आदि की सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जाए। मुख्यमंत्री ने नगर निगम से कहा कि रोड पर अतिक्रमण न होने पाये, रोड व पाथवे को खुला रखा जाए, जिससे माघ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। इस अवसर पर जगद्गुरू महामण्डलेश्वर संतोषदास उर्फ सतुआ बाबा, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल, विधायक फूलपुर दीपक पटेल, विधायक शहर उत्तर हर्षवर्धन वाजपेयी, विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद, विधायक कोरांव राजमणि कोल, विधायक बारा डॉ0 वाचस्पति, विधायक शहर पश्चिम सिद्धार्थ नाथ सिंह, विधान परिषद सदस्य के0पी0 श्रीवास्तव, पूर्व सांसद विनोद सोनकर, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, गंगापार अध्यक्ष निर्मला पासवान, यमुनापार अध्यक्ष राजेश शुक्ला, अपर पुलिस महानिदेशक, मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल, पुलिस आयुक्त जोगेन्द्र कुमार, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मेलाधिकारी ऋषिराज, मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, नगर आयुक्त सांई तेजा सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सीएम योगी ने लेटे हनुमान जी की विधि विधान से पूजा की

प्रयागराज। मुख्यमंत्री प्रयागराज भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले संगम नोज पहुंचकर वहां पर स्नान एवं पूजा-अर्चना की तथा मां त्रिवेणी से माघ मेला-2026 के सकुशल सम्पन्न होने की मंगल कामना की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री लेटे हनुमान जी मंदिर पहुंचकर वहां पर विधि-विधान से पूजा की।

# FY26 के पहले नौ महीनों 311 आईपीओ के जरिए कंपनियों ने जुटाए 1.7 लाख करोड़



भारतीय पूंजी बाजार ने पिछले एक दशक में अभूतपूर्व विस्तार देखा है और निवेशकों का भरोसा नई ऊंचाई पर है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के अध्यक्ष तुहिन कांत पांडेय ने शनिवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में ही 311 इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग्स (आईपीओ) के जरिए कंपनियों ने 1.7 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं।

चेन्नई में आयोजित एसोसिएशन ऑफ नेशनल एक्सचेंज मेंबर्स ऑफ इंडिया (एएनएमआई) के 15वें इंटरनेशनल कैपिटल मार्केट कन्वेंशन 2026 को संबोधित करते हुए, सेबी प्रमुख ने बाजार की मजबूती और नियामकीय सुधारों के बारे में बताया।

बाजार की गहराई के बारे में बताते हुए सेबी अध्यक्ष ने कहा कि भारत में यूनिक इन्वेस्टर्स की संख्या में भारी उछाल आया है। वित्त वर्ष 2020 में यह संख्या 4.3 करोड़ थी, जो अब बढ़कर 13.7 करोड़ हो गई है। पूंजी निर्माण की गति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि चालू वित्त वर्ष में कुल इक्विटी मोबिलाइजेशन पहले ही 3.8 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर चुका है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के कैलेंडर वर्ष 2025 के आंकड़ों के अनुसार, मेनबोर्ड आईपीओ ने सालाना आधार पर 8त्न की वृद्धि दर्ज करते हुए 1.72 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। इस गतिविधि में महाराष्ट्र, दिल्ली-एनसीआर और कर्नाटक वॉल्यूम और वैल्यू दोनों ही मामलों में सबसे आगे रहे।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के मकसद से, सेबी ने स्टॉक ब्रोकर्स के इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग सिस्टम में आने वाली तकनीकी गड़बड़ियों से निपटने के लिए ढांचे में बड़े बदलाव की घोषणा की है।

**नए ढांचे की क्या है प्रमुख विशेषताएं-**

पात्रता में बदलावः तकनीकी गड़बड़ियों से जुड़ा नया ढांचा अब केवल उन स्टॉक ब्रोकर्स पर लागू होगा जिनके पास 10,000 से अधिक पंजीकृत ग्राहक हैं।

अनुपालन बोझ कम सेबी के अनुसार, इस नए मानदंड के परिणामस्वरूप लगभग 60त्न स्टॉक ब्रोकर्स इस कड़े ढांचे से बाहर हो जाएंगे, जिससे उनकी अनुपालन आवश्यकताओं में भारी कमी आएगी।

रिपोर्टिंग में ढीलः तकनीकी गड़बड़ी की रिपोर्टिंग का समय एक घंटे से बढ़ाकर दो घंटे कर दिया गया है। साथ ही, अब अलग-अलग एक्सचेंजों को रिपोर्ट करने के बजाय सिंगल रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाएगा।

**स्मार्ट रेगुलेशन के लिए क्या कर रही सेबी?**

तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि नियामक एक स्मार्ट रेगुलेटरी आर्किटेक्चर का निर्माण कर रहा है जो अनुपालन को सुव्यवस्थित करता है और जिससे दोहराव की गुंजाइश खत्म होती है। हाल ही में अधिसूचित सेबी स्टॉकब्रोकर्स विनियम 2026 का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि अब ब्रोकर्स को निर्धारित सुरक्षा उपायों के अधीन अन्य वित्तीय क्षेत्र के नियामकों द्वारा देखरेख की जाने वाली गतिविधियों में विविधता लाने की अनुमति दी गई है।

**एनएसई के आईपीओ की लिस्टिंग पर क्या बोले सेबी प्रमुख?**

भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड यानी सेबी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के बहुप्रतीक्षित इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग को अपनी मंजूरी देने के बेहद करीब है। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शनिवार को संकेत दिया कि विनियामक एनएसई के आईपीओ के लिए एनओसी जारी करने के अंतिम चरण में है, जिससे एक्सचेंज की सर्वजनिक लिस्टिंग की उम्मीदें एक बार फिर जीवंत हो गई हैं।

## भारत-ईयू एफटीए के केंद्र में रहेंगे किसान और एमएसएमई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ब्रसेल्स की दो दिवसीय यात्रा के साथ भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते की बातचीत को नई गति दी है। 8 और 9 जनवरी को हुई इस यात्रा के दौरान उन्होंने यूरोपीय आयोग के व्यापार व आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक के साथ उच्चस्तरीय वार्ता की, जिसमें लंबित मुद्दों को सुलझाने और समझौते को तेजी से आगे बढ़ाने पर मार्गदर्शन दिया गया।

वार्ता के केंद्र में प्रस्तावित भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता रहा। दोनों पक्षों ने किसानों और सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों के हितों की रक्षा पर जोर देते हुए भारतीय उद्योगों को वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं से जोड़ने की आवश्यकता को रेखांकित किया। मंत्री गोयल ने कहा कि भारत और ईयू एक नियम-आधारित व्यापार ढांचे और आधुनिक आर्थिक साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो संतुलित और परस्पर लाभकारी हो।

वाणिज्य मंत्रालय के बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने बाजार पहुंच, वस्तुओं के नियम, सेवाओं सहित विभिन्न वार्ता क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा की। मंत्रीस्तरीय चर्चा से यह संकेत मिला कि शेष मुद्दों को रचनात्मक संवाद के माध्यम से सुलझाने के लिए दोनों ओर मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति मौजूद है।




मंत्रीस्तरीय बैठक से पहले 6-7 जनवरी को वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और यूरोपीय आयोग की महानिदेशक (ट्रेड) सबाइन वेयंड के बीच उच्चस्तरीय विचार-विमर्श हुआ। इसमें विभिन्न वार्ता ट्रैकों पर हुई प्रगति का जायजा लिया गया और मतभेदों को कम करने पर सहमति बनी।

ब्रसेल्स से पहले मंत्री गोयल ने लिकटेंस्टीन का दौरा किया, जहां उन्होंने प्रमुख कंपनियों के साथ बिजनेस राउंडटेबल की अध्यक्षता की। चर्चा का फोकस भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक साझेदारी (टीईपीए) के क्रियान्वयन पर रहा। यह यात्रा इसलिए भी अहम रही क्योंकि यह किसी भारतीय कैबिनेट मंत्री की लिकटेंस्टीन की पहली आधिकारिक यात्रा थी।

मंत्री ने कहा कि यह टीईपीए केवल व्यापार उदारीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि निवेश, प्रौद्योगिकी सहयोग, कौशल विकास और मजबूत मूल्य शृंखलाओं को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने ईएफटीए देशों द्वारा किए गए 100 अरब डॉलर के निवेश प्रतिबद्धता के संदर्भ में भारतीय अवसरों को रेखांकित किया।

# बीएसएफ इंस्पेक्टरों को 5400 ग्रेड पे का सपना टूटा

केंद्रीय अर्धसैनिक बलों सीएपीएफ में जवान/अधिकारी, जब भी अपनी पदोन्नति, भत्ते एवं दूसरे आर्थिक फायदे, जिनमें गैर-कार्यात्मक वित्तीय उन्नयन (एनएफएफयू) भी शामिल है, को लेकर अदालत से लड़ाई जीतते हैं तो उस मामले में कोई न कोई बाधा खड़ी कर दी जाती है। कैडर अफसरों को संगठित सेवा का दर्जा देने का केस हो, एनएफएफयू/ओपीएस बहाली का मामला हो या 48 सौ के ग्रेड पे चार साल की सेवा पूरी करने वाले इंस्पेक्टरों को 54 सौ का ग्रेड पे देना, इन सभी में अदालती लड़ाई जीतने के बावजूद याचिकाकर्ताओं को फायदा नहीं मिल सका। अब बीएसएफ के 129 इंस्पेक्टरों को 5400 का ग्रेड पे मिलने का सपना भी टूट गया है। हाईकोर्ट के फैसले के बाद फोर्स हेडक्वार्टर ने अपने स्पीकिंग ऑर्डर में ऐसे तर्क दिए हैं, कि इंस्पेक्टर हैरान रह गए हैं। केंद्र सरकार के दूसरे विभागों में समान वेतनमान वाले कर्मियों को जो आर्थिक फायदे मिलते हैं, वे बीएसएफ में जीडी इंस्पेक्टरों के लिए नहीं हैं।

**स्पीकिंग ऑर्डर**

**बीएसएफ मुख्यालय में आईजी पर्स की तरफ से इसी सप्ताह एक स्पीकिंग ऑर्डर जारी किया गया है।**

बीएसएफ मुख्यालय में आईजी पर्स की तरफ से इसी सप्ताह एक स्पीकिंग ऑर्डर जारी किया गया है। यह ऑर्डर बीएसएफ के इंस्पेक्टर आनंद प्रताप सिंह व 128 अन्य की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दिए गए फैसले के बाद आया है। इंस्पेक्टर आनंद प्रताप सिंह व अन्य ने दिल्ली हाईकोर्ट के समक्ष याचिका लगाई थी कि उन्हें 48 सौ रुपये के ग्रेड पे में काम करते हुए चार साल से अधिक समय हो गया है, लेकिन सरकार उन्हें 54 सौ रुपये का वेतनमान नहीं दे रही। यह वेतनमान सहायक कमांडेंट का होता है। इंस्पेक्टर के बाद अगली पदोन्नति बतौर सहायक कमांडेंट होती है।



पदोन्नति तो तभी मिलती है, जब पद खाली हों। इसमें तो लगभग पंद्रह साल तक लग जाते हैं। तब तक इंस्पेक्टरों को सहायक कमांडेंट का ग्रेड पे देने का प्रावधान है, ताकि इन्हें आर्थिक नुकसान न हो। ये डीओपीटी का नियम है। इसके चलते ये सभी कार्मिकों पर लागू होता है। इस मामले में विभाग ने कई तरह की बाधाएं खड़ी करने का प्रयास किया, मगर दिल्ली हाईकोर्ट ने कोई बात नहीं सुनी। यह तर्क दिया गया कि इंस्पेक्टरों को मॉडिफाइड एश्योर्ड करियर प्रोग्रेसन (एमएसीपी) में यह ग्रेड मिला है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने गत वर्ष 12 फरवरी को आनंद प्रताप सिंह व अन्य 128 अन्य की रिट पिटीशन संख्या 1743/2025 पर आदेश जारी किया था। हाई कोर्ट ने बीएसएफ को यह कहते हुए पिटीशन का निपटारा किया कि इस पिटीशन को ही प्रतिवेदन माना जाए। आठ सप्ताह के अंदर बीएसएफ निर्णय लेकर आदेश जारी करे। हाईकोर्ट ने कहा था कि इस मामले में आईटीबीपी के इंस्पेक्टर सुशील कुमार के केस की तरह सभी मापदंड पूरे होते हैं तो इन इंस्पेक्टरों को भी उक्त फायदा दे दिया जाए। बीएसएफ ने इसके एवज में छह जनवरी को एक आदेश निकाला। अदालत ने दो माह का समय दिया था, लेकिन बीएसएफ ने आदेश निकालने में 11 महीने ले लिए। बल के आदेश में कहा गया है कि आनंद प्रताप सिंह, 2005 में बीएसएफ में एसआई भर्ती हुए थे। 2009 में इंस्पेक्टर बन गए। यानी वे 4800 ग्रेड में आ गए। साल 2019 में उनकी 10 साल की सेवा पूरी हो गई।

जब इस मामले में डीओपीटी के नियमानुसार कार्यवाही नहीं हुई तो उन्होंने डीजी बीएसएफ को 7 नवंबर 2024 और 9 दिसंबर 2024 को एक प्रतिवेदन दिया कि उन्हें एनएफएफयू का फायदा दिया जाए। इसमें उन्होंने 29 अगस्त 2008 को जारी वित्त मंत्रालय के ओएम का हवाला दिया। इसमें 54 सौ रुपये का ग्रे पे की बात कही गई है। बीएसएफ ने 22 नवंबर 2024 और 6 जनवरी 2025 को जवाब दिया कि आईटीबीपी के इंस्पेक्टर सुशील कुमार के केस में दिए गए फैसले के अनुसार, बीएसएफ इंस्पेक्टरों को फायदा नहीं मिल सकता।

## फोनपे के 10 सालः भारत को सशक्त बनाने के एक दशक का जश्न

**कानपुर।** फोनपे ने हाल ही में इनोवेशन और भरोसे का एक शानदार दशक पूरा किया। भारत के फिनटेक इकोसिस्टम में 10 साल का यह सफर सिर्फ एक मील का पत्थर नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का उत्सव है। इस दशक में फोनपे ने न केवल वित्तीय पहुँच को बढ़ाया है, बल्कि भारत में लेन-देन और पैसों को मैनेज करने के तरीके को भी बदला है। साल 2025 में, फोनपे ने 600 मिलियन रजिस्टर्ड यूज़र्स का आँकड़ा पार करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की, जिसने भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के आधार स्तंभ के रूप में इसकी भूमिका को और मज़बूत कर दिया। इस साल हमारा पूरा फोकस कस्टमर्स के भरोसे मजबूत करने और अपनी सेवाओं को हर किसी तक पहुँचाने पर रहा। इसी सोच के साथ हमने UPI सर्कल लॉन्च किया गया, जो भरोसेमंद कॉन्टैक्ट्स के लिए डेलीगेटेड पेमेंट की सुविधा देता है। साथ ही, करोड़ों यूज़र्स को धोखाधड़ी वाले ट्रांजेक्शन से बचाने के लिए हमने फोनपे प्रोटेक्ट जैसा मजबूत सुरक्षा कवच भी तैयार किया है। मर्चेंट सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए, फोनपे ने मेड-इन-इंडिया स्मार्टस्पीकर और स्मार्टपॉड पेश किए हैं, जो देश भर के बिजनेस के लिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दे रहे हैं। SIDBI के साथ मिलकर हमारी उद्यम असिस्ट पहल के जरिए, हम MSMEs के लिए डिजिटल-फर्स्ट इंटीग्रेशन देने वाली शुरुआती कंपनियों में से एक बन गए हैं, जिससे छोटे व्यापारियों के लिए लोन लेना अब काफी आसान हो गया है। इसके अलावा, फोनपे ने भारत के मिसिंग मिडिल के लिए होम इंश्योरेंस और हेल्थ इंश्योरेंस जैसी किफायती, ज़रूरी सुरक्षा लॉन्च करके कंज्यूमर्स के लिए अपने प्रोडक्ट ऑफरिंग को बढ़ाया है। साथ ही म्यूचुअल फंड पर लोन जैसे स्मार्ट लेंडिंग विकल्पों के जरिए हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि करोड़ों लोगों तक न केवल वित्तीय सेवाएँ पहुँचें, बल्कि उन्हें जरूरत पड़ने पर तुरंत फंड्स भी मिल सकें। इस सफ़र के बारे में बताते हुए, फोनपे के फाउंडर और CEO समीर निगम जी ने कहा कि हमारे दस साल के सफ़र का सबसे रोमांचक हिस्सा यह है कि, भले हम कितनी भी दूर आ गए हों, शिखर अभी भी नज़र नहीं आ रहा है। हमें अभी नहीं पता कि यह कैसा होगा और यही बात इसे रोमांचक बनाती है। हज़ारों जुनूनी, मेहनती लोग हर दिन अपने काम में सबसे अच्छा बनने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए यह सफ़र पहले जितना ही सार्थक और जोश से भरा हुआ है। फोनपे के फाउंडर और CTO राहुल चारी जी ने कहा, मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि हमने फोनपे में क्या बनाया है। पूरी इंडस्ट्री और इकोसिस्टम से हमें जो सम्मान और समर्थन मिला है, उसने हमें और भी विनम्र बना दिया है। अगर इस सफ़र से कोई सीख मिलती है, तो वह यही है कि हमेशा कुछ ऐसा बनाएँ जिस पर लोग सच में विश्वास करें, क्योंकि जुनून ही वह शक्ति है जो एक विचार को बड़े प्रभाव में बदल देती है। अपनी शुरुआत से ही, फोनपे ने कई इंडस्ट्री-फर्स्ट इनोवेशन किए हैं जिसने भारत के डिजिटल फाइनेंस के तौर-तरीकों को बदल दिया है। हमारा लक्ष्य वित्तीय सेवाओं का लोकतंत्रीकरण करना है, ताकि बैंकिंग और निवेश जैसी सुविधाएँ हर किसी के लिए बराबर और सुलभ हों।

## पोको एम8 5जी कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले, मिलिट्री-ग्रेड ड्यूरैबिलिटी और ईवी-ग्रेड 5,520एमएएच बैटरी के साथ भारत में लॉन्च



**नई दिल्ली।** पोको ने आज भारत में पोको एम8 5जी को लॉन्च किया है। यह स्मार्टफोन एक स्लिम, लाइटवेट डिज़ाइन, शानदार एमोलेड डिस्प्ले, भरोसेमंद परफॉर्मेंस और पूरे दिन चलने वाली बैटरी के संयोजन के जरिये रोजमर्रा के मनोरंजन में महत्वपूर्ण अपग्रेड लेकर आया है। इसे उन यूजर्स के लिए डिज़ाइन किया गया है जो स्ट्रीमिंग, गेमिंग, सोशल मीडिया, फोटोग्राफी और दैनिक उत्पादकता के लिए अपने स्मार्टफोन पर निर्भर रहते हैं, पोको एम8 5जी वास्तविक दुनिया के उपयोग को बेहतर बनाने वाले व्यावहारिक अपग्रेड पर फोकस करता है। लॉन्च के बारे में, शाओमी इंडिया के चीफ बिजनेस ऑफिसर संदीप सिंह अरोड़ा ने कहा, एम8 5जी सीरीज एक बड़ा विकास है, जो सस्ती कीमतों पर नई और महत्वपूर्ण तकनीक देने पर हमारा ध्यान दिखाती है। कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले, पतला और अच्छा डिज़ाइन, और इस कीमत में कम मिलने वाली खास सुविधाओं का मिश्रण पोको की रोज़ाना स्मार्टफोन इस्तेमाल को बेहतर बनाने की इच्छा पर ज़ोर देता है। जैसे-जैसे इंडस्ट्री कीमतों को बढ़ा रही है, पोको एम8 5जी सस्ती कीमत और बेहतरीन परफॉर्मेंस पर मजबूती से टिका हुआ है। ये ग्राहकों को बिना किसी समझौते के सावधानीपूर्वक डिज़ाइन, परफॉर्मेंस और नई क्षमताओं का बैलेंस देता है।

## ईमानदार अफसरों की टास्क फोर्स का ग्लोबल स्मग्लिंग एंपायर से सामना - नेटफ्लिक्स ने तस्करीः द स्मग्लर्स वेब' का ट्रेलर जारी किया




**नई दिल्ली।** नए साल की शुरुआत हाई अलर्ट के साथ हुई है और अर्जुन मीना की टीम ने कमान संभाल ली है। नेटफ्लिक्स ने आज तस्करीः द स्मग्लर्स वेब का जबरदस्त ट्रेलर लॉन्च किया। यह एक रोमांचक थ्रिलर है, जो दर्शकों को सरकारी कस्टम विभाग के भीतर चलने वाली दिमागी जंग और दांव-पेचों से रूबरू कराएगा, जहाँ छिपाना एक कला है, खुफिया जानकारी का मोल है, और दूसरा मौका कभी नहीं मिलता है।

अल-डेरा, अदीस अबाबा, मिलान और बैंगकॉक में स्मग्लिंग के मुख्य गलियारों का पीछा करते हुए तस्करी में अंतर्राष्ट्रीय स्मग्लिंग की दुनिया की जटिल परतों को खोला गया है। यह दुनिया कोड वाले मार्गों, भ्रामक खुलासों और सोचे-समझे तरीकों से गुमराह करने वाली चालों का एक जाल है। इसकी कहानी देश के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट्स में से एक, मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तैनात स्पेशलाईज़्ड कस्टम्स टास्क फोर्स के इर्दगिर्द घूमती है।

## अग्निवेश अग्रवाल के निधन पर प्रधानमंत्री मोदी ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के बड़े बेटे अग्निवेश अग्रवाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर इस दुखद घटना को स्तब्ध करने वाला बताया। प्रधानमंत्री ने लिखा कि श्री अग्निवेश अग्रवाल का असमय निधन बेहद चौंकाने वाला और दुखद है। इस भावुक श्रद्धांजलि में आपके दुख की गहराई साफ झलकती है। प्रार्थना है कि आपको और आपके परिवार को इस कठिन समय में शक्ति और साहस मिले। ओम शांति। यह प्रतिक्रिया प्रधानमंत्री ने अनिल अग्रवाल द्वारा अपने पुत्र के निधन पर किए गए पोस्ट के जवाब में दी। परिवार और कंपनी से जुड़े सूत्रों के अनुसार, अग्निवेश अग्रवाल वेदांता समूह की इकाई तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) के बोर्ड में शामिल थे।

## ओबेन इलेक्ट्रिक को ज़ी टीवी आईडियाबाज की पहली सक्सेस स्टोरी के तौर पर दिखाया गया




**लखनऊ।** भारत की तेजी से बढ़ती इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी ओबेन इलेक्ट्रिक को ज़ी टीवी चैनल के स्टार्टअप रियलिटी शो आईडियाबाज में पहली सक्सेस स्टोरी के रूप में दिखाया गया है। यह सम्मान एक ऐसी भारतीय कंपनी को मिला है, जिसने मजबूत रिसर्च और डेवलपमेंट के दम पर ऑटोमोबाइल जैसे मुश्किल और बड़े निवेश वाले सेक्टर में पूरे देश में अपना कारोबार खड़ा किया है। इन उपलब्धियों के पीछे मेहनत, धैर्य और जज्बे की एक इंसानी कहानी है। बड़े सपनों और एक साझा सोच के साथ एक छोटे से गैराज में शुरू हुआ यह सफर आज भारत की सबसे तेजी से बढ़ने वाली इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी बन चुका है। महिला नेतृत्व वाली फाउंडिंग टीम मधुमिता अग्रवाल (फाउंडर और सीईओ), दिनकर अग्रवाल (फाउंडर,सीटीओ और सीओओ) और सागर ठक्कर (को-फाउंडर और सीपीओ) ने अपने पुराने उद्यमी अनुभव और ईवी और आरएंडडी की गहरी समझ के सहारे कंपनी को बिल्कुल शुरुआत से खड़ा किया।

इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए ओबेन इलेक्ट्रिक की फाउंडर और सीईओ मधुमिता अग्रवाल ने कहा, ओबेन इलेक्ट्रिक की शुरुआत इस विश्वास के साथ हुई थी कि टिकाऊ विकास मजबूत आरएंडडी, टेक्नोलॉजी पर पूरा कंट्रोल और हर काम में ऑपरेशनल डिसिप्लिन से ही आता है। आईडियाबाज की पहली सक्सेस स्टोरी बनना इस बात का प्रमाण है कि सोच-समझकर की गई लंबी प्लानिंग और लगातार मेहनत मिलकर ऑटोमोबाइल जैसे जटिल और पूंजी-प्रधान सेक्टर में भी बड़ी सफलता दिला सकती है।

## गीग वर्कर्स के लिए डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम slmg beverage pvt LTD में संपन्न हुआ



**लखनऊ।** लखनऊ शहर में गिग वर्कर्स को डिजिटल एवं वित्तीय रूप से जागरूक बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन महिंद्रा फाइनेंस एवं NIIT foundation के सहयोग से चल रहा है इसी कार्यक्रम के SLMG beverage pvt ltd kurshi road में एक कार्यक्रम संपन्न हुआ, कार्यक्रम की शुरुआत NIIT फाऊंडेशन के मुख्य वित्तीय प्रशिक्षक रितेश शर्मा ने की , रितेश जी ने कार्यक्रम के दौरान वहां उपस्थित गिग वर्क्स को बीमा वित्तीय अनुशासन लोन एवं डिजिटल धोखाधड़ी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया साथ ही सरकार द्वारा चल रही विभिन्न योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति ,बीमा योजना के बारे में भी अवगत किया, वहां उपस्थित गिक वर्कर्स जिसमें Drivers, Delevery can drivers एवं सिक्योरिटी गार्ड एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे लोगों ने कार्यक्रम को समझा एवं सराहना की सभी ने डिजिलॉकर की उपयोगिता को विशेष रूप से समझा एवं NIT foundation की कार्यकर्ता रिचा मैम के सहयोग सेअपने फोन में उसको नामांकित किया एवं हो रहे फ्रॉड को जानकारी प्राप्त की एवं कार्यक्रम की सराहना की वहां उपस्थित 50 कार्यकर्ताओं ने मैं इस धन संवाद कार्यक्रम का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया NIIT फाऊंडेशन से उपस्थित मनोज, महेंद्र प्रिया एवं रिचा उपस्थित थे।

## तंबाकू उत्पादों पर एक्साइज ड्यूटी बढ़ने से 80 लाख खुदरा विक्रेता बेचैन

**नई दिल्ली।** एफआरएआई ने तंबाकू पर टैक्स बढ़ोतरी को लेकर चिंता जताई है। संगठन ने कहा कि इससे छोटे कारोबारियों की आजीविका पर खतरा मंडरा रहा है। संगठन ने चेतावनी दी कि रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले उत्पादों की कीमतों में अचानक और तेज बढ़ोतरी का असर असंगठित रिटेल सेक्टर पर असमान रूप से पड़ता है। कानूनी तंबाकू उत्पादों पर टैक्स में भारी बढ़ोतरी को लेकर फेडरेशन ऑफ रिटेलर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफआरएआई) ने गहरी चिंता जताई है। संगठन ने सरकार से इस फैसले पर दोबारा विचार करने की अपील करते हुए कहा है कि इससे छोटे रिटेलरों को नुकसान होगा और अवैध कारोबारियों को बाजार में बढ़त मिल सकती है। यह प्रतिक्रिया वित्त मंत्रालय की ओर से जारी उस अधिसूचना के बाद आई है, जिसमें वित्त मंत्रालय ने च्यूइंग टोबैको, जर्दा, सेंटेड टोबैको और गुटखा पैकिंग मशीन नियम, 2026 के तहत सिगरेट की लंबाई के आधार पर प्रति 1,000 स्टिक पर 2,050 से 8,500 रुपये तक की एक्साइज ड्यूटी तय की है। यह नई दरें 1 फरवरी से लागू होंगी।

एफआरएआई ने बयान में कहा कि इस फैसले से छोटे दुकानदारों, फुटपाथ विक्रेताओं और फेरीवालों में भारी बेचैनी है, जिनकी आजीविका काफी हद तक रोजमर्रा की खपत वाले उत्पादों, खासकर तंबाकू पर निर्भर करती है। संगठन का दावा है कि वह करीब 80 लाख सूक्ष्म, लघु और मध्यम रिटेलरों का प्रतिनिधित्व करता है। संगठन ने चेतावनी दी कि रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले उत्पादों की कीमतों में अचानक और तेज बढ़ोतरी का असर असंगठित रिटेल सेक्टर पर असमान रूप से पड़ता है, जहां मुनाफा कम और बिक्री वॉल्यूम ज्यादा होता है।

# हिमालया बेबीकेयर ने शुरू किया शिशु की पहली सर्दियों के लिए 'वॉरी-फ्री केयर' का वादा करने वाला नया कैंपेन

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी बेबी केयर ब्रांड हिमालया बेबीकेयर, जिसे शिशु पसंद करते हैं और माता-पिता भरोसा करते हैं, ने एक भावनात्मक कैंपेन लांच किया है, जो शिशु की पहली सर्दियों के दौरान एक मां की सहज चिंता को दर्शाता है।

सर्दियों की ठंडी और रूखी हवा की पृष्ठभूमि में यह फिल्म माता-पिता और शिशु के बीच स्नेहपूर्ण पल को खूबसूरती से प्रस्तुत करती है, जहां वे अपने नन्हे बच्चे की कोमल त्वचा और गालों की सुरक्षा करते दिखाई देते हैं। डीवीसी की शुरुआत एक मां की इस चिंता से होती है कि सर्दियों की सर्द हवा उसके बच्चे की नाजुक त्वचा, खासकर उसके मुलायम और गोल-मटोल गालों को रूखा बना सकती है। गर्मजोशी और भरोसे के भाव के साथ कहानी चिंता से आत्मविश्वास की ओर बढ़ती है, जब मां एक सरल लेकिन प्रभावशाली वादा करती है-हम होने ही नहीं देंगे, जो इस बात को दर्शाता है कि मौसम कितना भी कठोर क्यों न हो, उसके शिशु के गाल मुलायम ही रहेंगे। भावनाओं और रोजमर्रा की सच्चाई से जुड़ी यह फिल्म हिमालया जेंटल बेबी लोशन और जेंटल बेबी क्रीम को शिशुओं के लिए सर्दियों के भरोसेमंद आवश्यक देखभाल उत्पाद के रूप में प्रस्तुत करती है। इस प्रचार में हिमालया जेंटल बेबी लोशन और जेंटल बेबी क्रीम को प्रमुखता से दर्शाया गया है, जिसका स्किन-फ्रेंडली पीएच 5.5 तथा पेंटा मॉइस्चर लॉक फॉर्मुलेशन सर्दियों के दौरान शिशु की नाजुक त्वचा को गहराई से मॉइस्चराइज करता है और उसकी त्वचा सुरक्षा परत को बनाए रखने में सहायक है।



मातृत्व की सहज भावना को विज्ञान आधारित भरोसे के साथ जोड़ते हुए, यह डीवीसी हिमालया बेबीकेयर को उन माता-पिता के लिए एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में फिर से स्थापित करता है, जो अपने शिशु की पहली सर्दियों में देखभाल को लेकर सजग हैं।

कैंपेन के बारे में बताते हुए हिमालया वेलनेस कंपनी के डायरेक्टर बेबीकेयर एनवी चक्रवर्ती ने कहा, ÷हिमालय बेबीकेयर में, हम समझते हैं कि शिशु की पहली सर्दी नए माता-पिता के लिए कई सवाल और चिंताएं लेकर आता है। यह डीवीसी उस गहरी भावनात्मक सच्चाई को दर्शाती है कि हर माता-पिता अपने बच्चे को छोटी-से-छोटी असुविधा से भी बचाना चाहते हैं।

इस फिल्म के माध्यम से हम माता-पिता को यह आश्वस्त करना चाहते हैं कि डॉक्टरों द्वारा अनुशंसित शीर्ष ब्रांड के तौर पर हिमालया बेबीकेयर उनके शिशु की देखभाल और सुरक्षा में एक भरोसेमंद साथी है, और हमारे जेंटल फॉर्मुलेशन विशेष रूप से शिशु की त्वचा को मुलायम, पोषित और सर्दियों के लिए तैयार रखने के उद्देश्य से विकसित किए गए हैं।

# विकास और कानून व्यवस्था पर कसा शिकंजा, अधिकारियों को प्रभारी मंत्री की दो टूक

- कुशीनगर में विकास की समीक्षा बैठक, लापरवाह अफसरों की अब खैर नहीं

**अवधनामा ब्यूरो**


कलेक्ट्रेट सभागार में विभागों की समीक्षा बैठक करते प्रभारी मंत्री दिनेश

**कुशीनगर।** कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा हुई। बैठक में लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए मंत्री ने तल्ख लहजे मे कहा ÷अब फाइलों में नहीं, ज़मीन पर दिखेगा काम।÷ पीएमजीएसवाई व प्रधानमंत्री सड़क योजना की सड़कों पर संतोषजनक जवाब न मिलने पर मंत्री ने अधिकारियों को फटकार लगाई और सभी सड़कों की सूची जनप्रतिनिधियों की सहमति से तैयार कर मरम्मत प्रस्ताव तत्काल भेजने के निर्देश दिए।

मनरेगा, आवास, स्वास्थ्य, विद्युत, मंडी व राजस्व मामलों की समीक्षा में मंत्री ने चेताया कि जनकल्याणकारी योजनाओं में ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। चिकित्सकों की गैरहाजिरी पर केवल वेतन कटौती को नाकाफी बताते हुए निष्क्रिय व लापरवाह कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि मुसहर कॉलोनी निर्माण के लिए 50 लाख की व्यवस्था तथा मेडिकल कॉलेज के पोस्टमार्टम हाउस की कमियों को दूर करने के लिए 2 करोड़ की स्वीकृति की गई है।

डीएम ने बैठक के सभी निर्देशों के शत-प्रतिशत अनुपालन का भरोसा दिलाया। इसी कडी में एसपी केशव कुमार ने जन शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई की बात कही, जबकि सीडीओ वंदिता श्रीवास्तव ने योजनाओं में तेजी लाकर पात्रों को पूरा लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। बैठक में मंत्री ने स्पष्ट चेतावनी दिया कि अब जवाबदेही तय होगी, काम नहीं तो कार्रवाई तय है। इस अवसर पर सांसद राज्य सभा कुंवर आर पी एन सिंह, सांसद कुशीनगर विजय दुबे, विधायक हाटा मोहन वर्मा, विधायक कुशीनगर पीएन पाठक सहित तमाम जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आईजीआरएस में कुशीनगर पिछड़ा, प्रभारी मंत्री ने कसे स्क्रू

आईजीआरएस में राजस्व मामलों के निस्तारण को लेकर कुशीनगर की बदतर स्थिति पर प्रभारी मंत्री का गुस्सा फूट पड़ा। उत्तर प्रदेश रैंकिंग में जिले को 62वां स्थान मिलने पर समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री ने एडीएम की क्लास लगाई। मंत्री ने साफ कहा कि यह रैंकिंग प्रशासनिक लापरवाही और खानापूर्ति का परिणाम है। उन्होंने चेतावनी दी कि झूठी रिपोर्ट और कमजोर निस्तारण अब बर्दाश्त नहीं होगा, अगली रैंकिंग में सुधार नहीं हुआ तो जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई तय है।

# ग्रामीण भारत को नई दिशा देगा विकसित भारत-जी राम जी विधेयक : दिनेश प्रताप

- मनरेगा युग समाप्त, 'जी राम जी' से ग्रामीण क्रांति, डिजिटल हाजिरी से खत्म होगा फर्जीवाड़ा
- किसानों को राहत, खेती के वक्त 'नो वर्क' नीति
- डिजिटल रोजगार, पारदर्शी भुगतान : जी राम जी बिल

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) विधेयक 2025 को ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह विधेयक 20 वर्ष पुराने मनरेगा कानून की कमियों को दूर कर आधुनिक, पारदर्शी और टिकाऊ रोजगार व्यवस्था स्थापित करेगा।

प्रभारी मंत्री शनिवार को कुशीनगर में थे वह विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करने के बाद पत्रकारों से मुखातिब होकर सरकार की उपलब्धियां गिना रहे थे। उन्होंने कहा कि नए कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को अब हर वित्तीय वर्ष 125 दिनों के रोजगार की गारंटी मिलेगी, जो पहले 100 दिन थी। इससे मजदूरों की आय में सीधा इजाफा होगा और गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। दिनेश प्रताप सिंह ने स्पष्ट किया कि इस बिल में काम को चार प्रमुख श्रेणियों जल सुरक्षा, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका से जुड़ा निर्माण और मौसमीय आपदाओं से सुरक्षा तक सीमित किया गया है, ताकि काम सिर्फ रोजगार तक सीमित न रहकर गांवों के स्थायी विकास का आधार बने। प्रभारी मंत्री ने कहा कि डिजिटल उपस्थिति, आधार व बायोमेट्रिक सत्यापन और सीधे खाते में भुगतान से मजदूरी की चोरी और फर्जीवाड़ा पूरी तरह खत्म होगा। काम न मिलने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ता देना सरकार की बाध्यता होगी।

किसानों के हित को ध्यान मे रखते हुए प्रभारी मंत्री ने बताया कि बुआई और कटाई के समय 60 दिनों की 'नो वर्क' अवधि तय करने का प्रावधान है, जिससे खेती के समय श्रमिकों की कमी नहीं होगी और कृषि लागत नियंत्रित रहेगी। पत्र उन्होंने कहा कि यह विधेयक रोजगार, आय सुरक्षा, जल संरक्षण, अवसंरचना निर्माण और पलायन रोकने में मील का पत्थर साबित होगा। ÷विकसित भारतङ्कजी राम जी बिल आत्मनिर्भर और सशक्त ग्रामीण भारत की नींव है,÷ यह कहते हुए प्रभारी मंत्री ने इसे प्रधानमंत्री के विकसित भारत विजन का मजबूत आधार बताया।

# बाघ के हमले से एक किशोरी की मौत, दहशत में लोग

- जंगल से लड़की लाने गई थी किशोरी, सोहगीबरवा जंगल का मामला

**अवधनामा संवाददाता**

**खड्डा, कुशीनगर।** सोहगी बारवा थाना क्षेत्र के गांव मदरसा टोला में एक किशोरी को बाघ के हमले से मौत हो गई है। किशोरी इस कड़ाके की ठंड से बचने के लिए गांव के बगल में स्थित जंगलों से लकड़ी लाने गई हुई थी। किशोरी की मौत से गांव में दहशत का माहौल है।

बताया जा रहा है कि थाना सोहगीबारवा के गांव मदरसा टोला के 14 वर्षीय किशोरी गुड्डी उर्फ लाची चौधरी गांव के कुछ दूरी पर स्थिति जंगलों से ठंड से बचाव हेतु अलाव के लिए शुक्रवार के दिन लकड़ी लेने गई हुई थी। जो देर शाम तक घर नहीं लौट सकी थी। घर परिवार के साथ गांव वाले भी उस किशोरी को ढूंढ रहे थे। ढूंढते ढूंढते घर वालो को वह किशोरी मिली तो उसका शव जंगल में मिला। जहां बाघ ने उस पर हमला कर दिया था तथा शव को बाघ ने क्षत विक्षत कर दिया था। बाघ के पंजे उसके शरीर पर कई जगह दिखाई दे रहा था। शव को देखते पूरे गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल गया था। इस घटना से जहां पूरे इलाके में दहशत है वहीं इसकी सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर जा पहुंची।

वन विभाग ने इलाके में अलर्ट जारी कर दिया है और ग्रामीणों को जंगल की ओर न जाने की सलाह दी। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने और क्षेत्र में बाघ की निगरानी बढ़ाने की मांग की है। ताकि पुनः इस प्रकार की घटनाएं न हो।

# नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता, बस्ती।** जिले की मुंडेरवा पुलिस ने थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 मुरलीधर मिश्रा, हे0का0 पुनीत पाठक, का0 कामोद कुशवाहा द्वारा धारा 137(2), 87, 351(3) ब्नहस थाना मुण्डेरवा के आरोपी थाना क्षेत्र के किठुरी निवासी 20 वर्षीय राज पुत्र स्व0 कृष्णचन्द्रह्म को मुखबीर की सूचना पर मुण्डेरवा रेलवे स्टेशन के बाहर से गिरफ्तार कर जेल रवाना किया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि 05.01.2026 को थाना मुण्डेरवा पर वादी मुकदमा के लिखित प्रा0 पत्र में वर्णित तथ्यों के आधार पर आरोपी राज व उनकी माता जिनके द्वारा वादी मुकदमा की नाबालिग लड़की/अपहृता को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाया गया था, के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर विवेचना सम्पादित करते हुए उक्त कार्यवाही किया गया है।

# समुदाय विशेष को भद्दी-भद्दी गालियां देते युवक का वीडियो वॉयरल

- समुदाय के लोगों ने की थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जिले के तरया सुजान थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया के माध्यम से एक समुदाय विशेष के खिलाफ गाली-गलौज, धमकी और भड़काऊ बयान देने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि घटना के 10 दिन से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पुलिस अब तक कोई कार्रवाई की।

मामला उक्त थाना क्षेत्र के ग्राम तरया पश्चिम गांव निवासी आदित्य राय उर्फ चिकु और अभय राय उर्फ राज से जुड़ा है, जिन पर आरोप है कि इन लोगों द्वारा इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मुस्लिम समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा, जान से मारने की धमकी और उनके पहनावे व धार्मिक परंपराओं को लेकर अभद्र टिप्पणी की जा रही है। संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसे लाखों लोगों ने देखा और विरोध भी किया। इस मामले में सेवरही थाना क्षेत्र के रकबा दुलमा पट्टी निवासी मोहम्मद रफ़ी सहित दो अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा दो बार तरयासुजान थाने में लिखित तहरीर दी जा चुकी है, लेकिन पुलिस की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वायरल वीडियो के कारण क्षेत्र में तनाव और वैमनस्य का माहौल बन गया है, जिससे कानून-व्यवस्था बिगड़ने कीआशंका थी। बावजूद इसके थानाध्यक्ष तरया सुजान इस मामले को गंभीरता से लेते नहीं दिख रहे हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष तरयासुजान से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि तहरीर मिली है, जांच में पता चला है कि युवक कहीं बाहर है, इन्हें परिजनों को दबाव बनाया जा रहा है, दो तीन दिन के अंदर ये युवक आ जाते है तो वॉयरल वीडियो के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# चार सूत्रीय मांगों को लेकर सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने दिया धरना

**अवधनामा संवाददाता**



**कसया, कुशीनगर।** नगर स्थित रोडवेज परिसर में शनिवार को कर्मचारी पेंशन योजना-95 (ईपीएस-95) राष्ट्रीय संघर्ष समिति की जनपद इकाई कुशीनगर द्वारा सेवा-निवृत कर्मचारियों की चार सूत्रीय मांगों को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में पेंशनरों ने न्यूनतम ?7,500 मासिक पेंशन के साथ महंगाई भत्ता, समुचित चिकित्सा सुविधा तथा वर्ष 1995 से पूर्व सेवा-निवृत कर्मचारियों को ?5,000 प्रतिमाह पेंशन भत्ता देने की मांग प्रमुख रूप से उठाई।

बैठक को संबोधित करते हुए मंडल सचिव गोरखपुर वी.पी. मिश्रा ने कहा कि सरकार सेवानिवृत कर्मचारियों को उनका हक देने में आनाकानी कर रही है, जबकि पेंशन कोई दया नहीं बल्कि कर्मचारियों की वर्षों की मेहनत की कमाई है। उन्होंने कहा कि पेंशनरों को उनका वैधानिक अधिकार मिलना ही चाहिए। जिलाध्यक्ष कुशीनगर गोपाल प्रसाद ने कहा कि सरकार की कोई भी मजबूरी पेंशनरों की जायज़ मांगों के आड़े नहीं आनी चाहिए। यदि मांगें नहीं मानी गई तो संघर्ष समिति सड़क से लेकर दिल्ली तक व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगी। बैठक को देवरिया जिलाध्यक्ष नसरूल्लाह अंसारी, छेदी प्रसाद, सफीक अहमद तथा कृति निवास ने भी संबोधित किया और एकजुट होकर संघर्ष तेज करने का आह्वान किया।

बैठक की अध्यक्षता जयप्रकाश लाल श्रीवास्तव ने की तथा संचालन गोपाल प्रसाद ने किया। इस दौरान महिमा राय, अशोक कुमार, राधाकृष्ण मिश्रा, चंद्रशेखर पाठक सहित बड़ी संख्या में पेंशनधारक उपस्थित रहे।

# शहर से लेकर गांवों तक ऐतिहासिक विकास कर रही भाजपा सरकार : पी.एन पाठक

- कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक का लोगो ने किया स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**


विधायक पीएन पाठक का स्वागत करते कार्यकर्ता

**कसया, कुशीनगर।** कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक क्षेत्र के वार्ड नंबर 4, अम्बेडकरनगर (मदनपुर) व वार्ड नंबर 21 बुद्ध नगरी (सुखारी छपरा) पहुंचे। जहां लोगों ने विधायक श्री पाठक को पुष्पगुच्छ देकर और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान विधायक पी.एन पाठक ने भ्रमण के दौरान आमजन से बातचीत कर कुशलक्षेम जाना और भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक तक पहुंचाने का आह्वान भी किया।

विधायक पी.एन पाठक ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार शहर से लेकर गांवों तक ऐतिहासिक विकास कार्य करा रही है। भाजपा सरकार की मंशा है कि प्रदेश के कोने-कोने में विकास की किरण पहुंचा कर लोगों को आत्मनिर्भर बनाया जाए। भाजपा सरकार की ओर से आमजन के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजना चलाकर सभी वर्गों के लोगों को लाभांवित किया जा रहा है।

कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र का चहुमुखी विकास हो रहा है। प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की तर्ज पर योजनाओं का क्रियान्वयन करा रही है। महिलाओं के सम्मान, स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति अभियान चला रही है। प्रतिदिन की भांति शनिवार दोपहर को भी विधायक पी.एन पाठक शिविर कार्यालय कसया पहुंचे। जहां लोगों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देश दिए।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष आद्या पांडेय, राज, ओमप्रकाश पांडेय, रिंकल पांडेय, भोलू पाठक, रितेश दुबे, अखिलेश तिवारी, छेदी शर्मा, कन्हैया राय, संतोष पाठक समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**अमेठी /गौरीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-वाराणसी रेल मार्ग पर स्थित बरना टीकर रेलवे क्रॉसिंग के पास एक अज्ञात व्यक्ति ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस शव की पहचान की कोशिश में जुटी हुई है।

शनिवार की सुबह करीब 40 वर्षीय यह व्यक्ति रेलवे ट्रैक के पास पहुंचा। ट्रेन आती देख वह उसके आगे कूद गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना गौरीगंज पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने ट्रैक से शव हटवाकर रेल यातायात भी सामान्य करवाया। कोतवाली प्रभारी श्याम नारायण पांडेय ने कहा कि शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की जा रही है लेकिन अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# रमेश मल्लाह हत्याकांड का खुलासा



- हत्या का कारण बना पुरानी रंजिश और पैसों के लेनदेन

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी/बाजार शुकुल।** पुलिस ने तीन दिन पहले बाजार शुकुल थाना क्षेत्र में हुए रमेश मल्लाह हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हत्या पुरानी रंजिश और पैसों के लेनदेन के विवाद के कारण की गई थी।

जनपद में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बाजार शुकुल पुलिस को यह सफलता मिली। पुलिस ने हत्या के इस मामले में वांछित मुख्य अभियुक्त सहित कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए मुख्य अभियुक्त की पहचान जंगबहादुर उर्फ जंगू (लगभग 50 वर्ष) पुत्र रामनरेश के रूप में हुई है, जो पूरे मल्लाहन मजरे खेममऊ, थाना बाजारशुकुल, जनपद अमेठी का निवासी है। उसके खिलाफ थाना बाजारशुकुल में मु0अ0सं0 03/26, धारा 103(1), 238, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने इस मामले में दो अन्य अभियुक्तों सुग्रीव (लगभग 42 वर्ष) पुत्र रामसमुझ और दीपक (लगभग 27 वर्ष) पुत्र सतगुरू को भी हिरासत में लिया है।

ये दोनों फजलपुर, थाना कुमारगंज, जनपद अयोध्या के निवासी हैं। तीनों अभियुक्तों को 09 जनवरी 2026 को रात करीब 11:30 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन, फजलपुर रोड के पास, थाना बाजारशुकुल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में यह पुष्टि हुई है कि रमेश निषाद की हत्या पुरानी रंजिश और पैसों के लेन-देन के विवाद के चलते की गई थी।

# विवेकानंद की जयंती पर रोटरी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन कल

**अवधनामा संवाददाता, कसया, कुशीनगर।** राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर रोटरी क्लब कुशीनगर (डिस्ट्रिक्ट 3120) द्वारा सोमवार, 12 जनवरी 2026 को एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर नगर पालिका परिषद कार्यालय, कसया-कुशीनगर में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि रक्तदान शिविर का उद्देश्य स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से प्रेरणा लेते हुए मानव सेवा और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। उन्होंने जिले के युवाओं, समाजसेवियों एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने बताया कि शिविर का आयोजन पूर्णतः सुरक्षित वातावरण में किया जाएगा, जिसमें कुशीनगर चैरिटेबल ब्लड बैंक का तकनीकी एवं चिकित्सकीय सहयोग रहेगा। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को आवश्यक परामर्श एवं प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। रोटरी क्लब कुशीनगर ने आमजन से इस पुनीत कार्य में सहभागी बनकर ÷रक्तदान महादान÷ के संदेश को साकार करने का आह्वान किया है।

## पंजाब मेल ट्रेन पर यात्रियों को बांटे गए लंगर



**अवधनामा संवाददाता, अमेठी।** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी लंगर आयोजन समिति की ओर से श्री पटना साहिब जाने वाले यात्रियों और सिक्ख संगतों को लंगर का वितरण जारी है। पंजाब मेल ट्रेन पर बाबा मनोहर सिंह के साथ सेवादार रोज लंगर का वितरण कर रहे हैं। शनिवार को गुनगुनी धूप के बीच सेवादारों ने महमूदपुर में लंगर तैयार किया और दोपहर बाद 1.20बजे पंजाब मेल ट्रेन पर यात्रियों को लंगर का वितरण किया गया। लंगर समिति के सचिव सदाशिव पांडेय, सेवादार संजीव भारती,हरवंश सिंह , सुख-चैन सिंह, दीपक शाक्य आदि ने यात्रियों को लंगर का वितरण किया।

# युवती के खाते में ढाई करोड़ रुपए आने की अफवाह बना चर्चा

- कप्तानगंज नगर पंचायत का मामला

**अवधनामा संवाददाता**



**कप्तानगंज, कुशीनगर।** स्थानीय नगर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। एक युवती के बैंक खाते में करीब ढाई करोड़ रुपए आने से हड़कंप मच गया है। हालांकि इतनी बड़ी रकम खाते में आने की बात बैंक द्वारा अफवाह बताई जा रही है, लेकिन इसकी चर्चा खूब रही।

मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत कप्तानगंज निवासिनी रेखा अग्रहरि अपने परिजनों के साथ 7 जनवरी को यू.पी. ग्रामीण बैंक में अपने खाते से पैसा निकालने गई थी। बैंक कर्मियों द्वारा खाता में फ्राड होने की सूचना दी गई और खाता सीज होने की बात कही। बैंक कर्मियों ने खाता की पुनः संचालन के लिए स्थानीय थाने में जाने की सूचना देने को कहा।

ढाई करोड़ रुपए रेखा के खाते में आने की अफवाह शनिवार को पूरे नगर में दिन भर गूंजती रही। शाखा प्रबंधक ने बताया कि उक्त रकम की जानकारी खाते में आने की नहीं है, वहीं उसके पिता राजेन्द्र काफी परेशान थे।

# फाइनल में रांची की टीम ने 2-1 से देवरिया को हराकर जीता खिताब

- रामराज ऑल इंडिया फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



विजेता टीम को खिताब देते मुख्य अतिथि

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** रामराज ऑल इंडिया फुटबॉल प्रतियोगिता तरयासुजान के अंतर्गत आयोजित वन-डे महिला फाइनल मैच में महिला एकेडमी फुटबॉल क्लब रांची (बिहार) और एमपीआईसी क्लब देवरिया (उत्तर प्रदेश) के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। कड़े संघर्ष से भरपूर इस फाइनल में रांची की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-1 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

मैच के पहले हाफ में रांची की टीम ने आक्रामक खेल दिखाते हुए एक गोल कर बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में देवरिया की टीम ने जोरदार वापसी करते हुए एक गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया, जिससे मुकाबला और भी रोमांचक हो गया। अंतिम समय में रांची की टीम ने निर्णायक गोल करते हुए 2-1 की बढ़त बनाई और विजेता बनने का गौरव हासिल किया। फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि खातून रेहाना ग्रुप ऑफ कंपनी, मिडिल ईस्ट सिंगापुर के प्रेसीडेंट एवं इंजीनियर रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रताप राय और आयोजक अंशु तिवारी ने सफल आयोजन के लिए दर्शकों व सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिदिन की तरह इस फाइनल मैच की कमेंट्री भी आकर्षण का केंद्र रही। पथराव ग्राम सभा के भावी प्रधान प्रत्याशी संतोष कुमार मिश्र ने अपनी प्रभावशाली और जोशीली कमेंट्री से महिला फुटबॉल मैच को और अधिक रोचक बना दिया।इस अवसर पर प्रतियोगिता के संरक्षक प्रमोद ओझा, सामाजिक कार्यकर्ता व समाजसेवी हरिकेश रावत, इंडियन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर वसीम अहमद, भाजपा युवा नेता राजेश सिंह, अशोक केडी, मुकेश गोड, अमर शर्मा, संतु ओझा, अमित तिवारी, राजेश मिश्रा,बबलू पटवा, कृष्ण वर्मा, सहाबुद्दीन, अंजन तिवारी सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर करने के लिए सुझाव से अवगत कराये : मुस्लिम खातून

**बस्ती।** आंज बेगम खैर गर्ल्स इण्टर कालेज बस्ती के सभागार में शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक की गयी। बैठक में प्रधानाचार्य मुस्लिमा खातून ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए शिक्षण कार्य की प्रगति, खेलकूद एवं स्काउट गाइड आदि की गतिविधियों से अवगत कराते हुए सभी अभिभावको से अनुरोध किया कि शिक्षा की गुणवत्ता और बेहतर करने के लिए अपने सुझाव से अवगत कराये।

उक्त क्रम में शिक्षक अभिभावक संघ अध्यक्ष शाहीन फातिमा ने विद्यालय में पठन-पाठन कार्य की स्थिति पर संतोष व्यक्त करते हुए विद्यालय के अनुशासित माहौल की प्रशंसा की । अभिभावक संघ उपाध्यक्ष राम विलास चौहान ने विद्यालय की शिक्षा गुणवत्ता में अधिक सुधार लाने के लिए अपने सुझाव दिया । इसी क्रम में अभिभावक सदस्य नसीमा खातून ने अपने सुझाव रखें और अभिभावकों से अपील की कि आगामी बैठक में अभिभावक अधिक से अधिक अपन सुझाव प्रतिभाग करे।

# भाजपाइयों ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर मंदिरों पर किया पूजा पाठ मंत्र जाप



**अवधनामा संवाददाता, बस्ती।** सोमनाथ मंदिर पर एक हजार वर्ष पूर्व आक्रमण हुआ था। फिर भी आज सोमनाथ मंदिर अपनी आस्था का केंद्र बना हुआ है। इसी क्रम में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के दिशा निर्देश पर बस्ती भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्रा के नेतृत्व में जिले के मंडल गौर क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर मंदिर शिवालय पर पूजा पाठ कर ओम् कालेश्वर मंत्र का जाप किया गया। इसी क्रम में मंडल अध्यक्ष गौर राजेश कमलापुरी के अध्यक्षता में बभनान नगर पंचायत सब्जी मंडी स्थित शिव मंदिर पर पूजा पाठ कर मंत्र का जाप किया गया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा गोरखपुर क्षेत्र क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष राधेश्याम कमलापुरी, नगर पंचायत अध्यक्ष बभनान प्रबल मालानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय गुप्ता, मंडल महामंत्री राजेश नारायण, विजय व्यास मुन्ना, रामफेर गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ठंड में इंसानियत की गर्माहट



मौदहा चौराहे पर जमीयत उलेमा हमीरपुर का सराहनीय सेवा कार्य

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** कड़ाके की ठंड के बीच इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए जमीयत उलेमा हमीरपुर की ओर से शनिवार सुबह मौदहा कस्बे के बड़े चौराहे पर राहगीरों व यात्रियों के लिए चाय-कॉफी वितरण का आयोजन किया गया। सुबह 8 बजे से शुरू हुए इस सेवा कार्यक्रम का उद्देश्य ठंड से जूझ रहे लोगों को राहत पहुंचाना और सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करना रहा। यह कार्यक्रम जमीयत उलेमा हमीरपुर के अध्यक्ष एवं कम्हरिया स्थित मदरसा सैयदना अबू बक्र सिद्दीक के संस्थापक व निदेशक मौलाना शकीलुद्दीन नदवी की सरपरस्ती में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान जमीयत उलेमा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने यात्रियों, मजदूरों, राहगीरों तथा स्थानीय नागरिकों को गर्म चाय और कॉफी वितरित की। सेवा कार्य के दौरान बड़ी संख्या में मौजूद स्थानीय लोगों ने जमीयत उलेमा के इस मानवीय प्रयास की मुक्त कंठ से सराहना की। लोगों का कहना था कि जमीयत उलेमा हमीरपुर समय-समय पर जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आती रही है और बिना किसी धर्म, जाति या भेदभाव के सेवा को अपना कर्तव्य मानती है। नागरिकों ने संगठन को भविष्य में भी हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर जमीयत उलेमा हमीरपुर के जनरल सेक्रेटरी मुहम्मद अनवार, कोषाध्यक्ष अरशद खान, उपाध्यक्ष अय्यूब खान, सभासद नवाबुद्दीन, डॉ. मुहम्मद शादाब, कलीम चौधरी, न्यामत अल्ला, सेक्रेटरी रेहान, हाजी डॉ. मुहम्मद अब्बास सहित जमीयत उलेमा जिला हमीरपुर के अनेक सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि समाज में आपसी भाईचारा, सहयोग और सेवा भावना को मजबूत करना ही ऐसे आयोजनों का मूल उद्देश्य है। जमीयत उलेमा हमीरपुर का यह सेवा कार्य न केवल ठंड से राहत पहुंचाने वाला रहा, बल्कि सामाजिक सौहार्द और इंसानियत के संदेश को भी मजबूती से आगे बढ़ाने वाला साबित हुआ।

# कस्बे सहित पूरे क्षेत्र में भूमाफिया का साम्राज्य

कृषि भूमि को अकृषि घोषित कराए बिना धड़ल्ले से हो रही अवैध प्लाटिंग

**हिफजुर्रहमान।**





**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे और उससे जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में भूमाफियाओं का अवैध नेटवर्क खुलेआम फल-फूल रहा है। कृषि भूमि को बिना विधिवत अकृषि (नॉन-एग्रीकल्चर) घोषित कराए ही प्लाटिंग कर कॉलोनियों का रूप दिया जा रहा है। खेतों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर बेचना अब आम हो चुका है, जिससे शासन को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

सबसे गंभीर तथ्य यह है कि यह पूरा अवैध कारोबार तहसील प्रशासन की जानकारी में होने के बावजूद बिना किसी रोक-टोक के संचालित हो रहा है। स्थानीय स्तर पर मौके की जानकारी, सीमांकन, शिकायतें और राजस्व अभिलेख उपलब्ध होने के बाद भी कार्रवाई न होना कई सवाल खड़े करता है।

**सोशल मीडिया और प्रचार वाहनों से खुलेआम बिक्री–** और तो और, अवैध प्लाटिंग करने वाले लोग सोशल मीडिया, बैनर-पोस्टर, पंपलेट और प्रचार वाहनों के जरिए खुलेआम प्लाट खरीदने का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। लुभावने ऑफर, आसान किश्तें, सड़क-बिजली-पानी के झूठे वादे कर आम लोगों को आकर्षित किया जा रहा है। यह प्रचार सार्वजनिक रूप से होने के कारण यह साफ दर्शाता है कि तहसील प्रशासन इससे अनभिज्ञ नहीं हो सकता।

सूत्रों के अनुसार मौदहा कस्बे से जुड़ी सीमा के अतिरिक्त कम्हरिया रोड, राठ रोड, पिपरौंदा रोड, पढ़ोरी रोड, अरतरा रोड, स्टेशन रोड, डिग्री कॉलेज रोड, सिसौली पुरवा, नेशनल कॉलेज मार्ग सहित अन्य संपर्क मार्गों पर बड़े पैमाने पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। सड़कों के किनारे कृषि भूमि को समतल कर कॉलोनियों का स्वरूप दिया जा रहा है, जबकि न तो लेआउट स्वीकृत है और न ही भूमि उपयोग परिवर्तन की अनुमति ली गई है।

**कानून की खुली अवहेलना–** उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम, 1950 के अनुसार कृषि भूमि का गैर-कृषि उपयोग बिना अनुमति अवैध है। वहीं उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006, नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम एवं स्टांप अधिनियम के तहत बिना लैंड यूज परिवर्तन और बिना स्वीकृत नक्शे के प्लाटिंग दंडनीय अपराध है।

प्रावधानों के अनुसार-अवैध प्लाटिंग पर भूमि को मूल स्वरूप में बहाल किया जा सकता है।

दोषियों पर जुर्माना व अन्य दंडात्मक कार्रवाई हो सकती है।

अवैध रजिस्ट्रियों को निरस्त किया जा सकता है।

**शासन को भारी राजस्व हानि–** कृषि भूमि को कागजों में कृषि दर्शाकर कम मूल्य पर रजिस्ट्री की जा रही है, जबकि वास्तविक उपयोग आवासीय है। इससे स्टांप शुल्क व अन्य करों की चोरी हो रही है और शासन को करोड़ों रुपये की क्षति पहुंच रही है।

**आम जनता के लिए चेतावनी–** कानून विशेषज्ञों का कहना है कि अवैध प्लाट खरीदने वाले लोग भविष्य में गंभीर संकट में फंस सकते हैं। ऐसे प्लाटों पर न तो निर्माण की वैधानिक अनुमति मिलती है और न ही बुनियादी सुविधाओं की गारंटी होती है। कार्रवाई होने पर खरीदारों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। अब बड़ा सवाल यह है कि तहसील प्रशासन की जानकारी में चल रहे इस खुले प्रचार और अवैध प्लाटिंग पर कब सख्त कार्रवाई होगी और कब कानून का डर भूमाफियाओं पर लागू होगा। क्षेत्र की जनता प्रशासन से त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग कर रही है।

# मौदहा में भीषण अग्निकांड, तीन दुकानें आग की चपेट में





शॉर्ट सर्किट से लगी आग, दो दुकानें पूरी तरह खाक, 22 लाख से अधिक का नुकसान

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** मौदहा कस्बे के बड़ा चौराहा स्थित नवीन मार्केट में बीती रात भीषण अग्निकांड हो गया। शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने देखते ही देखते तीन दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें दो दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गईं। इस हादसे में करीब 22 लाख रुपये से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार उपरौस मोहल्ला निवासी मुहम्मद खालिक की किराना की दो दुकानें, जो सादिक ट्रेडर्स के नाम से संचालित हैं, रात में दुकानें बंद कर घर लौटने के बाद अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण आग की चपेट में आ गईं। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम, स्थानीय पुलिस तथा आसपास के दुकानदार मौके पर पहुंच गए। कड़ी मशक्कत और कई घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग की लपटों की चपेट में बगल में स्थित असद अब्बास उर्फ गुड्डू अंडेवाले की दुकान भी आ गई, जिससे उन्हें लगभग दो लाख रुपये का नुकसान हुआ। पीड़ित दुकानदार मुहम्मद खालिक के अनुसार उनकी दोनों किराना की दुकानें पूरी तरह जलकर नष्ट हो गईं, जिससे उन्हें करीब 20 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। राहत की बात यह रही कि पास में स्थित एक मेडिकल स्टोर को समय रहते खाली करा लिया गया, जिससे किसी बड़े हादसे से बचाव हो सका। फिलहाल स्थानीय पुलिस और प्रशासन आग लगने के कारणों की जांच में जुटे हैं। घटना के बाद से पीड़ित दुकानदार सदमे में हैं और प्रशासन से आग से हुए नुकसान की भरपाई की मांग कर रहे हैं।

# यूपीयूएमएस में नवनिर्मित सेंट्रल मॉलिक्यूलर लैब का हुआ शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



अनुसंधान एवं शोध के साथ सटीक इलाज का आधार बनेगी सेंट्रल मॉलिक्यूलर लैबः कुलपति

**सैफई, इटावा।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (यूपीयूएमएस), सैफई के मेडिकल कॉलेज परिसर में नवनिर्मित सेंट्रल मॉलिक्यूलर लैब का शुभारंभ माननीय कुलपति प्रोफेसर डॉ.अजय सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह अत्याधुनिक प्रयोगशाला अनुसंधान, शोध एवं सटीक चिकित्सा (Precision Medicine) की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगी। कुलपति प्रो.डॉ.अजय सिंह ने बताया कि सेंट्रल मॉलिक्यूलर लैब में महत्वपूर्ण संक्रामक रोग एवं कैंसर की जांच मॉलिक्यूलर स्तर पर डीएनए /आरएनए आधारित परीक्षण द्वारा की जाएगी। इससे बीमारियों के सूक्ष्मतम कारणों की पहचान संभव हो सकेगी जिससे प्रभावी उपचार का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि इन उन्नत जांचों से चिकित्सकों को सटीक निदान एवं व्यक्तिगत उपचार रणनीति चुनने में सहायता मिलेगी, जिससे रोगों को जड़ से पकड़कर उनका वैज्ञानिक और प्रभावी उपचार संभव हो पाएगा। इस अवसर पर माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि सेंट्रल मॉलिक्यूलर लैब मेडिकल छात्रों के लिए उच्चस्तरीय अनुसंधान एवं शोध का सशक्त माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि यह प्रयोगशाला पारंपरिक जांच विधियों की तुलना में अधिक संवेदनशील और तेज़ है। डॉ.वर्मा ने बताया कि इस लैब में रियल टाइम पीसीआर (PCR), जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा, जो संक्रामक रोगों, कैंसर विकारों के निदान में अत्यंत सहायक होंगी।

## टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता का आयोजन

**अनपरा/सोनभद्र।** हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर. पी. सिंह के दिशा-निर्देशन में तथा हिंडालको रेनुसागर के तत्वावधान में अन्तर्विभागीय स्पोर्ट्स मीट के अंतर्गत टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेड एचआर आशीष कुमार पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों में उत्साह और खेल भावना देखने को मिली। प्रतियोगिता का उद्देश्य कर्मचारियों के बीच आपसी समन्वय, टीम भावना एवं शारीरिक स्फूर्ति को बढ़ावा देना रहा। आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कालेज रेनुसागर के मैदान में आयोजित टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता प्रारम्भिक मैच सुरक्षा विभाग एवं सिविल विभाग के मध्य हुआ। टॉस जीतकर सुरक्षा विभाग ने प्राथमिक पाठशाला छोर से प्रारम्भ किया।

# परसदवा डेरा सड़क निर्माण को लेकर 6वें दिन भी जारी क्रमिक अनशन

जनप्रतिनिधियों व प्रशासन की उदासीनता पर उठे सवाल

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा हमीरपुर।** ग्राम परसदवा डेरा में सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों का क्रमिक अनशन छठे दिन भी जारी रहा। कड़ाके की ठंड और सर्द हवाओं के बावजूद ग्रामीण दिन-रात खुले आसमान के नीचे धरने पर बैठे हैं। बुजुर्गो, महिलाओं और युवाओं की लगातार मौजूदगी ने आंदोलन को और गंभीर बना दिया है, जबकि अब तक जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल सामने नहीं आई है।

अनशन स्थल पर पहुंचे बुंदेलखंड नव निर्माण सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट विनय तिवारी ने जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन की उदासीनता पर तीखा हमला करते हुए कहा कि हमीरपुर जिला राजस्व देने के मामले में प्रदेश में अग्रणी है, लेकिन विकास के पैमाने पर पीछे खड़ा नजर आता है। उन्होंने कहा कि भीषण ठंड में ग्रामीणों का खुले आसमान के नीचे बैठना व्यवस्था की असंवेदनशीलता को उजागर करता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा।

ग्रामीणों का कहना है कि अनशन में बुजुर्ग, महिलाएं और युवा सभी शामिल हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से न तो अलाव की समुचित व्यवस्था की गई है और न ही किसी अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर उनकी सुध ली है। इसके बावजूद ग्रामीण अपने मांगों को लेकर अडिग बने हुए हैं।

इस सड़क की मांग को लेकर पूर्व में भी राजनीतिक स्तर पर आवाज उठ चुकी है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वर्ष 2024 में फेसबुक के माध्यम से भाजपा सरकार को इस मुद्दे पर घेरा था, लेकिन जमीनी स्तर पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है।

गौरतलब है कि वर्ष 2024 में इसी मांग को लेकर बुंदेलखंड नव निर्माण सेना भारत के बैनर तले पांच दिन का क्रमिक अनशन और दो दिन का आमरण अनशन किया गया था। उस दौरान उपजिलाधिकारी मौदहा के आश्वासन पर आंदोलन समाप्त किया गया था, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि वह आश्वासन आज तक पूरा नहीं हुआ।

वर्तमान में यह आंदोलन संगठन के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र निषाद के नेतृत्व में शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ग्रामीणों का सवाल है कि जब कड़ाके की ठंड में भी जनता सड़क निर्माण की मांग को लेकर आंदोलनरत है, तो शासन-प्रशासन आखिर कब जागेगा?

# स्वैच्छिक रक्तदान देश व समाज के लिए बेहद जरूरी : अरुण कुमार मिश्र

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** कचहरी परिसर स्थित सोनभद्र बार एसोसिएशन प्रांगण में शुक्रवार को सोनभद्र बार एसोसिएशन एवं उत्सव ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में स्वैक्षिक रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में 19 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्षता कर रहे उत्सव ट्रस्ट के संरक्षक स्वामी अरविंद सिंह के साथ मुख्य अतिथि सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्र एडवोकेट, विशिष्ट अतिथि महामंत्री अखिलेश कुमार पाण्डेय एडवोकेट, बार के पूर्व अध्यक्ष, महामंत्री आदि पदाधिकारीयों, सोनभद्र बार एसोसिएशन निर्वाचन सत्र 2026 - 27 के समस्त प्रत्याशियों सहित उपस्थित विद्वान अधिवक्ताओं, गणमान्य व्यक्तियों के साथ उत्सव ट्रस्ट रक्तदान विभाग के निदेशक डॉ अजय कुमार शर्मा, सह निदेशक कुंदन कुमार सिंह, विशेष दुबे, पंकज कनोडिया, ट्रस्टी आशीष कुमार पाठक आदि ने सर्व प्रथम सोनभद्र बार एसोसिएशन के प्रांगण में प्रतिष्ठित डॉ राजेंद्र प्रसाद जी की मूर्ति पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पण कर तत्पश्चात् मुख्य अतिथि द्वारा फीता काट कर सोनभद्र बार एसोसिएशन के अधिवक्ता विजय प्रकाश मालवीय एवं उत्सव ट्रस्ट के सह निदेशक अनिल कुमार शर्मा द्वारा सर्व प्रथम रक्तदान कर किया गया। पहली बार रक्तदान करने वालों में श्रवण कुमार (मक्खन चाय वाले), आयुष केशरी एडवोकेट, किशन मेहता एडवोकेट के साथ अनिल कुमार शर्मा, विजय प्रकाश मालवीय एडवोकेट, विशेष दुबे सह निदेशक उत्सव ट्रस्ट, द्वारिका एडवोकेट, संजय कुमार पाण्डेय एडवोकेट, आसमा रब्बानी एडवोकेट, ललित सक्सेना एडवोकेट, शोभित श्रीवास्तव एडवोकेट, अमन तिवारी एडवोकेट, राजीव कुमार सिंह गौतम एडवोकेट, धनंजय शुक्ला एडवोकेट, कुशकान्त मौर्य एडवोकेट, कपिल कुमार एडवोकेट, उत्कर्ष दीक्षित एडवोकेट, अम्ब्रिश कुमार पाठक न्यायिक कर्मचारी जनपद न्यायालय सोनभद्र ने रक्तदान किया। श्याम किशोर मिश्रा एडवोकेट, राधेश्याम एडवोकेट, शालिनी चतुर्वेदी एडवोकेट एवं बृजेश पाण्डेय एडवोकेट ने रजिस्ट्रेशन कराया था, लेकिन 23 रजिस्ट्रेशन में एक महिला अधिवक्ता आसमा रब्बानी सहित कुल 19 लोगों ने ही रक्तदान किया।

# एनटीपीसी सिंगरौली में ग्रामीण बेटियाँ बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल



**सोनभद्र/शक्तिनगर (अवधनाामा संवाददाता)** एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर में शीतकालीन बालिका सशक्तीकरण मिशन (GàßM) 2025-26 की साप्ताहिक पुनश्चर्या कार्यशाला का समापन समारोह दिनांक 10 जनवरी 2026 को गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समापन अवसर पर बालिकाओं ने प्रशिक्षण अवधि में अर्जित कौशलों का प्रेरक और प्रभावशाली प्रदर्शन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता एवं कुरीतियों के विरोध जैसे विषयों पर आधारित नृत्य, गीत प्रस्तुतियों ने उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति में आत्मविश्वास, अनुशासन और मंच-प्रबंधन की झलक स्पष्ट दिखाई दी। समारोह के मुख्य अतिथि संदीप नायक, माननीय परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक ने बालिकाओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि बालिका सशक्तीकरण अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की सशक्त यात्रा है, जो बेटियों को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी एवं सक्षम नागरिक बनाने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। इस पुनश्चर्या कार्यशाला के अंतर्गत बालिकाओं के समग्र व्यक्तित्व विकास हेतु विविध गतिविधियाँ संचालित की गईं। उन्हें आत्मरक्षा, पेंटिंग, स्केचिंग, कला-कौशल, गणित, भूगोल, सॉफ्ट स्किल्स, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, कंप्यूटर प्रशिक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण मॉड्यूल बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया था। उल्लेखनीय है कि चयनित बालिकाएँ एनटीपीसी परिसर स्थित विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रही हैं।

# बाद विवाद प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता

**अवधनामा संवाददाता**



**हरदोई।** राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानंद जयंती) के अवसर पर बाद विवाद प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता तथा रैली एवं विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन राजकीय इंटर कालेज व राजकीय बालिका इंटर कालेज हरदोई में किया गया।

दिनांक 10/01/2026 को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ, के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के अध्यक्ष /माननीय जनपद न्यायाधीश श्रीमती रीता कौशिक के दिशा-निर्देश व अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई श्री भूपेंद्र प्रताप के निर्देशानुसार राजकीय इंटर कालेज व राजकीय बालिका इंटर कालेज हरदोई में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर में अशोक कुमार व शिवम कश्यप तथा दिनेश कुमार द्वारा बताया गया कि स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है जो युवाओं को प्रेरित करने और एक स्वस्थ एवं लचीले समाज के निर्माण में उनकी भूमिका को सुदृढ़ करने के लिए समर्पित है शिविर में छात्रों को वाद विवाद, निबन्ध प्रतियोगिता तथा रैली का आयोजन किया गया। जिसमे निबन्ध प्रतियोगिता में पहला स्थान उत्कर्ष अवस्थी, व द्वितीय स्थान अद्रतिया कुशवाहा तथा तीसरा स्थान शिवम पाल तथा वाद विवाद प्रतियोगिता में सोनू यादव व द्वितीय स्थान अद्रतिय कुशवाहा तथा राम सुनीत कुशवाहा द्वारा स्थान प्राप्त किया गया।प्रतियोगिता प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारी की गई। और कक्षा में अच्छी संगत के सहपाठी और उज्जवल भविष्य के लिए दृढ़ संकल्प होकर युवा शक्ति को बढ़ाने के बारे में जानकारी दी और संस्थान में वाद - विवाद प्रतियोगिता, मैराथन प्रतियोगिता तथा रैली के आयोजन में छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया। शिविर में राजकीय इंटर कालेज की ओर से श्याम नारायण यादव, अंजली सिंह ममता राणा पर्ताक्षी मिश्रा, स्वांति चंदेल, अजय कुमार शुक्ला तथा राजकीय बालिका इंटर कालेज की ओर से प्रधानाचार्या सुमन देवी, प्रिया पाण्डेय, स्मिता प्रतियूषा सिंह व अधिक संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**वहाज अली निहाल**

अलाव जलते न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की





**इटावा।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उ0प्र0 धर्मवीर प्रजापति प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम पंचनद स्टोर से समूह की दीदियों द्वारा मंत्री जी को भेंट दी गई एवं स्वामी विवेकानंद योजना के छात्रों को लैपटॉप वितरित किए गए। बैठक में सर्वप्रथम पुलिस विभाग की समीक्षा की गई, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि गैंगस्टर एक्ट भूमाफिया की कुर्की की गई। अवैधशस्त्र में अपराधी पकड़े गए एवं 254 गुंडा एक्ट पर कार्यवाही की गई। 215 अभियुक्तों को अवैध शराब पर गिरफ्तार किया गया तथा वाहन चोरी में 75 वाहन बरामद किए गए। साइबर अपराध में 202 खोए हुए मोबाइल बरामद किए गए। ऑपरेशन मुस्कान में 341 बालिकाओं/महिलाओं को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में इटावा प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि किसानों को अनावश्यक उर्वरक न दिया जाए। किसान सम्मान निधि में उन्होंने कहा कि जिले पर एक स्थाई व्यक्ति बैठाया जाए जिससे किसानों को भटकना न पड़े एवं हेल्पलाइन नं.जारी किया जाए एवं इसका प्रचार-प्रसार भी कराया जाए जिससे किसान जागरूक हो सकें। मंत्री जी ने कहा कि एक्सपायरी दवा अगर दी गई है तो उसकी जांच कराकर उस पर कठोर कार्यवाही की जाए। एन0आर0सी0पर बच्चों को रेगुलर भर्ती कराया जाए। समाजसेवी लोगों को चिन्हित कर गौशालाओं पर भूसा को बढ़ाया जाए एवं हरा चारा, चौकर आदि की व्यवस्था की जाए। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने कहा कि पी0एम0श्री प्राथमिक विद्यालय की जगह चिन्हित कर बेहतर बनवाया जाए। मंत्री जी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि टैबलेट वितरण का भव्य कार्यक्रम किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी पेंशनों की योजना से कोई भी पात्र व्यक्ति छूटने न पाए। दिव्यांग या विधवा का कोई भी व्यक्ति छूटने ना पाए। सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला, शादी अनुदान, जलजीवन मिशन, राशन कार्ड आदि सभी योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को अवश्य दिया जाए। उन्होंने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्र में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति दी जाए। शहर में ट्रांसफार्मर खराब होने पर 24 घंटे में ट्रांसफार्मर बदले जाएं। छापेमारी, बिल ज्यादा बनकर देना आदि पर सुधार किया जाए एवं तहसील में जाकर ऐसी समस्याओं का समाधान वहीं पर कराया जाए। मंत्री जी ने विद्युत विभाग पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बताया कि चकरनगर क्षेत्र में ट्रांसफार्मर नहीं बदला जाता है, एक महीने से ट्रांसफार्मर खराब है इसको तत्काल ठीक कराया जाए। मंत्री जी ने पी0डब्लू0डी0 की समीक्षा करते हुए कहा कि जितनी भी सड़के बनाई गई हैं उनकी कॉपी भिजवाई जाए। विश्वकर्मा सम्मान योजना, पी0एम0 स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री योजना शहरी आदि योजनाओं से लोगों को आच्छादित किया जाए। राजस्व विभाग की समीक्षा में उन्होंने कहा कि शिकायत कर्ता से बात कर निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि पिलुआ मंदिर, कालीबांह मंदिर एवं अन्य सभी मंदिरों के बाहर बैठे गरीब व्यक्तियों को कंबल वितरण किए जाएं। रैन बसेरे एवं अलाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद संतोष कुमार मिश्र पर अलाव जलते न पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि मंडी में कम से कम 4-5 जगह, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, शास्त्री चौराहा, जिला अस्पताल एवं अन्य जगहों पर अलाव जलाया जाए। उन्होंने कहा कि मंडी के बाहर गेट पर अंधेरा है वहां पर प्रकाश की व्यवस्था की जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सदर विधायक श्रीमती सरिता भदौरिया जी ने कहा कि एम्बुलेंस एवं एडमिट रजिस्टर व डिस्चार्ज रजिस्टर का परीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा की जमीन को खाली कराया जाए और वहां खेल का मैदान बनाया जाए। यमुना जी के किनारे वाले गांव में फिल्टर चैम्बर बनाए गए एवं गौशाला में वर्मी कम्पोस्ट बनवाए गए। शहर में अभियान चलाया जाए गायों को सुरक्षित गौशालाओं में भिजवाया जाए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी महोदय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त बैठक के दौरान विधायक सदर श्रीमती सरिता भदौरिया, जिलाध्यक्ष बी0जे0पी0 अन्नू गुप्ता, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0बृजेन्द्र कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चन्द्र, उप कृषि निदेशक आर0एन0 सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व हिन्दी दिवस पर राजभाषा कार्यान्वयन एवं प्रश्न-मंच प्रतियोगिता का आयोजन

**सोनभद्र/सिंगरौली (अवधनामा संवाददाता)** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के मुख्यालय स्थित सीईटीआई/एमडीआई भवन में शनिवार को विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर राजभाषा विभाग के तत्वाधान में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान राजभाषा कार्यान्वयन एवं प्रश्न-मंच प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार को सुदृढ़ करना तथा कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर मनोज कुमार सिंह, महाप्रबंधक (आईडी), पी. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (मानव संसाधन/ अधिकारी स्थापना), राकेश कुमार, महाप्रबंधक (पर्यावरण), राजेन मेक, महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) एवं समीर बारला, महाप्रबंधक (मानव संसाधन /राजभाषा) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए अतिथियों ने विश्व हिन्दी दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि हिन्दी न केवल हमारी राजभाषा है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक पहचान और प्रशासनिक कार्यों का एक सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने सभी कर्मियों से दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करने का आह्वान किया। समारोह के दौरान एक रोचक प्रश्न-मंच प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों की राजभाषा संबंधी जानकारी, कार्यालयीन हिन्दी शब्दावली एवं सरकारी नियमों से संबंधित ज्ञान का परीक्षण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों और दर्शकों में विशेष उत्साह और सकारात्मक वातावरण देखने को मिला।



# विकास योजनाओं की प्रगति में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो: ए.के. शर्मा

- ठंड को देखते हुए रैन बसेरों में सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री तथा जनपद जौनपुर के प्रभारी मंत्री ए.के. शर्मा ने पुलिस लाइन सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक की। बैठक का उद्देश्य जनपद में संचालित विकासपरक योजनाओं की समीक्षा करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की सभी विकास योजनाएं आम जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए हैं, इसलिए इनके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं की नियमित समीक्षा करें, समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण कराएं तथा पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पहुंचाना सुनिश्चित करें।

ठंड एवं शीतलहर को देखते हुए मंत्री शर्मा ने विशेष रूप से रैन बसेरों की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद के सभी रैन बसेरों में साफ-सफाई, पर्याप्त कंबल, प्रकाश, पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि खुले में कोई भी व्यक्ति न सोए, इसके लिए नगर निकायों, पुलिस एवं संबंधित विभागों के बीच समन्वय बनाकर निरंतर अभियान चलाया जाए। उन्होंने सभी निकायों में पर्याप्त आलाव जलाने का निर्देश दिया। प्रभारी मंत्री ने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए और शासन को भेजे जाने वाले प्रस्ताव गुणवत्ता पूर्ण हों। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फील्ड में जाकर कार्यों की वास्तविक स्थिति देखें और जनता से सीधे संवाद स्थापित करें।

बैठक के अंत में प्रभारी मंत्री ए.के. शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जनपद के विकास को नई गति देंगे और शासन की योजनाओं को सफल बनाएंगे।

बैठक के दौरान राज्य सभा सदस्य श्रीमती सीमा द्विवेदी,खेल राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव,विधायक शाहगंज रमेश सिंह,सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह प्रिंसू, जिलाधिकारी दिनेश चंद्र, पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ एवं अन्य संबंधित अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# दानिश आज़ाद अंसारी के नेतृत्व में हज 2026 प्रतिनिधिमंडल रवाना

- हज 2026: यात्रियों की सुविधाओं पर फैसला करेगा विशेष प्रतिनिधिमंडल
- एक सप्ताह सऊदी में रहेगा हज 2026 का भारतीय प्रतिनिधिमंडल

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने हज 2026 में सऊदी अरब में हज यात्रियों की विभिन्न व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री व उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के चेयरमैन दानिश आजाद अंसारी की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल गठित किया है। प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब जाकर हज यात्रा के दौरान हाजियों की विभिन्न व्यवस्थाओं से संबंधित जरूरी निर्णय लेगा। उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल शनिवार को नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से सऊदी अरब के लिए रवाना हुआ। प्रतिनिधिमंडल में श्री अंसारी के साथ दिल्ली राज्य हज समिति के कार्यपालक अधिकारी, बिहार हज समिति के कार्यपालक अधिकारी और हज कमेटी ऑफ इंडिया के उपकार्यपालक अधिकारी भी सऊदी अरब के लिए रवाना हुए। प्रतिनिधिमंडल एक सप्ताह तक सऊदी अरब में रह कर हज 2026 के लिए हज यात्रियों की विभिन्न व्यवस्थाओं का चयन सुनिश्चित करेगा, जिससे हज यात्रा के दौरान हज यात्रियों को बेहतर आवास और अच्छी सहूलियत मिल सकें और सुविधाजनक तरीके से हज यात्रियों का हज हो सके।

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश ने भारत का पहला एआई हेल्थकेयर हैकाथॉन किया आयोजित

अवधनामा ब्यूरो



**उन्नाव/लखनऊ।** भारत की पहली एआई-ऑगमेंटेड मल्टीडिसिप्लिनरी यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश ने उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से अपनी तरह के पहले एआई कन्वर्जेंस समिट 2026 का आयोजन किया। एआई कन्वर्जेंस समिट 2026, भारत सरकार द्वारा 19 और 20 फरवरी को नई दिल्ली में आयोजित की जा रही आगामी इंडिया एआई इम्पैक्ट ग्लोबल समिट 2026 के आधिकारिक प्री-रनअप इवेंट्स में से एक है। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित इस एआई कन्वर्जेंस समिट 2026 में भारत सहित अमेरिका, डेनमार्क, जर्मनी और यूनाइटेड किंगडम के एआई और टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स, पॉलिसीमेकर्स, ग्लोबल इंडस्ट्री लीडर्स, रिसर्चर्स, स्टार्ट-अप्स, वेंचर कैपिटलिस्ट्स, इन्वेस्टर्स और शिक्षाविदों ने एक मंच पर एकत्र होकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे उभरते क्षेत्रों में भारत और उसके नागरिकों के लिए अवसरों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। एआई कन्वर्जेंस समिट 2026 के तहत, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश भारत का पहला एआई हेल्थकेयर हैकाथॉन भी आयोजित कर रही है, क्योंकि भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य को 'हेल्थ एंड एआई' की राष्ट्रीय थीम सौंपी गई है। एआई कन्वर्जेंस समिट 2026 में अमेरिका, डेनमार्क, जर्मनी, भारत और यूके से आए 70 से अधिक एआई एक्सपर्ट्स, रिसर्चर्स, हेल्थकेयर एक्सपर्ट्स, स्टार्ट-अप लीडर्स, सीईओ, फाउंडर्स, अकादमिक विशेषज्ञ, सरकारी एजेंसियों के प्रतिनिधि और इनोवेटर्स ने सहभागिता की। देशभर से 1,500 टीमों के 5,000 से अधिक युवा प्रतिभागी एआई हेल्थकेयर हैकाथॉन में हिस्सा ले रहे हैं, जहां युवा टेक्नोक्रेट्स और इंजीनियर्स द्वारा टेक्नोलॉजी-ड्रिवन एआई सॉल्यूशंस पर काम किया जा रहा है। हेल्थकेयर क्षेत्र से जुड़े 100 से अधिक प्रॉब्लम स्टेटमेंट्स सरकार और इंडस्ट्री द्वारा प्रस्तुत किए गए हैं, जिन पर एआई-ऑगमेंटेड समाधान हैकाथॉन के दौरान विकसित और चर्चा के माध्यम से तैयार किए जा रहे हैं। इस समिट में भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, उत्तर प्रदेश सरकार, एमईआईटीवाय स्टार्ट-अप हब, इंडिया एआई और डिजिटल इंडिया की सक्रिय सहभागिता और सहयोग रहा, जो इस आयोजन को मजबूत संस्थागत और पॉलिसी समर्थन प्रदान करता है।

## बेरोजगारी भत्ता अब वास्तविक कानूनी अधिकार

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एवं जनपद जौनपुर के प्रभारी मंत्री ए.के. शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) कृ विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम के संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने इस नए अधिनियम को ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि इससे ग्रामीण श्रमिकों, किसानों और मेहनतकश वर्ग के जीवन में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन आएगा। प्रेस वार्ता में मंत्री ए.के. शर्मा ने बताया कि इस अधिनियम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। यह निर्णय ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने, पलायन रोकने और स्थायी आजीविका उपलब्ध कराने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि यह सरकार की ग्रामीण समाज के प्रति संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मंत्री शर्मा ने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि बेरोजगारी भत्ता अब एक वास्तविक और प्रभावी कानूनी अधिकार बन गया है।

# मनरेगा में बदलाव मजदूर विरोधी : कांग्रेस

- मनरेगा बचाओ संग्राम शुरू करेगी कांग्रेस
- भाजपा मनरेगा को कानून से योजना बनाना चाहती है: कांग्रेस
- ग्रामीण रोजगार पर हमला बर्दाश्त नहीं: रुद्रदमन सिंह

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष रुद्रदमन सिंह बब्लू ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा कांग्रेस शासनकाल की एक सरकारी योजना नहीं बल्कि ग्रामीण भारत के करोड़ों गरीब परिवारों की जीवनरेखा है। यह योजना भूख, बेरोजगारी और पलायन के खिलाफ एक मजबूत सुरक्षा कवच है। भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद योजना में एक नया बदलाव कर अधिनियम मनरेगा को पूरी तरह खत्म करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस भाजपा सरकार को इस मजदूर विरोधी बदलाव को न करने देने के लिए प्रतिबद्ध है। रुद्रदमन सिंह बब्लू शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। वार्ता में प्रदेश कांग्रेस कमेटी वार रूम के प्रभारी संजय दीक्षित और स्टेट वार रूम के जोनल हेड राघवेन्द्र उपाध्याय भी मौजूद थे। पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस वार रूम प्रभारी संजय दीक्षित ने कहा कि ग्रामीण आजीविकाओं पर इस हमले की गंभीरता देखते हुए कांग्रेस कार्यसमिति ने पिछले दिनों 27 दिसम्बर को हुई बैठक में सर्वसम्मति से मनरेगा बचाओ संग्राम नाम से राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया है। मनरेगा एक अधिकार-आधारित कानून है जो हर ग्रामीण परिवार को मजदूरी रोजगार की मांग करने का वैधानिक अधिकार देता है, जिसे भाजपा खत्म कर मात्र एक योजना में समाहित करना चाहती है। कानून के तहत राज्य सरकार 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध कराने को बाध्य है नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देय होता है। यही वैधानिक गारंटी मनरेगा की मूल और परिभाषित विशेषता है।

## जनाबे सकीना की विलादत पर सजी महफिल

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की मासूम बेटी जनाबे सकीना (स.अ.) की विलादत के सिलसिले में कर्बला अजमतुतदौला मेहदीगंज में एक महफिल का आयोजन किया गया। महफिल का आगाज कारी मोहम्मद जव्वाद ल तिलावते कुराने पाक से व संचालन हसन आबिद ने किया। महफिल को खिताब करते हुए मौलाना रजा हुसैन ने शहजादी सकीना (स.अ.) की अजमत बयान की। इसके बाद शायर अंजुम गदीरी, मुज़म्मिल अब्बास,अब्बास अली दानिश, इजहार हुसैन, कम्बर नक़वी, सरवर दबीरी, अयान रिज़वी, कासिम रज़ा, फुरकान हुसैन, फरमान लखनवी, फरमान अब्बास और कामिल रिज़वी ने अपने कलाम पेश किये। अंत में मौलाना फिरोज अब्बास नकवी ने जनाबे सकीना (स.अ) की फजीलत को बयान किया।

## आरडीएसओ राजकोट में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन 2026 में करेगा भागीदारी

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** आरडीएसओ वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन 2026 में भाग लेरहाहै, जो 11 से 15 जनवरी 2026 तक मारवाड़ी विश्वविद्यालय, राजकोट (गुजरात) में आयोजित कीजारही है। यह आयोजन गुजरात सरकार की प्रमुख वाइब्रेंट गुजरात पहल के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में औद्योगिक विकास, नवाचार, प्रौद्योगिकी अपनाने तथा निवेश के अवसरों को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के दौरान आरडीएसओ के अधिकारी एवं कर्मचारी उद्योग प्रतिनिधियों, शैक्षणिक संस्थानों तथा प्रौद्योगिकी भागीदारों के साथ संवाद करेंगे, ताकि सहयोग के अवसरों की तलाश की जा सके, ज्ञान का आदान-प्रदान हो सके तथा रेलवे अवसंरचना, रोलिंगस्टॉक, सिग्नलिंग, दूरसंचार, पुल, ट्रैक एवं संबद्ध क्षेत्रों से जुड़े उभरते रुझानों पर चर्चा की जा सके। अपने पवेलियन के माध्यम से आरडीएसओ रेलवे सुरक्षा, दक्षता, सततता एवं यात्री सुविधा में योगदान देने वाली अपनी अनुसंधान क्षमताओं, तकनीकी नवाचारों, मानकों तथा हाल की पहलों का भी प्रदर्शन कर रहा है। आरडीएसओ की यह भागीदारी मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत जैसी राष्ट्रीय पहलों के समर्थन में भारतीय रेल की सक्रिय भूमिका को रेखांकित करती है तथा उद्योग के साथ साझेदारी को सुदृढ़ करते हुए नवाचार-आधारित विकास को बढ़ावा देती है।

## 1325 ग्राम पंचायतों में चौपालों का आयोजन'

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या -गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है, और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। डबल इन्जन सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे।

# जनाबे सकीना के जन्मदिन पर दो दिवसीय प्रदर्शनी

- महिलाओं-बच्चों की प्रतिभा को मिला मंच
- बारगाहे सकीना में प्रतिभा प्रदर्शनी का आयोजन
- सकीना के जश्न में हुनर का सम्मान

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** नवासए रसूल हजरत इमाम हुसैन की तीन साल की मासूम बेटी जनाबे सकीना के जन्मदिन की खुशी में सआदतगंज के रुस्तम नगर स्थित अजाखाना बारगाहे सकीना में दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का मकसद महिलाओं और बच्चों में छिपी प्रतिभा को सामने लाकर पहचान दिलाना और आगे बढ़ाना था। प्रदर्शनी में डॉ. कल्बे सिब्तैन नूरी और कुलसूम जफर अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने प्रदर्शनी में स्टॉल लगाने वाली महिलाओं और बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रदर्शनी की आयोजक व अजाखाने की संस्थापक तय्यबा बेगम ने महिलाओं से आगे बढ़ कर भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाली सभी स्टॉल धारक महिलाओं को अजाखाने की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रेस छायाकार नजमुल हसन, अस्करी जैदी, फैजी सहित अन्य अतिथियों और समाजसेवियों ने सैयद तय्यबा बेगम के कामों की सराहना की। अतिथियों ने कहा कि वे सालों से समाज सेवा और महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में लगातार काम कर रही हैं। उन्होंने विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से अनेक जरूरतमंद लोगों के मोतियाबिंद ऑपरेशन भी कराए। तय्यबा बेगम ने अतिथियों का आभार जताया।

# मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा का आधार-स्तंभ है: डॉ. राजेश्वर

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने शनिवार को सुल्तानपुर रोड, गोसाईगंज स्थित स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस) में आयोजित प्रिंसिपल्स कॉनक्लेव 2026 में भागीदारी की। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन का मुख्य विषय था छात्रों एवं शिक्षकों का मानसिक स्वास्थ्य एवं सुख-समृद्धि एक सहायक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कॉनक्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा का वैकल्पिक हिस्सा नहीं, अपितु सतत एवं प्रभावी शिक्षा का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व की सबसे बड़ी शिक्षा व्यवस्था संचालित कर रहा है, जिसमें स्कूली शिक्षा में 24.8 करोड़ छात्र, 14.72 लाख स्कूल और 98 लाख शिक्षक शामिल हैं, जबकि उच्च शिक्षा में 4.33 करोड़ छात्र 40,000+ संस्थानों में पढ़ रहे हैं। स्वतंत्रता के समय मात्र 10 प्रतिशत से बढ़कर आज लगभग 80 प्रतिशत साक्षरता दर प्राप्त करने में शिक्षकों, प्रिंसिपलों और संस्थानों की समर्पित भूमिका सराहनीय है।

इस विस्तार के साथ ही 82 प्रतिशत हाइब्रिड लर्निंग अपनाने, 10.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर के एडटेक बाजार, शिक्षा पर जीडीपी का 96.5 प्रतिशत निवेश और एआई-डिजिटल टूल्स के तेजी से एकीकरण के बावजूद, मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियां बढ़ी हैं। WHO इंडिया, NCERT मानसिक स्वास्थ्य सर्वे, द लैंसेट साइकेट्री तथा NICEF इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, 5 में से 3 छात्र चिंता से ग्रस्त हैं, लगभग 70 प्रतिशत छात्र अकादमिक तनाव का सामना कर रहे हैं और 50 प्रतिशत से अधिक में अवसाद के शुरुआती लक्षण दिखाई दे रहे हैं। शिक्षकों में भी 1 में से 4 साप्ताहिक सेल्फ-केयर नहीं कर पाते और 55 प्रतिशत कार्य-संबंधित तनाव से प्रभावित हैं, जिससे बर्नआउट और असंतुष्टि बढ़ रही है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने प्रिंसिपलों की निर्णायक भूमिका पर बल देते हुए कहा कि शिक्षक कक्षा-कक्ष को आकार देते हैं, जबकि प्रिंसिपल पूरे संस्थान की मानवीय, संतुलित एवं सहायक पारिस्थितिकी तैयार करते हैं। उन्होंने वेलनेस कैलेंडर, प्रशिक्षित काउंसलर तथा सुरक्षित संवाद प्लेटफॉर्म को शिक्षा की अनिवार्य आवश्यकताएं बताईं।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने एसएमएस कॉलेज लखनऊ की पूरी टीम को इस सार्थक आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी तथा आनंद के. सिन्हा (सचिव, AKWL), ए.के. माथुर, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डॉ. आशीष भटनागर, डॉ. बी.आर. सिंह, डॉ. जगदीश सिंह, डॉ. वी.बी. सिंह, सुरेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. पी.के. सिंह, राहुल अवस्थी, आदित्य प्रताप सिंह सहित सभी विशिष्ट अतिथियों को आभार व्यक्त किया।

# राजधानी में खुला द आर्गेनिक डिलाइट का पहला आउटलेट

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ का दिल कहे जाने वाले हजरतगंज स्थित एचपीसीएल के पेट्रोल पर द आर्गेनिक डिलाइट के पहले आउटलेट का उद्घाटन आईपीएस अनीस अंसारी ने किया। इस मौके पर अनीस अंसारी ने कहा कि आज कल लोग खानपान में फास्टफूड को सबसे ज्यादा पसंद करते हैं। जबकि फास्ट फूड ही लोगों को गम्भीर बीमारियों की चपेट में ला रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को आर्गेनिक फूड को अपने खानपान में शामिल करना चाहिए। जिससे उनका स्वास्थ्य भी अच्छा रहे। अनीस अंसारी ने कहा कि ऑर्गेनिक फूड में रासायनिक कीटनाशकों, उर्वरकों, आनुवंशिक रूप से संशोधित जीवों और सिंथेटिक हार्मोन/एंटीबायोटिक्स का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। बल्कि प्राकृतिक तरीकों, जैविक खाद और मिट्टी के स्वास्थ्य पर ध्यान दिया जाता है, जिससे यह पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए बेहतर होता है। आउटलेट के उद्घाटन में लोगों में काफी उत्साह देखने का मिला। समारोह में मौजूद एचपीसीएल के चीफ रीजनल मैनेजर विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पेट्रोल पम्प पर आने वाले लोगों को रिफ्रेशमेंट के लिए इस तरह के आउट लेट खोले जा रहे है। लखनऊ डिवीजन में अब तक 12 आउटलेट खुल चुके हैं। जो हैप्पी शॉप के नाम से है। द आर्गेनिक डिलाइट के नाम से यह पहला आउटलेट है। शहर में द आर्गेनिक डिलाइट के तीन से चार आउटलेट अभी और खोले जाएंगे। विवेक ने बताया कि हाइवे पर इस तरह के आउट लेट खोले जा रहे हैं जिससे पेट्रोल पम्प पर आने वाले लोगों रिफ्रेशमेंट मिल सके। लोगों को शिकायत रहती थी कि पेट्रोल पम्प पर खाने पीने की अच्छी सुविधा नहीं मिलती है।

# कुंडों का पर्व कल

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** शियों के छठे इमाम हजरत इमाम जाफर सादिक अलैहिस्सलाम के नाम से होने वाले कूंडों का पर्व 12 जनवरी सोमवार को बड़ी खुशी व अकीदत के साथ मनाया जायेगा। जिसकी तैयारियां जोरों से चल रही हैं। इस विशेष मौके पर घरों में तरह-तरह के पकवान बनाये जायेंगे तथा बाजार से विभिन्न प्रकार की मिठाईयां खरीदकर, विशेषकर मीठी टिकयों पर सुबह की नमाज के बाद घरों में हजरत इमाम जाफर सादिक अलैहिस्सलाम की नज्र दी जायेगी। इसके बाद से ही लोग अपने रिश्तेदारों और अजीजों के घर जाकर नज्र चखेगें। यह सिलसिला देर रात तक जारी रहेगा। इस खुशी के मौके पर पुराने लखनऊ के हसनपुरिया, कश्मीरी मोहल्ला, मौला नगरी, मंसूर नगर, मैदान एलएचखां, दरगाह रोड, नजफ, रूस्तम नगर, मुफ्तीगंज, हुसैनाबाद, मुसाहबगंज, नूरबाड़ी, काजमैन, शीशमहल, वजीरगंज, जनाब वाली गली, शाहगंज, शेरदरवाजा,टापे वाली गली और तोपदरवाजा आदि में विशेष तैयारियां चल रही हैं। वहीं लोग अपने बच्चों के त्योहार में पहने के लिए कपड़ों की खरीदारियों में जुट गये हैं।

इस्लामी माह रजब की बाईस तारीख को आयोजित होने वाली इस नज्र में मुख्य रूप से मीठी टिकयों पर नज्र होती है जिसे महिलाएं घरों में मैदा, सूजी, दूध, मेवे, जाफरान और चीनी आदि से तैयार करती हैं। टिकयां बनाने का सिलसिला कल रविवार की शाम से घरों में शुरू होगा जो सोमवार की सुबह तक जारी रहेगा। लोग देररात तक जागकर नज्र करने के इंतजमा में लगे रहेगें। टिकयों को बनाने के लिए हलवायी भी तैयारियों में जुट गये हैं। रविवार को अपनी दुकाने टिकयों और मिठाईयों से सजायेगें। इस नज्र में खास बात यह है कि लोग बाजारों से खासकर बनाये गये मिट्टी के कूंडें खरीद कर उसमें टिकयां रख कर नज्र देते हैं। कूंडों की दुकाने पुराने शहर के दरगाह हजरत अब्बास अलैहिस्सलाम रोड, काजमैन, पुल गुलाम हुसैन, हुसैनाबाद और बजाजा आदि इलाकों में सज गयी हैं। लोगों ने कूंडों की खरीदारियां शुरू कर दी हैं।

# ग्रीन गोल्ड एनिमेशन ने फैबर-कैसल इंडिया के साथ की ऐतिहासिक साझेदारी

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** भारत की अग्रणी एनिमेशन और कैरेक्टर एंटरटेनमेंट कंपनी ग्रीन गोल्ड एनिमेशन ने आज फैबर-कैसल इंडिया के साथ एक अहम लाइसेंसिंग साझेदारी की घोषणा की। यह फैबर-कैसल की पहली लाइसेंस्ड कैरेक्टर कोलैबोरेशन है, जिसके तहत भारत के सबसे लोकप्रिय एनिमेटेड किरदार छोटा भीम को खासतौर पर तैयार की गई स्टूडेंट आर्ट और क्रिएटिव प्रोडक्ट्स की रेंज में पेश किया जाएगा। यह साझेदारी रचनात्मकता, सीखने और एक बेहद पसंद किए जाने वाले भारतीय किरदार को एक साथ लाती है। यह सहयोग ग्रीन गोल्ड एनिमेशन की उस रणनीति का अहम हिस्सा है, जिसके तहत छोटा भीम की मौजूदगी को स्क्रीन से आगे बढ़ाकर रोज़मर्रा की ज़िंदगी से जोड़ा जा रहा है। इससे छोटा भीम की पहचान एक मज़बूत और पीढ़ियों से जुड़ी भारतीय बौद्धिक संपदा के रूप में और मजबूत होती है। साझेदारी के पहले चरण में फैबर-कैसल इंडिया छोटा भीम थीम वाले कई स्टूडेंट आर्ट प्रोडक्ट्स लॉन्च करेगा, जिनमें वॉटरकलर केक, वैक्स क्रेयॉन्स, पोस्टर कलर्स, स्केच पेन, ऑयल पेस्टल्स और खास तौर पर डिज़ाइन किए गए क्रिएटिव बंडलिंग किट्स शामिल हैं। इस रेंज का उद्देश्य बच्चों की कल्पनाशक्ति और कलात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना है, साथ ही छोटा भीम के साथ उनके भावनात्मक जुड़ाव को और गहरा करना है। ग्रीन गोल्ड एनिमेशन के संस्थापक और सीईओ राजीव चिलका ने कहा, ÷छोटा भीम एक टेलीविज़न किरदार से आगे बढ़कर भारत के बच्चों के बचपन का हिस्सा बन चुका है। फैबर-कैसल इंडिया के साथ यह साझेदारी हमारे उस विज़न का विस्तार है, जिसके तहत हम छोटा भीम को सीखने और रचनात्मकता के रोज़मर्रा के पलों का हिस्सा बनाना चाहते हैं। एक वैश्विक स्तर पर सम्मानित ब्रांड के साथ काम करना हमें उद्देश्यपूर्ण लाइसेंसिंग इकोसिस्टम तैयार करने और बच्चों को प्रेरित करने का अवसर देता है। यह सहयोग ग्रीन गोल्ड एनिमेशन के कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स और लाइसेंसिंग पोर्टफोलियो को और मज़बूत करता है। छोटा भीम पहले से ही एनिमेशन, फ़िल्मों, गेमिंग, मर्चेंडाइज़ और लाइव एंटरटेनमेंट जैसे कई प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद है। फैबर-कैसल इंडिया की डायरेक्टर (मार्केटिंग) सोनाली शाह ने कहा, ग्रीन गोल्ड एनिमेशन के साथ यह सहयोग फैबर-कैसल इंडिया के लिए एक नया और रोमांचक अध्याय है। छोटा भीम सिर्फ एक किरदार नहीं, बल्कि देशभर के बच्चों के लिए एक सांस्कृतिक प्रतीक है।